वाराणसी, सोमवार 3 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 4, वर्ष 14, अंक 26, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर : चुप्पी तोड़िए, बोलना जरूरी है



अन्दर : हार्दिक पांड्या के झन्नाटेदार शॉट से हिले केन विलियमसन

# पूर्व सेबी चीफ माधवी पर रपट दर्ज करने का आदेश

## कोर्ट ने एक माह में स्टेटस रिपोर्ट लगाने को कहा

**बढ़ीं मुश्किलें**

**जज ने कहा, नियमों में चूक व मिलीभगत के प्राइमाफेसी सबूत**

**शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में कई हाईप्रोफाइल लोगों के नाम शामिल**

**कई बार संपर्क करने के बावजूद उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई**



**नई दिल्ली।** मुंबई की एक स्पेशल एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट ने पूर्व सेबी चीफ माधवी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी के मामले में एफआआईर दर्ज करने का निर्देश दिया है। बुच के साथ-साथ 5 अन्य लोग भी जांच के दायरे में हैं।

स्पेशल एसीबी कोर्ट के जज शशिकांत एकनाथराव बांगड़ ने पारित आदेश में कहा, नियमों में चूक और मिलीभगत के प्राइम फेसी सबूत हैं, जो एक निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। कोर्ट ने जांच की निगरानी करने का फैसला किया है और 30 दिनों के अंदर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।एक मीडिया रिपोर्टर द्वारा दायर की गई शिकायत में स्टॉक एक्सचेंज पर एक कंपनी की धोखाधड़ीपूर्ण लिस्टिंग के संबंध में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। इसमें दावा किया गया है कि सेबी के अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन करने में सफल नहीं रहे।

बाजार में हेरफेर की सुविधा दी और तय मानदंडों को पूरा न करने वाली कंपनी की लिस्टिंग की इजाजत देकर कॉर्पोरेट धोखाधड़ी को सक्षम बनाया। शिकायतकर्ता ने कहा कि पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से कई बार संपर्क करने के बावजूद, उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इस शिकायत में कई हाईप्रोफाइल लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच, अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय शामिल हैं। इसके अलावा, बीएसई के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल और सीईओ सुंदररामन राममूर्ति को भी प्रतिवादी के तौर पर लिस्टेड किया गया है। बता दें कि कोर्ट की कार्रवाई में किसी भी आरोपी का प्रतिनिधित्व नहीं किया गया।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसलों का हवाला दिया और कहा, आरोपों की गंभीरता, लागू कानूनों और स्थापित कानूनी मिसालों पर विचार करते हुए यह कोर्ट सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत जांच का निर्देश देना सही समझती है।ब्ल कोर्ट के आदेश के अनुसार, जांच की निगरानी कोर्ट के द्वारा की जाएगी और 30 दिन के अंदर स्टेटस रिपोर्ट भी कोर्ट को सौंपी जानी चाहिए। कोर्ट के आदेश पर सेबी ने भी प्रतिक्रिया दी है।

सेबी ने आरोप लगाया कि अधिकारी प्रासंगिक समय पर अपने संबंधित पदों पर नहीं थे और कहा कि कोर्ट ने रेगुलेटरी बॉडी को तथ्यों को रिकॉर्ड पर रखने की इजाजत दिए बिना आवेदन को इजाजत दी थी। सेबी की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि आवेदक को तुच्छ और आदतन मुकदमेबाज के तौर पर जाना जाता है और पिछले आवेदनों को कोर्ट की तरफ से खारिज कर दिया गया था और कुछ मामलों में जुर्माना भी लगाया गया था।

# आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया

**मायावती का ऐक्शन**

**बोलीं-मेरे जिंदा रहने तक कोई नहीं होगा उत्तराधिकारी**

**गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही करेंगे रिश्ता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली बसपा में आज घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है। वहीं आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा।

पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं। मायावती ने कहा कि आनन्द कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि न हो सके। मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनन्द के ससुर भी है, उसे अब पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनके लड़के की शादी में भी देखने के लिए मिला है।

**पार्टी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए**

इसी परिपेक्ष्य में उन्होंने पार्टी के लोगों को यह भी विश्वास दिलाया है कि जब तक मैं जिन्दा रहूंगी तो तब तक मैं अपनी आखिरी सांस तक भी अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का हर सम्भव पूरा-पूरा प्रयास करती रहूंगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान कमियों को दूर करके आगे के पार्टी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बसपा सुप्रीमो ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बावजूद सपा की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि अब इसके लिए सपा किसको जिम्मेदार ठहराएगी क्योंकि पिछले उपचनुाव में पार्टी की हार के लिए सपा ने बसपा को जिम्मेदार ठहराने का मिथ्या प्रचार किया था। जबकि कुल मिलाकर, सपा और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और भाजपा व अन्य जातिवादी पार्टियों को केवल अम्बेडकरवादी नीति व सिद्धांत वाली बसपा ही पराजित कर सकती है, यह बात पूरे देश के सर्वसमाज के लोगों को जरूर समझना चाहिए।

# भाजपा विधायक की गाड़ी से कुचलकर मासूम बच्ची की मौत

**गोंडा।** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के दयारामपुरवा में रविवार को बीजेपी विधायक की एसयूवी से कुचलकर चार वर्षीय करिश्मा की मौत हो गई। इसके बाद चालक गाड़ी छोड़कर वहां से भाग निकला। विधायक के काफिले की गाड़ी उसके परिजन गांव में एक शादी समारोह में लेकर आए थे। वहीं, पानी लेकर वापस लौट रही मासूम बेटी एसयूवी की चपेट में आ गई। पुलिस ने एसयूवी को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है।

पीड़ित राजेश कुमार यादव पत्नी मनीषा, बेटी अंशिका (06) और करिश्मा (04) के साथ रहते हैं। पीड़ित राजेश ने बताया कि रविवार को उनके गांव के रहने वाले पवन कुमार श्रीवास्तव के बेटी की शादी थी। इस दौरान विधायक का भतीजा गोलू साथियों संग दो एसयूवी से उनके गांव पहुंचा था। इसी बीच बेटी करिश्मा हैंडपंप से लेने गई थी।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा, कुल आठ की मौत

**हादसा**

**सेना के सात और एक निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर ने किया रेस्क्यू**



**उत्तराखंड।** चमोली में एवलांच में मृतक संख्या बढ़कर सात पहुंची है। जिन लापता चार मजदूरों की तलाश की जा रही थी, उन चारों के शव मिल गए हैं। कल तक चार मजदूरों की मौत हुई थी, अब मृतक संख्या आठ हो चुकी है।

बद्रीनाथ-माणा में रेस्क्यू अभियान रविवार सुबह शुरू किया गया था। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने जानकारी दी, कि उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में रविवार को तलाशी अभियान के लिए एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर ड्रोन आधारित इंटेलिजेंट बरीड ऑब्जेक्ट डिटेक्शन सिस्टम को एयरलिफ्ट करने के लिए तैयार थे।

रेस्क्यू अभियान में गंभीर रूप से घायल पवन पुत्र महेंद्र सिंह (23) इशापुर, सम्भल, उत्तर प्रदेश को हेली एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया है। जबकि एक व्यक्ति को शनिवार को रेफर कर दिया गया था। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा, मौसम ने हमारा साथ दिया है।

कुल 54 (बीआरओ कर्मचारी) लापता हुए थे, इनमें से 46 को बचा लिया गया था और आठ के शव बरामद कर लिए गए।

**मुख्यमंत्री ने बचाव कार्य का लिया जायजा**

इससे पहले आज (रविवार को) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चमोली के माना में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) कर्मियों को बचाने के लिए लगातार दूसरे दिन चल रहे बचाव अभियान की समीक्षा करने के लिए आईटी पार्क, देहरादून में आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचे। इससे पहले शनिवार को उत्तराखंड सरकार ने 28 फरवरी को जोशीमठ के माणा गेट स्थित बीआरओ कैंप के पास हुए हिमस्खलन पर विस्तृत रिपोर्ट जारी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में बचाव और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। हालात पर अपडेट देते हुए चमोली के जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी ने कहा, कल डॉक्टरों ने चार मौतों की पुष्टि की है।

# भाजपा की अध्यक्ष दक्षिण की कोई महिला होगी?

**संभावना**

**दक्षिण भारत की दो-तीन महिलाओं का चयन संभव**

**ऐलान 15 मार्च के बाद होने की संभावना**



**हैदराबाद।** भाजपा को राष्ट्रीय मध्य मार्च तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने की संभावना है। फिलहाल जेपी नड्डा के कंधों पर ये भार है। अगर, सबकुछ सही रहा है तो भारतीय जनता पार्टी को पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकती है। दग्गुबाती पुरंदेश्वरी और वनथी श्रीनिवासन रेस में हैं।

सूत्रों की मानें तो इसी महीने ही भाजपा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। बताया जा रहा है कि भाजपा 13 से ज्यादा राज्यों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने के बाद 15 या 16 मार्च के मध्य तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी पर फैसला आंतरिक सहमति बनाकर किया जाएगा।

अनुमान लगाया जा रहा है कि पार्टी इस शीर्ष पद पर किसी महिला को नियुक्त कर सकती है, जो संभवतः दक्षिण भारत से होगी, ताकि दक्षिणी राज्यों के लोगों को एक मजबूत संगठनात्मक संदेश भेजा जा सके। अगर दक्षिण से किसी महिला को इस पद के लिए चुना जाता है, तो इस रेस में आंध्र प्रदेश भाजपा प्रमुख दग्गुबाती पुरंदेश्वरी या भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन सबसे आगे नजर आ रही हैं।

सूत्र की माने तो दग्गुबाती पुरंदेश्वरी की नाम सबसे आगे चल रहे उम्मीदवारों में से एक हैं. क्षेत्रीय प्रभाव और राष्ट्रीय एकता को संतुलित करने के लिए पार्टी द्वारा इनमें से किसी एक उम्मीदवार का चयन किया जा सकता है। लगभग 66 वर्षीय पुरंदेश्वरी, कांग्रेस छोड़ने के बाद 2014 में भाजपा में शामिल हुईं, जो संगठनात्मक मामलों में अपने महत्वपूर्ण अनुभव के साथ आई हैं।

वर्तमान में आंध्र प्रदेश में भाजपा प्रमुख के रूप में कार्यरत, उन्हें एक अत्यधिक स्पष्ट महिला नेता के रूप में माना जाता है। अपनी शानदार व्यक्तित्व, कला और पांच भाषाओं में धारा प्रवाह ज्ञान और दक्षिण की सुषमा स्वराज के रूप में जानी जाती हैं।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन कोयंबटूर से विधायक हैं, भी रेस में आगे हैं। वह पार्टी के प्रमुख, रणनीतिकार और गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कार्यक्रमों में भाग लिया था। एक भाजपा नेता ने टिप्पणी की, उन्हें अपने मोर्चे के माध्यम से कई सफल आउटरीच कार्यक्रम चलाने का श्रेय दिया जाता है।

# केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़खानी पर बवाल

**ये हिमाकत**

**पुलिस बोली- पॉक्सो के तहत केस दर्ज**

**फडणवीस बोले-एक दल के नेताओं का कृत्य**

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से की बेटी के साथ महाराष्ट्र के जलगांव में छेड़खानी का मामला सामने आया है। सीएम फडणवीस ने भी इस हाईप्रोफाइल मामले का संज्ञान लिया है। राज्य की पुलिस तत्परता से कार्रवाई कर रही है। जलगांव में पुलिस ने पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया है। फडणवीस के मुताबिक यह एक राजनीतिक दल के पदाधिकारियों की करतूत है। ये घटना पिछले माह की 26 तारीख का बताया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से ने जलगांव में उनकी बेटी को परेशान किए जाने का आरोप लगाया है। जलगांव पुलिस ने इस संबंध में पॉक्सो कानून के तहत छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज की है। इस मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी सख्ती दिखाई है। उन्होंने कहा है कि इस शर्मनाक करतूत में एक पार्टी के पदाधिकारी संलिप्त हैं। फडणवीस ने आश्वस्त किया है कि पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

सीएम फडणवीस ने रायगढ़ में कहा, एक पार्टी के कुछ पदाधिकारी हैं, जिन्होंने ऐसा काम किया है। यह घटिया हरकत है। इस तहत का उत्पीड़न अस्वीकार्य है।' मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा, महिला उत्पीड़न के इन दोषियों को माफ नहीं किया जा सकता। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जब उन्होंने यह टिप्पणी की तो सीएम फडणवीस के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे।

जलगांव के मुक्ताईनगर में पुलिस अधिकारी- एसडीपीओ कृष्णगत पिंगले ने कहा, '28 फरवरी को मुक्ताईनगर तालुका के कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी शहर में रहने वाले अनिकेत घुई और उसके छह दोस्त भी इस यात्रा में शामिल थे। यात्रा के दौरान अनिकेत और उसके दोस्तों ने तीन-चार लड़कियों का पीछा कर उनके साथ छेड़खानी की।'

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन**

पिंगले ने पुलिस की कार्रवाई के बारे में बताया कि पीड़िता नाबालिग है। इसलिए पुलिस ने छेड़छाड़ करने के आरोप में पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पॉक्सो के अलावा आईटी एक्ट की धाराओं के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया है। केंद्रीय मंत्री रक्षा खड़से ने बताया है कि घटना 26 फरवरी के दिन महाशिवरात्रि के मौके पर संत मुक्ताई यात्रा के दौरान घटी। रविवार को केंद्रीय युवा मामलों की राज्य मंत्री खड़से ने बताया कि उन्होंने महाराष्ट्र पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। खड़से ने कहा, महाशिवरात्रि पर उनके इलाके में संत मुक्ताई यात्रा निकलती है। दो दिन पहले उनकी बेटी यात्रा में शामिल होने गई। वहां कुछ युवकों ने उसे परेशान किया, जिनके खिलाफ जलगांव पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है।

## राम दरबार की मूर्तियों पर ट्रस्ट ने लगाई मुहर

**अयोध्या।** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना रामनवमी के पहले हो सकती है। जयपुर में बन रहीं राम दरबार की मूर्तियां तैयार हो चुकी हैं। मार्च के दूसरे सप्ताह में मूर्तियों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। राम दरबार की मूर्तियों पर राम मंदिर ट्रस्ट ने मुहर लगा दी है। 26 फरवरी को जयपुर गई ट्रस्ट की टीम ने मूर्ति निर्माण कार्य देखा। जयपुर में 15 मंदिरों की मूर्तियां बन रही हैं। राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर के अलावा 15 अन्य मंदिर भी बन रहे हैं। इन मंदिरों में स्थापित होने वाली मूर्तियों का निर्माण जयपुर में मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय की टीम कर रही है। विगत दिनों राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा ने जयपुर जाकर मूर्ति निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

# सौराष्ट्र में प्रथम ज्योतिर्लिंग का पीएम ने किया दर्शन

**पूजा-अर्चना**

**गृहराज्य में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे**

**राजकोट।** गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौराष्ट्र में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग-सोमनाथ महादेव के दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री इससे पहले गुजरात के कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने महादेव के शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक भी किया।

पीएम मोदी सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के संबंध में जारी सूचना के मुताबिक वे गिर जिले में सासन गिर नेशनल पार्क भी जाएंगे और जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

**पीएम मोदी गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी पर भी जाएंगे**

सोमनाथ महादेव के दर्शन से पहले प्रधानमंत्री ने रविवार को रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा भी किया। सोमवार को प्रधानमंत्री गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लेकर अपने दिन की शुरूआत करेंगे। जंगल सफारी से लौटने के बाद पीएम मोदी वन्य जीवों के मुद्दे पर अहम बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। प्रधानमंत्री नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# एक्सप्रेस-वे के किनारे नहीं बिक सकेगी शराब : योगी

**आदेश**

**सीएम ने अफसरों को दिए निर्देश**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे के किनारे स्थित दुकानों में शराब बिक्री रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओवर स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइव, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, जंपिंग रेड लाइट एवं मोबाइल फोन का उपयोग सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारक हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि शराब की दुकानों के साइनेज बहुत बड़े होते हैं, इन्हें छोटा किया जाए। बिना परमिट की बसें सड़कों न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलेडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। सीएम योगी ने कहा कि ट्रासंपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं, जो कि अत्यंत दुखद है। इसे हर हाल में न्यूनतम करना होगा।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। साथ ही प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए।

**सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों- हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई है। प्रदेश में कुल हुई दुर्घटना मृत्यु में 42 प्रतिशत इन जनपदों से है। उन्होंने इसको नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो।

**एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ करें अस्पताल की व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे पर क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाएं। प्रदेश में एनएचआई की 93 सड़कें हैं, इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगें, बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाएं। सीएम योगी ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि सड़क पर करते समय भी बहुत सी दुर्घटनाएं हो जाती हैं, इसके दृष्टिगत एनएचआई की बहुत सी सड़कों पर फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है, स्थानों को चिन्हित कर उनका भी निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित साइनेज अवश्य लगाएं। सीएम योगी ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में यह देखने को मिलता है नाबालिक बच्चे ई रिक्शा चला रहे हैं। इस पर प्रभावी अंकुश लगाएं। साथ ही सभी ई रिक्शा ड्राइवर का वैरिफिकेशन अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि आरटीओ ऑफिस को बिचौलियों से पूर्णतः मुक्त रखें, इसके लिए समय-समय पर रैंडम चेकिंग अभियान चलाएं। सीएम योगी ने कहा कि सड़क जाम एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए प्रदेश में प्रयाप्त मैनपॉवर उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर सिविल पुलिस, पीआरडी और होमगार्ड के जवानों को ट्रेनिंग देकर ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाएं।

# अनाधिकृत रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों का विरोध

**आक्रोश**

### बरेका प्रशासन की ओर से सुरक्षा के लिहाज से चहारदीवारी बंद करने पर लामबंद हुए ग्रमीण

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के उत्तरी ककरमत्ता क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से बरेका प्रशासन की ओर से चहारदीवारी बंद किये जाने का रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया।

उत्तरी ककरमत्ता की ओर से बरेका (बनारस रेल कारखाना) की तरफ खुलने वाले रास्ते को बंद किए जाने को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। महिलाओं को आगे करके कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया तो आरपीएफ सहित प्रशासन के लोगों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वो नहीं इसके चलते क्षेत्र में तनाव दिखा। धक्का मुक्की के बीच कई महिलाएं, पुरूषों ने चोटिल होने का आरोप भी लगाया। उधर, सरकारी काम में बाधा डालने समेत अन्य आरोप में आरपीएफ ने एक नामजद समेत 45-50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

आरपीएफ ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में भी ले लिया है। दरअसल, सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए बरेका प्रशासन ने शनिवार को उतरी ककरमत्ता का वो रास्ता जो बरेका में जाता है, उसे ग्रामीणों के लिए बंद कर दिया। प्रवेश मार्ग पर बुलडोजर की मदद से लगभग 15 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया। गड्ढा खोदने से ग्रामीण बरेका परिसर में नहीं जा सकते थे। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया लेकिन आरपीएफ की मौजूदगी के चलते उनकी एक नहीं चली।







## संक्षेप

### गांजा तस्करों पर गैंगस्टरका मुकदमा

**वाराणसी।** रामनगर पुलिस ने गांजा तस्करी के अंतरप्रांतीय तस्करों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह की तहरीर पर कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक बिहार के रोहतास के करगहर थाने के रेहारी निवासी धमेंद्र शाह गैंग का लीडर है। जबकि रोहतास के ही काराकाट के रामपुर गच्छई निवासी उमेश सिंह गैंग का सक्रिय सदस्य है। बीते जनवरी में गाजीपुर की एएनटीएफ की टीम ने रामनगर क्षेत्र से दोनों को पकड़ा था, जिसमें रामनगर पुलिस भी शामिल थी। आरोपियों के पास से 32 किलो गांजा बरामद हुआ था।

### कुएं में मिला शव, गांव में फोर्स तैनात

**वाराणसी।** अमिनी गांव (मिर्जामुराद) में मुकेश प्रजापति के 15 वर्षीय पुत्र शनि की मौत के मामले में परिजनों ने उसके तीन दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दी गई है। उधर, पोस्टमार्टम के बाद मिजार्मुराद पुलिस ने परिजनों को शनिवार देर रात शव सौंपा। कछवां (मिजार्पुर) थाना क्षेत्र के बरैनी घाट पर शनि का दाह-संस्कार किया गया। पिता ने इकलौते पुत्र को मुखाग्नि दी। मुकेश प्रजापति ने बताया कि 27 फरवरी से बेटा लापता था। इस दौरान उसके तीन दोस्त घर आये थे। बेटे का प्रवेश पत्र मांगकर ले गये थे। परिजनों के आरोप के क्रम में मिजार्मुराद पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट सोमवार को आएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि 27 फरवरी से लापता शनि का शव गांव में ही एक कुएं में शनिवार को मिला था।

### सात मार्च से 14 मार्च तक रहेगा होलाष्टक

**वाराणसी।** धार्मिक मान्यता के अनुसार होली से 8 दिन पहले का समय होलाष्टक कहलाता है। पं. विमल जैन के मुताबिक इस बार होलाष्टक 7 मार्च शुक्रवार से 14 मार्च शुक्रवार तक रहेगा। इस बार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 6 मार्च को दिन में 10.52 से 7 मार्च को 9.19 मिनट तक रहेगी। होलाष्टक शब्द होली और अष्टक शब्दों से मिल कर बना है जिसका अर्थ होता है होली के 8 दिन। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि तक होलाष्टक रहता है। अष्टमी तिथि से शुरू होने के कारण इसे होलाष्टक कहते हैं।

# महाकुम्भ के बाद लौटने लगे सुरक्षा बल




**सन्नाटा**

### कैंट स्टेशन पर आरपीएफ सहित अन्य सुरक्षा बलों की हुई रवानगी

**वाराणसी।** महाकुम्भ में यात्रियों की सुरक्षा के लिए बाहर से आये आरपीएफ सहित अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती कैंट, बनारस, वाराणसी सिटी, काशी, शिवपुर और लोहता रेलवे स्टेशनों पर की गयी थी जो अब समापन के बाद रवानगी शुरू हो गयी।

45 दिनों तक वाराणसी के इन सभी स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ के बाद अब इन सभी स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं टिकट काउंटर पर लगने वली लाइन भी पूरी तरह से कम दिखी। रविवार की रात्रि में बीते कई दिनों की अपेक्षा भीड़ कम दिखी। रात बिहार, गोरखपुर और अयोध्या की ओर जाने वाली ट्रेनों के समय भीड़ बढ़ गई। भीड़ का दबाव कम होने से इन स्टेशनों पर तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) और पीएसी के जवानों तथा होमगार्डों की रवानगी भी शुरू हो गई।वहीं, उत्तर रेलवे के विभिन्न डिवीजनों से आए दर्जन भर खाली रैकों (ईम्प्टी कोचिंग रैक या ईसीआर) को रवाना किया गया। कैंट और बनारस स्टेशनों पर बने आठ होल्डिंग एरिया में दिन में तीर्थयात्रियों की भीड़ कम रही लेकिन शाम होने के बाद संख्या बढ़ गई। उधर, परिवहन निगम (वाराणसी रीजन) के आठ डिपो में आईं पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों की बसें अपने मूल डिपो में भेजी गईं। वहीं, उत्तर रेलवे के विभिन्न डिवीजनों से आए दर्जन भर खाली रैकों (ईम्प्टी कोचिंग रैक या ईसीआर) को रवाना किया गया। कैंट और बनारस स्टेशनों पर बने आठ होल्डिंग एरिया में दिन में तीर्थयात्रियों की भीड़ कम रही लेकिन शाम होने के बाद संख्या बढ़ गई। उधर, परिवहन निगम (वाराणसी रीजन) के आठ डिपो में आईं पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों की बसें अपने मूल डिपो में भेजी गईं।

### जमीन विवाद में महिला घायल

**लोहता।** स्थानीय बाजार में रविवार को तीन दबंगों ने जमीन सम्बन्धी विवाद में राजकुमारी देवी 45 की लाठी डण्डे से पिटाई कर दी। राजकुमारी को सर और हाथ में चोट आई है। घायल महिला का कहना है कि लोहता के दिलीप सिंह एवं उनका पुत्र अभिषेक सिंह और दिलीप का साला हमारी पुष्तैनी जमीन को अपना बताकर कब्जा कर रहे थे।विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिए। थाने में तीनों आरोपी के खिलाफ राजकुमारी के पति पप्पू ने तहरीर दे दिया है।

### गंगा में उतराया मिला अधेड़ का शव

**रामनगर।** रामनगर थानांतर्गत डोमरी घाट पर रविवार दोपहर लगभग एक 50 वर्षीय अधेड़ का गंगा में शव उतराया देख नागरिकों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और उसके जामा तलाशी में पुलिस को उसके पास से ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके पुलिस ने शोशल मिडिया के माध्यम से भी उसके शिनाख्त की काफी कोशिश की लेकिन देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी उसके शरीर पर चेकदार शर्ट और काले रंग का जैकेट पहने हुए है शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रीम कारवाई में जुट गई।

# लोगों की जमा पूंजी लेकर फाइनेंस कंपनी फरार

**ठगी**

### पीड़ित महिलाओं ने थाने में फाइनेंस कम्पनी के खिलाफ दी तहरीर




**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाजार में खुले एक फाइनेंस कंपनी द्वारा धन दोगुना करने का हवाला देकर दर्जनों लोगों के रुपये लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। जिसमे रविवार को थाने पहुची दर्जनों पीड़ित महिला व पुरुषों ने कम्पनी के खिलाफ तहरीर दी।

पिंडरा निवासी राजकुमारी व संजय कुमार के नेतृत्व में पहुचे 30 से अधिक महिला व पुरुषों ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि कम्पनी के मैनेजर व उसके कर्मचारियों ने ग्रामीणों को लोभ लुभावने बचत व परिपक्त्ता का हवाला देकर उनसे रुपये जमा करवाये। जब परिपक्त्ता पूरी हुई तो सिस्टम अपग्रेड का हवाला देकर टरकाने लगे। लेकिन दो महीने पूर्व ही उक्त कम्पनी के कर्मचारी रातो रात अपनी दुकान बंद कर फरार हो गए। ग्रामीणों महिलाओं को बहकाने के लिए कम्पनी के स्थानीय कर्मचारी अपनी पत्नियों को भी फील्ड में उतार दिया था और वह लोग कृषि मंत्रालय में कम्पनी के रजिस्टर्ड होने का प्रमाण देकर करोड़ो रुपये जमा करवाया जब देने की बारी आई तो भाग खड़े हुए। यही नही पीड़ित महिलाओं ने बताया कि इसके पूर्व 26 फरवरी को फूलपुर पुलिस व एक मार्च को तहसील दिवस पर शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर रविवार को थाने पहुच इंस्पेक्टर से गुहार लगाई। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने न्याय दिलाने का आश्वासन देकर लोगों को वापस भेजा। वही पीड़ित राजकुमारी के मुताबिक उक्त फाइनेंस कंपनी द्वारा सैकड़ो लोगों से करोड़ो रुपए लेकर फरार हो चुकी है। कोई बेटी के शादी तो कोई घर बनवाने के लिए धन दोगुना करने के लिए जमा किया था।



होलिका लगाने का काम भी काशी में शुरू हो गया

# ग्रामीणों को मिले रास्ते से खुशी

**सेवापुरी।** आदर्श मॉडल ब्लॉक सेवापुरी के आदर्श रूप में विकसित हो रहे ग्राम पंचायत जगापट्टी में स्थित प्राथमिक विद्यालय जगापट्टी के प्रांगण से बीचो-बीच रास्ता होने से जहां बच्चे असुरक्षित थे वहीं आम रास्ता होने से लोगों को परेशानी सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित, प्रधान संघ के संरक्षक , ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने विद्यालय के बीचो-बीच का रास्ता बंद कर एक किनारे से रास्ता देने का काम किया। ग्राम प्रधान के इस पहल की ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की है।

ग्राम प्रधान ने बताया कि विद्यालय परिसर के बीचो-बीच रास्ता होने से बच्चे और विद्यालय असुरक्षित था, जिनको रास्ता गया था वह भी असुरक्षित थे। इन सब चीजों को देखते हुए ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ बैठकर बातचीत के द्वारा मामले का निस्तारण करते हुए एक किनारे से रास्ता देने का काम किया।ग्राम पंचायत में अब तक कई वर्षों से चले आ रहे विवाद को ₹जड़ से मिटाने के माहिर कहे जाने वाले ग्राम प्रधान₹ ने अब तक ग्राम पंचायत में 95 प्रतिशत विवाद को आपसी बातचीत के दौरान दूर कर लोगों का दिल जीतते हुए सुगम रास्ता देने का काम किया।

इस बाबत ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने कहा कि विद्यालय प्रांगण के बीचों-बीच से गुजरने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है और इसके बजाय एक अलग से रास्ता बनाया गया है। इस फैसले से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है।विद्यालय प्रांगण में रास्ता बंद करने के फैसले का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे पहले, रास्ता खुला होने के कारण बच्चों को खतरा था साथ ही विद्यालय असुरक्षित था। ग्रामीणों ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत है और इससे विद्यालय प्रांगण में शांति और सुरक्षा का माहौल बनेगा।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमन देवी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और हमें प्रधान जी के इस फैसले से बहुत उम्मीदें जगी है। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस फैसले से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है और उन्होंने ग्राम प्रधान जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया से सम्बद्ध हीरानन्द महाविद्यालय, नरायणपुर, रसूलपुर, रसड़ा-बलिया में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में गृहविज्ञान-4, राजनीतिशास्त्र-2 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी/उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक व अर्ह अभ्यर्थी आधार कार्ड के साथ अपना फोटो लगा आवेदन पत्र सम्पूर्ण शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष/पंजीकरण डाक द्वारा दी जायेगी।

**प्रबन्धक**

मो0-9454270101, 7392049541

# बनारस गिरी-सेलिब्रेटिंग स्ट्रीटस-3.0 का भव्य आयोजन



**आयोजन**

### छावनी क्षेत्र में कला, खेल और संस्कृति का अद्भुत संगम

**वाराणसी।** छावनी परिषद और वाराणसी विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ₹बनारस गिरी-सेलिब्रेटिंग स्ट्रीटस-3.0 का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 6:00 बजे से 10:30 बजे तक नेहरू पार्क और नेहरू पार्क सर्किल क्षेत्र में आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरूआत छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री सत्यम मोहन के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने जुम्बा, योग और पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन में भी भाग लिया।

## रंगों और रचनात्मकता से सजीं गलियां

कार्यक्रम में शिखा शर्मा व उनकी टीम द्वारा 2 किलोमीटर लंबी स्ट्रीट रंगोली बनाई गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। इसके अलावा, प्रसिद्ध मूर्तिकार श्री बद्री प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर सबका ध्यान आकर्षित किया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों के लिए कई प्रतियोगिताएँ और गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिसमें तीरंदाजी, स्केटिंग, पिकल बॉल, फिटनेस ट्रेजर हंट, महिला कराटे प्रदर्शन। कला एवं शिल्प के क्षेत्र मे मिट्टी से मूर्ति निर्माण, पोस्टर प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग के साथ संगीत एवं नृत्यझ्र दुआरी कला का लाइव प्रदर्शन, शहनाई वादन, म्यूजिकगिरी की प्रस्तुति को भी लोगों ने सराहा। स्वास्थ्य एवं कल्याणझ्र मन का कोना मानसिक स्वास्थ्य गतिविधि और मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप। इस भव्य आयोजन में ब्रिगेडियर अनीर्बान दत्ता (अध्यक्ष, छावनी परिषद), एडीजी पियूष मोर्डिया, वीसी पुलकित गर्ग, डीसीपी प्रमोद कुमार, नामित सदस्य राजकुमार दास समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं का भी मिला लाभ

छावनी परिषद चिकित्सालय टीम द्वारा आयोजित फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और विशेषज्ञों से परामर्श लिया।

## प्रतिभागियों को मिला सम्मान

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री सत्यम मोहन ने इस शानदार आयोजन की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# फास्ट टैग लगाने के नाम पर हो रही लूट

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कैथी स्थित टोल प्लाजा के समीप रविवार को फास्ट टैग लगाने के एवज मे वाहन स्वामीयों से लूट का मामला प्रकाश मे आया है। जानकारी के अनुसार बगहाँ चुनार निवासी रिटायर्ड हिंडालको कर्मी दिनेश उपाध्याय रविवार को वाराणसी से गाजीपुर की तरफ अपने अल्टो कार से किसी काम से जा रहे थे।उन्होंने अपने कार मे फास्ट टैग न लगने की वजह से अपने कार मे फास्ट टैग लगाने के लिए टोल प्लाजा पर फास्ट टैग कर्मी से राजेश यादव से 800 रुपए का रिचार्ज करवाया जिसके एवज मे फास्ट टैग मे केवल ?200 का बैलेंस मिला । इसकी जानकारी जब भुक्त भोगी दिनेश उपाध्याय ने फास्ट टैग लगाने वाले राजेश से की तो वह कहा सुनी कर झगड़े करने लगा। जब बात बिगड़ने लगा तो भुक्त भोगी ने डायल 112 को जानकारी दी मौके पर पहुंचे डायल 112 के पुलिसकर्मी ने किसी तरीके से मामले को समझा बुझा कर समाप्त करवाया। वही फास्ट टैग में इस तरह के लूट पर भुक्तभोगी दिनेश उपाध्याय काफी नाराज दिखे।

# बीएचयू में बरेका मंडप बना आकर्षण का केंद्र

**टेकनेक्स 2025**

### लोको मॉडल्स और तकनीकी नवाचारों ने छात्रों और शोधकर्ताओं को किया आकर्षित

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (आईआईटी बी.एच.यू.) में आयोजित 86वें टेक फेस्ट ₹टेकनेक्स 2025₹ में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का मंडप इस वर्ष भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। टेकनेक्स 2025 का आयोजन 28 फरवरी से दो मार्च तक स्वतंत्रता भवन, बी.एच.यू. में किया गया, जिसमें देशभर के तकनीकी संस्थानों, विशेष रूप से आईआईटीज के छात्र-छात्राओं ने अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया।

महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने स्वयं बरेका मंडप का भ्रमण कर वहाँ प्रदर्शित लोकोमोटिव मॉडलों, इंफोग्राफिक्स और तकनीकी नवाचारों को देखा तथा उनकी सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बरेका का योगदान न केवल भारतीय रेलवे बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सराहनीय है।




टेकनेक्स 2025 में बरेका मंडप को आधुनिक तकनीकों और नवाचारों से सुसज्जित किया गया था। यहाँ प्रदर्शित लोको रनिंग और स्टैटिक मॉडल्स छात्रों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने। जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार एवं बरेका प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के तकनीकी विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों को रेल इंजन निर्माण, तकनीकी पहलुओं और नवाचारों के बारे में गहन जानकारी दी गई। हॉट प्लेट तकनीक,वॉयस और वीडियो कैप्चरिंग सुविधाः जो पायलट को अधिक दक्षता प्रदान करती है।बायो-टॉयलेट सिस्टम ,स्पीड, ब्रेक सिस्टम और हाई-स्पीड रेल संचालन की विस्तृत तकनीकी में छात्रों की विशेष रुचि रही। जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बरेका द्वारा निर्मित 99% से अधिक स्वदेशी उपकरणों से बने रेल इंजन न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। वर्तमान में बांग्लादेश, म्यांमार, मलेशिया, श्रीलंका, अंगोला, सेनेगल, माली, तंजानिया, सूडान, वियतनाम जैसे कई देशों में बरेका निर्मित लोकोमोटिव सफलतापूर्वक परिचालित हो रहे हैं। इन इंजनों की बढ़ती मांग वैश्विक रेलवे क्षेत्र में बरेका की उत्कृष्टता को दशार्ती है। बी.एच.यू. टेकनेक्स प्रदर्शनी में बरेका का आकर्षक मंडप न केवल छात्रों बल्कि शोधकताओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बना रहा। मंडप में बरेका में निर्मित किये जा रहे लोको के विभिन्न तकनीकी पहलुओं को चित्रों, ट्रांसलाइट्स, मॉडलों और डिजिटल डिस्प्ले के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा0पं0 किचार वि0ख0 चतरा-सोनभद्र**

पत्रांक मेमो/नि0सू0/2024-25 दिनांक 01.03.2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत किचार में वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मनरेगा, बी0आर0जी0एफ0, चतुर्थ राज्यवित्त, 14वां वित्त योजना पेयजल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण इत्यादि के अन्तर्गत सामग्री मोरंग, भस्सी, सीमेन्ट, ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट, सरिया, बोल्डर, स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, बालू, लोहे का दरवाजा, रंगाई-पोताई इत्यादि सामग्री की आपूर्ति की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत किचार के ग्राम सचिवालय से दिनांक 03.03.2025 से 06.03.2025 तक फार्म 500/- रुपये जमा कर प्राप्त करें। दिनांक 06.03.2025 को दोपह 02:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 06.03.2025 को सायं 04:30 तक निविदा खोला जायेगा। अन्य शर्तें फार्म के साथ संलग्न है।

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत किचार
विकास खण्ड चतरा, सोनभद्र

वाराणसी भारत

वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
87900/inc.GST


चांदी (99.50)
95700/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा



# विद्युतकर्मी आज करेंगे विरोध प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**प्रस्तावित निजीकरण**

## कंसल्टेंट की बिड खोले जाने का होगा व्यापक विरोध

## बिजली निजीकरण की प्रक्रिया गैरकानूनी : संघर्ष समिति

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के प्रस्तावित निजीकरण की प्रक्रिया को गैरकानूनी बताते हुए तत्काल प्रभाव से प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि निजीकरण का प्रस्ताव तैयार करने में नियमों को दरकिनार किया गया है। ट्रांजेक्शन एडवाइजर की तकनीकी बीड खोलने की कोशिश की गई तो तीन मार्च को लखनऊ स्थित शक्ति भवन सहित सभी जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों शैलेंदु दुबे, एपी शुक्ला, अंकुर पांडेय एवं विद्युत मजदूर संगठन के पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय ने कहा कि ट्रांजेक्शन एडवाइजर के लिए सामने आने वाली कंपनियां कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हितों को टकराव) के दायरे में आती है। अभी तक दो कंपनियां ही सामने आई है। जब तक तीन कंपनियां नहीं होंगी, तब तक बिडिंग प्रक्रिया को संवैधानिक नहीं माना जा सकता है। इसलिए इसे निरस्त किया जाए।

शैलेंद्र दुबे ने बताया कि तीन मार्च होने वाले विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने अवकाश के बावजूद रविवार को कर्मचारियों से व्यापक



जनसंपर्क किया और अपनी एकता का परिचय देने का आह्वान किया।

संघर्ष समिति ने पुनः मांग की है कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का फैसला निरस्त किया जाए। पांच अप्रैल 2018 तथा छह अक्टूबर 2020 के समझौतों का सम्मान करते हुए कर्मचारियों को विश्वास में लेकर विद्युत वितरण की मौजूदा व्यवस्था में ही सुधार कार्यक्रम चलाया जाए।

संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का निर्णय वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के साथ हुए उक्त समझौतों का उल्लंघन तो है ही, साथ ही निजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह गैर कानूनी है। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांजेक्शन एडवाइजन की नियुक्ति की खातिर न्यूनतम तीन कंपनियों की वीड न आने के कारण ही सारी प्रक्रिया रद्द कर देनी चाहिए। कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के चलते यह प्रक्रिया कतई आगे नहीं बढ़ाई जानी चाहिए।

**परिसंपत्तियों के फेयर वैल्यू का नहीं हुआ मूल्यांकन**

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 131 के अनुसार सरकारी क्षेत्र की बिजली कंपनी को किसी निजी कंपनी को देने के पहले उसका रेवेन्यू पोटेंशियल और उसकी परिसंपत्तियों की फेयर वैल्यू का मूल्यांकन किया जाना जरूरी है। 42 जनपदों की लाखों करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है और इन दोनों विद्युत वितरण निगमों के रेवेन्यू पोटेंशियल का भी आंकलन नहीं किया गया है। ऐसे में निजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह से संदेह के घेरे में तो है ही, साथ ही गैर कानूनी भी है।

# ट्रांजेक्शन एडवाइजर की नियुक्ति के लिए सिर्फ दो कंपनियों ने ही डाली निविदा

**वाराणसी।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की खातिर ट्रांजेक्शन एडवाइजर (टीए) की नियुक्ति के लिए निर्धारित समय तक महज दो कंपनियों ने ही निविदा भरी है। ऐसे में तकनीकी निविदा को खोलना आसान नहीं होगा। इसमें पेंच फंस गया है। क्योंकि नियमानुसार बिना तीन कंपनी के हिस्सा लिए निविदा खोली ही नहीं जा सकती है।

दरअसल, पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण प्रस्ताव के तहत ट्रांजेक्शन एडवाइजर की नियुक्ति हो रही है। इसके लिए सात कंपनियों ने निविदा में हिस्सा लेने की तैयारी की थी, लेकिन निर्धारित समय यानी बीते शनिवार को महज दो कंपनियों ने ही निविदा भरी है। यहां यह बताना समाचीन होगा कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के मसले पर

**फंस गया पेंच**

## नियमानुसार बिना तीन कंपनी के हिस्सा लिए निविदा नहीं खोली जा सकती

एनर्जी टास्क फोर्स के प्रस्ताव में बदलाव हो चुका है। इसी के तहत ट्रांजेक्शन एडवाइजर की नियुक्ति का फैसला लिया गया। इतना ही नहीं ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्ति मामले में भी कई नियमों में शिथिलता दी गई। फिर भी अभी तक कंपनियां नहीं मिल पा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बीते दिनों ही कनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट (हितों के टकराव) का मुददा उठाया था। उपभोक्ता परिषद ने यह भी खुलासा किया था कि जिन कंपनियों ने निविदा में हिस्सा लेने की तैयारी की है, वे किसी न किसी कंपनी से जुड़ी हुई हैं। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने दावा किया है कि निविदा प्रक्रिया में जिन दो कंपनियों ने हिस्सा लिया है, उसमें एक सऊदी अरब की है। यह कंपनी एक साल के लिए बैन हो चुकी है। ऐसे में यह कंपनी फरवरी 2026 तक निविदा में हिस्सा नहीं ले सकती है। इस कंपनी को किसी भी कीमत पर निविदा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने फाइनेंशियल रिपोर्टिंग काउंसिल हेडक्वार्टर यूके और भारत की नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी में हितों के टकराव के मामले का खुलासा करते हुए एक बार फिर पूरे प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग उठाई है।

# इबादत और अकीदत में गुजरा पहला रोजा

## सब ने मिलकर अपने रब से की दुआ, रहमत का हुआ आगाज

**रोजा इफ्तार**

### इफ्तार के समय चेहरे पर झलकीं खुशियां

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पहली रमजान मुबारक को 1446 हिजरी को इस मुकद्दस महीने का आगाज हो गया है। जिसे रमजान उल मुबारक कहा जाता है। यह वह महीना है जिसे रब का महीना कहा जाता है।

हर बंदा अपने रब का मेहमान होता है और जब रब मेजबान हो उस इबादत का क्या कहना जैसे ही आजान की आवाज कानों में पहुंची। सब ने खजूर और पानी से रोजा इफ्तार की और अपने रब का शुक्र अदा किया।

सैकड़ों मस्जिदों में नमाजी पहले से पहुंचने लगे और अपनी अपनी जगह



पर बैठकर सब्र और तहामुल के साथ अजान का इंतजार करने लगे सामने सैकड़ो नेमते थी लेकिन भूखा प्यासा इंसान अपने रब की इबादत में मसरूफ रहा और अजान होने पर सब ने मिलकर रोजा खोला जमात से नमाज अदा हुई उसके बाद देश में खुशहाली और सब की सेहत और सलामती के लिए दुआ मांगी शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता श्री फरमान हैदर ने बताया कि शहर की 28 अंजुमनों ने 32 स्थान पर इफ्तार के लिए अपने-अपने मस्जिदों में पहुंचे आजाखानों में बारगाहों में और इमामबाड़ों में जमात के साथ नमाज हुई पहला रोजा होने के कारण लोगों को प्यास की शिद्दत का एहसास तो हो रहा था लेकिन रब के इबादत ने उसे खाने पीने की तरफ रुख न करने पर मजबूर किया।

हर इबादत गुजार अपने मालिक की बारगाह में पहुंचा। श्री हैदर ने बताया कि मुस्लिम बहुल्य इलाके में शाम के वक्त इफ्तार की खरीदारी के फल आदि मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भीड़ कतार के रूप में लगी थी पहला रोजा होने के कारण बच्चों में काफी चहल-पहल देखी गई उन्होंने बताया की शहरी के लिए भी लोग वक्त से उठ जाते हैं।

# जरूरत पर आप बेच सकते हैं लाइफ इंश्योरेंस

जनसंदेश न्यूज

**बीमा पॉलिसी**

## पॉलिसी बेचने पर सरेंडर से अधिक पैसे, पर लोन लेना ज्यादा बेहतर

**वाराणसी।** इन दिनों बीमा पॉलिसी किसी थर्ड पार्टी या बैंक को बेचने का चलन बढ़ रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि आर्थिक संकट आने पर लाइफ इंश्योरेंस सरेंडर करना बेहतर है या किसी थर्ड पार्टी को अपनी पॉलिसी बेचना। असल में जीवन बीमा पॉलिसी इंश्योरेंस कंपनी और पॉलिसी होल्डर के बीच एक करार है। इस करार के मुताबिक आप आवश्यकता पड़ने पर अपनी लाइफ इंश्योरेंस को बेच सकते हैं।

बीमा जगत से जुड़े जानकारों की माने तो नॉमिनी का पॉलिसी होल्डर से नजदीकी संबंध या खून का रिश्ता होना जरूरी है। लेकिन ऐसे उदाहरण हैं, जहां कर्ज देने वाले या पॉलिसी खरीदने वाले को नॉमिनी/लाभार्थी के रूप में दर्ज किया जा रहा है। पर ऐसे मामले में हमेशा ध्यान रखें कि जीवन बीमा पॉलिसी आपकी आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी है। जानकारों का कहना है कि मोटे तौर पर सरेंडर वैल्यू की तुलना में पॉलिसी बेचना बेहतर है, क्योंकि हाथ में कुछ ज्यादा पैसे आ सकते हैं। ऐसे में बीमा कंपनी नॉमिनी में ऐसे शख्स का नाम डालने के लिए तैयार हो जाती है, जो पॉलिसी होल्डर का संबंधी नहीं है। इसे असाइनमेंट कहते है। यानी आप और आपके





परिवार का पॉलिसी पर हक नहीं रहेगा। पॉलिसी का खरीदार आगे का प्रीमियम भरेगा और मैच्योरिटी राशि प्राप्त करेगा।

कुछ मामलों में बीमा कंपनियां डेथ क्लेम और अन्य बेनिफिट्स एग्रीमेंट के हिसाब से देती हैं। यह कंपनियों की नियम-शर्तों पर निर्भर करता है। ज्यादातर मामलों में नॉमिनी को पता ही नहीं चलता है कि उसका नाम पॉलिसी से हटा दिया गया है।

जानकारों की माने तो अगर पैसों की जरूरत हो तो एंडोमेंट और यूलिप पॉलिसी होल्डर इंश्योरेंस कंपनी से पॉलिसी की सरेंडर वैल्यू का 80-90 प्रतिशत तक लोन पा सकते हैं। अलग-अलग कंपनियों और पॉलिसियों में यह रेश्यो अलग-अलग हो सकता है। हालांकि लोन का ब्याज चुकाना पड़ता है। इसमें बीमा चलता रहेगा। बोनस, एक्सीडेंटल डेथ, नॉमिनी के राइट्स आदि जैसे सभी राइट्स भी जारी रहते हैं। वैसे, देश में जीवन बीमा पॉलिसी की खरीद चलन में है। कई कंपनियां ऐसा करती हैं। आप ऐसी कंपनियों के नाम पता कर सकते हैं। लेकिन फ्रॉड से बचने के लिए अपनी इंश्योरेंस कंपनी को भरोसे में जरूर लें। जानकारों की माने तो एलआईसी इस तरह की पॉलिसी बिक्री को अनधिकृत मानती थी। कई साल पहले कंपनी इस मसले पर बॉम्बे हाईकोर्ट गई, जहां फैसला इंश्योर पॉलिसी प्लस सर्विसेज (इंडिया) प्रा. लि. के पक्ष में आया। फिर एलआईसी सुप्रीम कोर्ट गई। यहां भी उसकी अपील खारिज हो गई। इस आधार पर किसी को अपनी बीमा पॉलिसी थर्ड पार्टी को बेचने की अनुमति है।

# गौरा के गौना का पारंपरिक लोक उत्सव सात से

**रंगभरी एकादशी**

## काशीवासी महादेव -गौरा के गौना में होगा शामिल

## काशी में होगी होली की शुरूआत

## महंत आवास पर होगी गौरा की हल्दी

**वाराणसी।** फाल्गुन मास के शुक्लपक्ष पक्ष की अमला एकादशी 10 मार्च (रंगभरी एकादशी) पर माता गौरा के गौना उत्सव का क्रम 7 मार्च शुक्रवार से विश्वनाथ मंदिर के महंत टेढीनीम स्थित आवास पर आरंभ हो जाएगा। टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास पर माता गौरा के विग्रह के समक्ष हल्दी तेल का लोकाचार काशीवासियों द्वारा पूर्ण किया जाएगा। संध्याबेला में माता गौरा को हल्दी लगाई जाएगी।

महंत आवास पर बसंत पंचमी से तिलकोत्सव की परंपरा से प्रारंभ लोकउत्सव रंगभरी एकादशी पर गौरा के गौना की पालकी यात्रा के बाद पुर्ण होता है। परंपरानुसार महंत आवास (गौरा सदनिका) में माता गौरा के गौना के लिए उत्सव का माहौल है। रंगभरी पर काशीवासी पालकी पर महादेव-गौरा संग प्रथमेश को विराजमान करा कर गौरा सदनिका से मंदिर तक लेकर जायेगे और काशी मे होली की शुरूआत होगी। 7 मार्च को हल्दी की रस्म के लिए गवनहिरयों की टोली संध्या बेला में महंत आवास पर जमा होगी। एक तरफ मंगल गीतों का गान के बीच गौरा को हल्दी लगाई जाएगी। यह रस्म विश्वनाथ मंदिर के मंहत डा. कुलपति तिवारी के गोलोकवास होने के बाद पहली बार उनकी पत्नी मोहिनी देवी के सानिध्य में वंश परंपरानुसार उनके पुत्र पं. वाचस्पति तिवारी निभायेंगे। मांगलिक गीतों से महंत आवास गुंजायमान होगा। ढोलक की थाप और मंजीरे की खनक के बीच शिव-पार्वती के मंगल दाम्पत्य की कामना के गीत मुखर होंगे। हल्दी के पारंपरिक गीतों में ससुराल की खूबियों का बखान कर शिवांजलि प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं इन्हीं गीतों के जरिये भूतभावन महादेव को दूल्हन का ख्याल रखने की ताकीद भी दी जाएगी। शिवाजंली के संयोजक संजीव रत्न मिश्र ने बताया महंत डॉ कुलपति तिवारी जी के गोलोकवास होने के कारण शिवांजलि के तहत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम संक्षिप्त रहेगें।

शिवांजलि के अध्यक्ष पं.वाचस्पति तिवारी ने बताया गौरा के गौना की तैयारिया शुरू हो गई है। महंत परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती के गौना का कर्मकांड पूर्ण परंपरानुसार पूर्ण किया जाएगा।

# नेत्र परिक्षण व लेंस प्रत्यारोपण से लोग लाभांवित

जनसंदेश न्यूज

**शिविर**

## वाराणसी सहित आसपास के जनपदों से आये 375 से अधिक नेत्र रोगी हुए लाभान्वित

**वाराणसी।** नारायण रेकी सत्संग परिवार, राउंड टेबल इण्डिया, लेडिज सर्किल इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हिन्दू सेवा सदन चिकित्सालय के सहयोग से हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ अभिषेक चन्द्रा रहे। जिन्होंने अपनी चिकित्सकीय सहयोगियों के साथ नेत्र रोगियों को अपनी सेवाएं दी। शुभारम्भ श्रीहनुमान प्रसाद पोद्दार की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद नारायण रेकी सत्संग परिवार की अध्यापिकाओं द्वारा प्रार्थना किया गया। इसके बाद अतिथियों एवं सहयोगियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ अभिषेक चन्द्रा ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि इस पुण्य कार्य का सहभागी बन रहा हूं। कहा कि मोतियाबिंद की ऑपरेशन के साथ जरूरतमंदों के लिए वह नेत्र प्रत्यारोपण का भी ऑपरेशन करेंगे। शिविर के बाद अंध विद्यालय के दिव्यांग बच्चों का भी परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार उनका भी ऑपरेशन कर उन्हें भी इस रंग बिरंगी दुनिया को दिखाने का प्रयास करेंगे।

नारायण रेकी सत्संग परिवार की वाराणसी सेंटर हेड अनीता भालोटिया ने कहा कि सत्संग परिवार का उद्देश्य की सभी लोग प्रमुख रूप में खुशहाली के साथ शांति को प्राप्त कर जीवन को



मंगलमय बनाएं। हिंदू सेवा सदन अस्पताल के प्रबंधन अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि हम जो समाज और जरूरतमंदों को देते हैं वही दस गुना होकर हमें फल के रूप में प्राप्त होता है। राउंड टेबल के अध्यक्ष अनुज पोद्दार ने कहा कि भगवान का हमें आशीर्वाद है कि हम जरूरतमंदों के सहयोग का माध्यम बन रहे हैं। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय के श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि तीनों संस्थानों और हिंदू सेवा सदन अस्पताल का यह सहयोग का कार्य सराहनीय है, जो मिलकर नेत्र रोगियो के चिकित्सा के लिए तन मन धन से तत्पर हैं।

**370 रोगियों ने कराया पंजीकरण**

निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन (लैंस प्रत्यारोपण) एवं नेत्र परीक्षण व चश्मा, दवा वितरण शिविर में 370 नेत्र रोगियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिनमें से 90 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए डेट दी गई। साथ ही 280 नेत्र रोगियो को चश्मा का नंबर चेक कर चश्मा वितरण के लिए डेट दी गई। धन्यवाद ज्ञापन सारिका प्रकाश एवं कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र मोहन साह प्रमुख रूप से लेडीज सर्किल इंडिया की सोनल अग्रवाल, दीपक माहेश्वरी, सुनीता जालान, रेखा धानुका, रानी, अनिता ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

# अब आप यूपीआई से निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

## ईपीएफओ अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराने जा रहा नयी सुविधा

जितेंद्र श्रीवास्तव

**नयी व्यवस्था**

## पेटीएम, गूगलपे जैसे ऐप से सीधे बैंक में पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे

## इस सुविधा के लिए ईपीएफओ कर रहा एनपीसीआई से बातचीत

## पैसा निकालने के लिए ईपीएफ ग्राहकों को करानी होगी केवाईसी

**वाराणसी।** वह दिन दूर नहीं, जब आप अपने पीएफ का पैसा यूपीआई के माध्यम से निकाल सकेंगे। जी हां, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने ग्राहकों को यह नयी सुविधा जल्द उपलब्ध कराने जा रहा है। इस सुविधा के लिए नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से ईपीएफओ प्रबंधन की बातचीत का सिलसिला अंतिम दौर में पहुंच चुका है। विभागीय सूत्रों की माने तो उम्मीद जतायी जा रही है कि अगले वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही के दौरान ईपीएफओ अपने ग्राहक को यह सुनहरा मौका प्रदान करने लगेगा।

दरअसल, वर्तमान में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के ग्राहकों को अपने पीएफ का पैसा निकालने के लिए संबंधित कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसमें काफी समय लगता है और ईपीएफओ के ग्राहकों को तमाम दुश्वारियां झेलनी पड़ती है। इसको देखते हुए ईपीएफओ अपने ग्राहकों को घर बैठे पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा देने की तैयारी शुरू कर दी है। इस सुविधा के चालू हो जाने के बाद ईपीएफओ ग्राहकों को पैसा निकालने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी और उनका कीमती समय भी बचेगा। ईपीएफओ ग्राहक घर बैठे-बैठे पेटीएम, गूगलपे, फोनपे आदि ऐप के मायम से पीएफ की रकम सीधे अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे। यहां यह बताना आवश्यक है कि यूपीआई के जरिए पीएफ का पैसा निकालने के





लिए ग्राहकों को केवाईसी करना करना होगा।

विभागीय सूत्रों की माने तो ईपीएफओ ने पहले ही यूपीआई इंटीग्रेशन के लिए एक खाका तैयार कर लिया है। अगले दो-तीन माह में इस सुविधा को शुरू किया जा सकता है। ईपीएफओ की इस सुविधा से पीएफ की रकम निकालने में कम समय लगेगा। वहीं अगर पैसों की तुरंत जरूरत पड़ती है तो यह काम भी बहुत आसानी से होगा। इस सुविधा के चालू हो जाने पर ईपीएफ ग्राहक को सबसे पहले अपने फोन में पेटीएम, फोनपे, गूगलपे आदि ऐप डाउनलोड करना होगा और अपने बैंक खाते को लिंक करना होगा। अगर आप इनमें से कोई भी ऐप पहले से इस्तेमाल करते हैं तो कोई दूसरी ऐप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं है। इस ऐप को आप खोलेंगे और 'ईपीएफओ विथड्राल' का विकल्प ढूढ़ना होगा। फिर आपको अपना 'यूएएन' नंबर डालना होगा। यहां आपको इस बात का चयन करना होगा कि आपको किस तरह का निकासी चाहिए। आप चाहे तो अपने पीएफ का पूरा पैसा या फिर कुछ पैसा निकाल सकते हैं। कुछ पैसे से मतलब है ईपीएफओ के नियमानुसार मेडिकल इमरजेंसी, होम लोन चुकाने या पढ़ाई के खर्च आदि के लिए। इसके बाद आपको जितना पैसा निकालना होगा, उसे सबमिट करना होगा। तत्पश्चात आपके पंजीकृत मोबाइल फोन नंबर पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी डालकर ट्रांजैक्शन की पुष्टि करना होगा। इसके बाद आपके पीएफ का पैसा तुरंत आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट में आ जाएगा।

**केवाईसी के लिए करना होगा यह काम**

विभागीय सूत्रों की माने तो आपको अपने पीएफ का पैसा निकालने के लिए पीएफ खाते की केवाईसी करना होगा। इसके लिए आपको आधार, पैन और बैंक खाते की जानकारी देनी होगी। आपकी केवाईसी पूरी है या नहीं, इसकी जानकारी आप ऑनलाइन ले सकते हैं। इसके लिए आपको अपने पीएफ खाते को लॉगइन करना होगा। इसके बारे में अधिक जानकारी आप ईपीएफओ की अधिकृत वेबसाइट 'ईपीएफआईएनडीआईए.जीओवी.आईएन'के माध्यम से पा सकते हैं।

# प्रेमचंद की कहानियों का लिया रस

**ली सीख**

## सुनों मैं प्रेमचंद कहानी पाठ 1476 दिवस पूर्ण

**वाराणसी।** जब-जब कहानी की बात उठती है तो प्रेमचन्द का नाम निश्चय ही आदर के साथ लिया जाता है। प्रेमचन्द ने जो भोगा है, जो देखा है उसे निष्कपटता के साथ शब्दों में साकार कर दिया है। प्रेमचन्द ने जीवन के अनुभवों से शिक्षा प्राप्त की और सच्चे अर्थों में यही वास्तविक शिक्षा होती है जो व्यक्ति को परिपक्व बनाती है। उनका सम्पूर्ण साहित्य उनके जीवनगत अनुभवों का निचोड़ ही है। उक्त कथन डा राम सुधार सिंह ने कहा। जिला प्रशासन वाराणसी की प्रेरणा से प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र ट्रस्ट लमही वाराणसी, द्वारा प्रेमचंद स्मारक स्थल लमही में आयोजित सुनों मैं प्रेमचंद कहानी पाठ 1476 दिवस पूर्ण होने पर प्रेमचंद की कहानी डिक्री के रुपये का पाठन वरिष्ठ साहित्यकार बुद्ध देव तिवारी ने किया। सम्मान ट्रस्ट के संरक्षक प्रो. श्रद्धानंद, डाक्टर राम सुधार सिंह व निदेशक राजीव गोंड ने किया। प्रो. श्रद्धानंद ने कहा कि प्रेमचन्द ने कहानियों में मानव जीवन प्रवाह की ही झाँकी



दिखाई है। जो यथार्थवाद की कसौटी पर खरी उतरती हैं। इस अवसर मदन लाल, चंदन पटेल, रामजी सिंह, रोहित गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, इंसान खान, राहुल विश्वकर्मा, राहुल यादव, अंकित सिंह, आदि ने कहानी सुनी। संचालन आयुषी दूबे व सभी का स्वागत मनोज विश्वकर्मा धन्यवाद ज्ञापन प्रो राजेश श्रीवास्तव ने किया।

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय
भारत सरकार द्वारा प्रायोजित
प्रवेश निःशुल्क ग्रामीण विकास संस्थान, गोरखपुर द्वारा आयोजित प्रवेश निःशुल्क
गांधी शिल्प बाजार (जिला)
भारत के विभिन्न प्रांतों के शिल्पियों व बुनकरों के उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्री
03 मार्च से 09 मार्च 2025
स्थान : अर्बन हॉट, मकबूल आलम रोड, चौकाघाट, वाराणसी
प्रायोजक: कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
आयोजक: ग्रामीण विकास संस्थान गोरखपुर

# महिलाएं राष्ट्र के गौरव की आधारशिला: कुलपति





**संबोधन**

### स्व परिवार की भावना, भारतीय संस्कृति का आधारः महेन्द्र कुमार

### संपूर्णानंद में मनाई गई माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशती जयंती

**वाराणसी।** भारतीय संस्कृति के गौरव को बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारे देश की महिलाएं न केवल परिवार और समाज में महत्वपूर्ण योगदान करती हैं, बल्कि वे राष्ट्र के गौरव में भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारतीय इतिहास में कई ऐसी महिलाएं हुई हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, साहस और नेतृत्व क्षमता से देश की सेवा की हैं। इनमें से माता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन और कार्य वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सेवा के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने गरीबों और असहाय लोगों की मदद के लिए कई कार्य किए।

यह विचार संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने रविवार को परिसर स्थित पाणिनी भवन सभागार में माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशती जयंती समारोह अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किया। प्रो शर्मा ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कई विद्यालयों और महाविद्यालयों की स्थापना की और शिक्षा के प्रसार के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए।

समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. महेन्द्र कुमार ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने सांस्कृतिक विकास के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कई मंदिरों और सांस्कृतिक स्थलों की स्थापना की। भारतीय संस्कृति और भारतीयता का प्रयोग स्व परिवार की भावना से कार्य करने में निहित है। यह भावना हमें अपने परिवार, समाज और देश के प्रति जिम्मेदार और समर्पित बनाती है। जब हम स्व परिवार की भावना से कार्य करते हैं, तो हम अपने कार्यों में निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव को शामिल करते हैं। भारतीय संस्कृति में परिवार का महत्व बहुत अधिक है।

विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो रचना दुबे ने कहा कि माता अहिल्याबाई ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उनका जीवन संघर्षपूर्ण था। किसी भी महिला के आगे बढ़ने मे पुरुषों का सहयोग रहता है तभी होता है। वे शिव भक्ति करते हुए संपूर्ण जीवन सादगी के साथ व्यतित किया। मन्दिरों के आक्रमण होने पर यहां बाबा विश्वनाथ जी के मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराया। सती प्रथा के लिए भी लड़ाई लड़ीं। उन्होंने हिंदुओं की रक्षा की। सारस्वत अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. अरविन्द पाठक ने कहा कि माता अहिल्याबाई ने धर्म, संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षा कर स्थापित किया। महिलाओं के खिलाफ प्रचलित कुप्रथाओं को दूर किया। उनका जीवन समाज के प्रत्येक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। संस्कृत विद्या विभाग के आचार्य रविशंकर पांडेय ने कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में अहिल्याबाई होल्कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अहिल्याबाई होल्कर स्मृति सम्मान के लिए चयनित वाराणसी के विभिन्न शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो शैलेश कुमार मिश्र, प्रो हीरक कान्ति चक्रवर्ती, प्रो रमेश प्रसाद, प्रो महेंद्र पांडेय, डा सुरेश उपाध्याय सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### ईंट-भट्ठा मालिकों ने शोषण के खिलाफ उठाई आवाज



**चौबेपुर।** ईंट-भट्ठा मालिकों ने कहा कि सरकारी टैक्स जमा करने के बावजूद भी उन्हें मानसिक प्रताड़ना झेलना पड़ रहा है। रविवार को कादीपुर कलां गांव में ईंट निमार्ता संघ की हुई बैठक में भट्ठा मालिकों ने कहा कि हम लोग जीएसटी, जिला पंचायत टैक्स, खनन टैक्स जमा करते हैं। फिर भी मानसिक शोषण किया जा रहा है। यदि सरकारी कागजों में किसी भी प्रकार की कमी है तो हम लोग बनवाने के लिए तैयार हैं। लेकिन शोषण बंद होना चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो वे आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में अभय सिंह, कैलाश नाथ सिंह, कृष्ण प्रताप यादव, उमेश चन्द्र यादव, अजीत सिंह, सुनील यादव आदि रहे।

### 'सभी लोग जीवन को मंगलमय बनाएं'

**वाराणसी।** नारायण रेकी सत्संग परिवार की वाराणसी सेंटर हेड अनीता भालोटिया ने कहा कि सत्संग परिवार का उद्देश्य है कि सभी लोग खुशहाली के साथ शांति को प्राप्त कर जीवन को मंगलमय बनाएं। जिसके लिए नारायण रेकी सत्संग परिवार द्वारा देश में 60 एवं विदेश में 15 केंद्र चलाए जा रहे हैं। हिंदू सेवा सदन अस्पताल के प्रबंधन अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि हम जो समाज और जरूरतमंदों को देते हैं वही दस गुना होकर हमें फल के रूप में प्राप्त होता है। राउंड टेबल के अध्यक्ष अनुज पोद्दार ने कहा कि भगवान का हमें आशीर्वाद है कि हम जरूरतमंदों के सहयोग का माध्यम बन रहे हैं। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय के श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि तीनों संस्थानों और हिंदू सेवा सदन अस्पताल का यह सहयोग का कार्य सराहनीय है, जो मिलकर नेत्र रोगियो के चिकित्सा के लिए तन मन धन से तत्पर हैं।निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन (लैंस प्रत्यारोपण) एवं नेत्र परीक्षण व चश्मा, दवा वितरण शिविर में 370 नेत्र रोगियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिनमें से 90 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए डेट दी गई। साथ ही 280 नेत्र रोगियों को चश्मा का नंबर चेक कर चश्मा वितरण के लिए डेट दी गई। धन्यवाद ज्ञापन सारिका प्रकाश एवं कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र मोहन साह ( सचिव, हिंदू सेवा सदन अस्पताल) ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से लेडीज सर्किल इंडिया की सोनल अग्रवाल, दीपक माहेश्वरी, सुनीता जालान, रेखा धानुका, रानी, अनिता ज्योति आदि लोग मौजूद रही।

### पुरातन छात्र समिति विश्वविद्यालय को देगी एक लाख

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में रविवार को पुरातन छात्र समिति की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय के विकास एवं नैक में विश्वविद्यालय को



उच्च ग्रेड प्राप्ति के लिए विचार विमर्श किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष प्रो. युगल किशोर मिश्र ने समिति के कोष में एक लाख रुपये देने की घोषणा की तथा प्रो. सदानन्द शुक्ल ने भी ग्यारह हजार रुपए प्रदान किए। प्रो. युगल किशोर मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए जो भी कार्य होंगे पुरातन छात्र समिति इसके लिए विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों से धन एकत्र कर संसाधन जुटाने में पूरा सहयोग करेगी। साथ ही विश्वविद्यालय को नैक द्वारा उच्च ग्रेड प्राप्त हो सके इसके लिए भी विश्वविद्यालय को अपने शैक्षिक एवं प्रशासनिक अनुभवों से सहयोग करेगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने भी वश्वविद्यालय पुरातन छात्र समिति के क्रिया कलापों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ। बैठक के अद्यावधि कार्यो के वृत्त को समिति के कोषाध्यक्ष डा. विजय कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया। संचालन सह कोषाध्यक्ष डा. ज्ञानेन्द्र सापकोटा द्वारा किया गया। बैठक में प्रो. हेतराम कछवाह, प्रो. सदानन्द शुक्ल, प्रो. रामपूजन पाण्डेय, प्रो. उमापति उपाध्याय, प्रो. हर प्रसाद दीक्षित आदि ने विचार व्यक्त किए।



इन दिनों सेमल के पेड़ पर फूल खिलने लगे हैं

### काशी कला कस्तूरी कराएगी राष्ट्रीय ठुमरी स्पर्धा

**वाराणसी।** नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था काशी कला कस्तूरी की ओर से अखिल भारतीय ठुमरी गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। संस्था की अध्यक्ष डॉ.शबनम ने बताया कि तीन और चार अप्रैल को काशी में होने वाली प्रतियोगिता में पंजीकरण आरंभ हो चुका है। पहले दो दिनों में देश के आठ राज्यों के 39 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि प्रतियोगिता के इस संस्करण में सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। दो वर्गों में होने वाली इस प्रतियोगिता में करीब 35 हजार रुपये के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 21 वर्ष से अधिक उम्र के लिए वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। वहीं दूसरे स्थान पर आने वाले को छह हजार और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को तीन हजार रुपये दिये जायेंगे। 11 सौ रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी होंगे। वहीं कनिष्ठ वर्ग में 21 वर्ष से कम उम्र के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें प्रथम पुरस्कार पांच हजार एक सौ, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार, तृतीय पुरस्कार ढाई हजार का होगा। 11 सौ रुपए का सांत्वना पुरस्कार भी दिया जायेगा।

# शिक्षकों ने विभिन्न बिंदुओं पर किया मंथन

**विचार**

### माध्यमिक शिक्षक संघ की वाराणसी मंडल की बैठक में शिक्षक समस्याओं के समाधान की तैयार की योजना



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के वाराणासी मंडल की आवश्यक बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षक विधायक चेतनारायण सिंह के आवास पर हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समस्या के समाधान की योजना बनाई गई।

बैठक में मंडल के तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करते हुए वेतन भुगतान कारवाने के लिए संघर्ष की रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही अवकाश प्राप्त शिक्षकों का जीपीएफ और पेंशन भुगतान, एनपीएस की अद्यतन स्थिति, एनपीएस से ओपीएस में आए शिक्षकों के जीपीएफ के आवंटन के लिए क्रियान्वयन, बरेली में अप्रैल माह में आयोजित होने वाले प्रदेशीय सम्मेलन व शैक्षिक संगोष्ठी में जाने वाले शिक्षकों की सूची, शिक्षकों के अवशेष की अनुमान्यता के लिए वित्तनियंत्रक प्रयागराज गए धनराशि की अनुमान्यता दिलवाना और उसका भुगतान संबंधित शिक्षकों के खाते में करवाना आदि विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया।

बैठक के अंत मे जौनपुर के इंटर कॉलेज सेनापुर के प्रधानाचार्य अमरेज सिंह के असामयिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में वाराणासी मंडल से संबंधित चारों जिलों के जिलाध्यक्ष और जिलामंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी, शैक्षिक विचार पत्रिका के संपादक, सह संपादक और वाराणासी मंडल अध्यक्ष,मंडल मंत्री शामिल हुए। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुधाकर सिंह ने की।

बैठक में चेतनारायण सिंह, संतसेवक सिंह, सुधाकर सिंह, सत्येन्द्र सिंह, बीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, अशोक श्रीवास्तव, नृसिंघबहादुर सिंह, शिवमूरत यादव, विनोद प्रजापति, राजेश सिंह, मुकेश सिंह,अरविंद कुमार,अजय प्रकाश, प्रदीप, योगेश, विवेक सिंह आदि उपस्थित थे।

# प्रत्येक दिव्यांगजन का बनवाया जाए यूडीआईडी



**बोले हिमांशु नागपाल**

### मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की मरम्मत के लिए जल्द ही खुलेंगे रिपेयरिंग सेंटर

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा है कि प्रत्येक दिव्यांगजन का यूडीआईडी हर हालत में बनवाया जाए। वह कलेक्ट्रेट सभागार में जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र, जिला प्रबंधन टीम, लीगल गार्जियनशिप की लोकल लेवल कमेटी, यूडीआईडी की अनुश्रवण समिति व जिला दिव्यांगता समिति की बैठक कर रहे थे।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल पांडेयपुर में संचालित जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र के माध्यम से शहरी क्षेत्र में निवासरत दिव्यांगजन, जिनको फिजियोथैरेपी की आवश्यकता है, उनको केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक फिजियोथेरेपी का लाभ दिलाया जाये। ग्रामीण क्षेत्र में सीएचसी से संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर के माध्यम से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक दिव्यांगजन का यूडीआईडी कार्ड बनवाया जाये तथा पोर्टल पर किसी भी प्रकार का कोई आवेदन लम्बित न रहे। प्रत्येक आवेदन पर तत्काल उचित कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की मरम्मत की खातिर जल्द ही जिले में रिपेयरिंग सेन्टर खोले जायेंगे। बैठक में लीगल गार्जियनशिप के लिए लोकल लेवल कमेटी की तरफ से पोर्टल पर प्राप्त कुल 20 आवेदनों को अनुमोदित किया गया तथा यह भी निर्देश दिये गये कि लीगल गार्जियनशिप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक आवेदन करवाया जाए। बैठक का संचालन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने किया।

# शोभायात्रा के साथ आज युवा महोत्सव का आगाज

**शुरुआत**

### बीएचयू कैंपस में पद्मश्री डा. सोमा घोष करेंगी समारोह का उद्घाटन



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अंतर-संकाय सांस्कृतिक युवा महोत्सव का आगाज सोमवार को एम्फीथियेटर ग्राउंड में दोपहर दो बजे से विभिन्न संकायों, संस्थानों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाल कर किया जाएगा। वहीं, महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन समारोह शाम पांच बजे से एम्फीथियेटर ग्राउंड के मंच पर किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि प्रख्यात शास्त्रीय गायिका एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय की पुरातन छात्रा पद्मश्री डा. सोमा घोष होंगी।

इसी के साथ स्पंदन के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं भी शुरू हो जाएंगी। सुबह साढ़े नौ बजे से केएन उडुपा प्रेक्षागृह में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता, दृश्य कला संकाय के एग्जीबीशन हॉल में ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी, डा. कर्ण सिंह हॉल, शारीरिक शिक्षा विभाग में हिंदी भाषण, विधि संकाय के फैकल्टी लाउंज में संस्कृत भाषण और कृषि शताब्दी भवन में हिंदी कविता की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं सुबह 10 बजे से दृश्य कला संकाय के कमरा संख्या-36 में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। महोत्सव के साथ इस अवधि में आयोजित स्पर्धाओं को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी हैं।

# सामाजिक समरसता मजबूत करें

**बोले डॉ. लालजी**

### अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का दूसरा दिन



**वाराणसी।** नेहरू युवा केंद्र, माय भारत वाराणसी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त बैनर तले अतिथि राज्य हिमाचल प्रदेश के युवाओं के साथ आयोजित अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सीबीसी के सहायक निदेशक डॉ. लालजी कहा कि 2047 का भारत युवाओं का है। सामाजिक समरसता को मजबूत करना होगा।

उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जावान होते हैं। राष्ट्रीय एकता एवं शांति विकास के लिए आवश्यक है। भारत की सभ्यता व संस्कृति विविधता भरी है। यहां कोस-कोस पर पानी एवं चार कोस पर बानी बदलती है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। यह युवाओं के ही बल पर संभव हो पा रहा है। उन्होंने युवाओं से तकनीक के पॉजिटिव दृष्टिकोण को अपनाने की अपील किया। जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र के एसीआई अजय कुमार गुप्ता ने युवाओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को आत्म अवलोकन करना चाहिए। खुद के साथ समय बिताए। उन्होंने व्यवसायी के गुणों के बारे में विस्तार से बताया। स्वागत नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी प्रतीक साहू ने किया। धन्यवाद लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद ने दिया।

### संपूर्णानंद विवि में नाटक व भाषण प्रतियोगिता आज

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर तीन फरवरी को महिला अध्ययन केंद्र द्वारा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पाणिनी भवन सभागार में नाटक का मंचन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दोपहर दो बजे से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षा कुलपति प्रो. बिहारीलाल शर्मा करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय मंत्री पूजा दीक्षित होंगी।

### विधायक त्रिभुवन राम के बेटे का अस्थि कलश गंगा में विसर्जित

**चौबेपुर।** भाजपा अजगरा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन राम ने अपने बड़े बेटे की अस्थि कलश सपरिवार गंगा में विसर्जित की । भाजपा विधायक त्रिभुवन राम के बड़े बेटे रोमिल सिंह जो सिंगापुर में सीईओ पद पर तैनात थे । उनका निधन हृदयाघात के चलते सिंगापुर में हो गया था । विधायक अपने बेटे की अस्थि कलश विसर्जन के लिए सपरिवार अजगरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ मणीकर्णिका घाट पर किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व प्रमुख सचिव कुंवर फतेहपुर बहादुर, पूर्व मेयर भाजपा नेता कौशलेंद्र सिंह, गौरव सिंह,शिवाजी सिंह,राणा चौहान समेत कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नीट यूजी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सात मार्च

**बढ़ी डेट**

### नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ऑनलाइन आवेदन के लिए जारी की सार्वजनिक सूचना

**वाराणसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट-यूजी 2025 की परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक छात्रों के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की। इसमें उन्हें ओएमआर आधारित पेन-पेपर नीट यूजी 2025 में शामिल होने के लिए सात मार्च से पहले ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने को कहा गया।

एनटीए ने कहा कि आखिरी समय में आवेदन पत्र भरने में दिक्कत आ सकती है, इसलिए समय से भर दें, बाद में देरी के कारण उन्हें आवेदन पत्र भरने का मौका नहीं मिलेगा। परीक्षा में तीन घंटे में 180 अनिवार्य प्रश्नों का उत्तर देना होगा।

एनटीए ने नोटिस में लिखा है कि नीट-यूजी 2025 में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने का आखिरी मौका सात मार्च है। अधिकतर छात्र-छात्राएं आवेदन पत्र भरने के लिए आखिरी समय तक बैठे रहते हैं। लेकिन कुछ दस्तावेजों के कारण वे समय से आवेदन नहीं कर पाते ।इसलिए छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे आखिरी दिन का इंतजार न करें। इसके लिए चार मई को परीक्षा कराई जाएगी। 14 जून को परिणाम घोषित किया जाएगा।

#### 13 भारतीय भाषाओं में परीक्षा

नीट-यूजी हिंदी, अंग्रेजी समेत 13 भारतीय भाषाओं में आयोजित होती है। छात्र अपनी मातृभाषा के आधार पर भाषा का चयन कर सकते हैं। इसमें हिंदी, पंजाबी, असमी, बंगाली, ओड़िया, गुजराती, मराठी, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, तमिल, उर्दू और अंग्रेजी भाषा शामिल है। लेकिन संबंधित भाषा में प्रश्न पत्र उसी प्रदेश के परीक्षा केंद्रों में मिलेगा, जहां बोली जाती होगी।

#### अलग-अलग होगा शुल्क

भारत में रहने वाले सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 1700 रुपये, ईडब्ल्यूएस व ओबीसी वर्ग वालों को 1600 रुपये तो एससी, एसटी, थर्ड जेंडर के उम्मीदवारों को 1000 रुपये फीस देनी होगी। भारत से बाहर वाले उम्मीदवारों को 9500 रुपये की फीस चुकानी होगी।

#### एक से अधिक आवेदन पत्र न भरें

एक उम्मीदवार एक समय में एक ही ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकता है। एक से अधिक आवेदन पत्र भरने से सभी रद हो जाएंगे। आवेदन पत्र में अपना नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथ और पत्राचार या एडमिट कार्ड के लिए पता ध्यानपूर्वक भरें। क्योंकि इसमें एक बार आवेदन पत्र भरने के बाद दोबारा सुधार का मौका नहीं मिलेगा। इसके अलावा आवेदन पत्र में लिंग, राष्ट्रीयता, श्रेणी, मोबाइल नंबर, ईमेल पता आदि तथा स्क्रीन पर प्रदर्शित सुरक्षा कोड दर्ज करना जरूरी होगा। पासवर्ड बनाएं, सुरक्षा प्रश्न दर्ज करें और उत्तर चुनें। लेकिन पासवर्ड किसी को न दें।

### साइबर सुरक्षा से बचाव की दी जानकारी

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट सी, एफ व जी द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ रविवार को नगवां स्थित संत रविदास घाट पर हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं ताल से हुआ। ततपश्चात समस्त स्वयंसेवकों के परिचय विवरण लिया गया। अगले सत्र में कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि डा. रविन्द्र सिंह, मुख्य वक्ता आर्य महिला पीजी कॉलेज की प्रोफेसर डा. पुष्पा त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि डा. रंगनाथ मिश्र के स्वागत से हुआ।
डा. रविन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास में होने वाली भूमिका को बताया। मुख्य वक्ता डा. पुष्पा त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की आधारशिला रखी एवं संस्कार के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। इन्होंने स्वयंसेवकों को स्वस्थ शारीरिक मानसिक व भावात्मक विकास के लिए अभिप्रेरित किया। डा. रंगनाथ मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता को बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेबी के स्मार्ट ट्रेनर दीपक कुमार ने स्वयंसेवको को फाइनेंशियल अवेयरनेस कार्यक्रम द्वारा जागरूक किया एवं साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों को बताया।

# 1976 व 2000 बैच के छात्रों का हुआ सम्मान

**एलुमनी मीट**

### बीएचयू के मैनेजमेंट फैकल्टी में नेटवर्किंग लॉन्च में मिले पुरा-वर्तमान छात्र

**वाराणसी।** बीएचयू के मैनेजमेंट फैकल्टी में नेशनल एलुमनी मीट 2025 में पुरा छात्रों को सम्मानित किया गया। 2000 बैच की सिल्वर जुबली और 1976 बैच की गोल्डन जुबली री-यूनियन के साथ ही सम्मान समारोह भी होगा। नेटवर्किंग लंच में पूर्व और वर्तमान छात्रों के बीच एकेडमिक और बाकी मसलों पर बातचीत कर नए संबंधों को तैयार किया गया। कारोबारी और पूर्व छात्रों ने पुरानी यादों को ताजा किया। छात्रों के साथ अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं।

2000 बैच में संस्थान के दो वर्तमान संकाय सदस्य प्रो. अमित गौतम और डा. आशुतोष मोहन को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने पूर्व छात्र से लेकर प्रोफेसर बनने तक के सफर को साझा किया। विशेष अतिथि और भारतीय आर्थिक संघ (आईईए) के अध्यक्ष पूर्व छात्र प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय भी पहुंचे।

#### इन्हें मिला सम्मान

बंधन बैंक के डेटा साइंस और एनालिटिक्स प्रमुख सुमन दास को यंग अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। चार लोगों को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीईओ और चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर अखिलेश गुप्ता, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकारी निदेशक प्रमोद कुमार दुबे, सिंजेन्टा के कॉमर्शियल यूनिट हेड सुदीप घोष, सेल्स एंड मार्केटिंग, फेदर लाइट के प्रेसिडेंट सतीश शर्मा का नाम शामिल था। वहीं उन पूर्व संकाय सदस्यों का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने संस्थान के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

#### एलुमनी मीट से मिले दान से शुरू हुई कई स्कॉलरशिप

आईएम-बीएचयू के निदेशक प्रो. आशीष वाजपेयी ने कहा कि ये कार्यक्रम पूर्व छात्रों के साथ फिर से जुड़ने का एक शानदार मंच है। संस्थान के अध्यक्ष और डीन प्रो. एसके दुबे ने शैक्षणिक, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट गतिविधियों के बारे में जानकारियां दीं। पूर्व डीन प्रो. एचपी माथुर ने कहा कि पूर्व छात्रों के योगदान से लाइब्रेरी में किताबों के दान और कई स्कॉलरशिप की शुरूआत की गई।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

दुःखद

**घटना के बाद स्कार्पियो छोड़कर फरार हो गया चालक**


घटना की सूचना पर रोती-बिलखती महिलाएं

**बेरुआरबारी।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के बेरुआरबारी-बांसडीह मुख्य मार्ग पर बभनौली मोड़ के समीप शनिवार की देर रात्रि बाइक एवं स्कार्पियो की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मऊ के लिए रेफर कर दिया। मऊ से भी उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार गड़वार निवासी प्रद्युम्न साहनी (25) पुत्र स्व. लालमोहर अपने भांजे गोलू निवासी रामपुर चिट के साथ बाइक द्वारा शनिवार की शाम को मनियर में एक मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गया था। वहां से आधी रात को लौटते समय बेरुआरबारी-बांसडीह मुख्य मार्ग पर बभनौली मोड़ के समीप विपरित दिशा से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से दूसरे बाइक पर आ रहे दोस्तों ने घायल युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इधर, घटना के बाद चालक स्कार्पियो मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिला चिकित्सालय से गंभीर रूप से घायल प्रद्युमन साहनी को चिकित्सकों ने मऊ के लिए रेफर कर दिया। मऊ से भी चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही प्रद्युमन साहनी ने दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे घायल गोलू का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी का काम करता था। वह अविवाहित था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## डीजे संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बलिया।** नरही पुलिस ने मानक ध्वनि से अधिक ध्वनि में डीजे बजाने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर महोदय मो. उस्मान के कुशल नेतृत्व में नरही पुलिस ने कार्रवाई की है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर पुलिस क्षेत्र में मौजूद थी। त्यौहार के दृष्टिगत उजियार शिव मन्दिर पर जुलुस के दौरान डीजे की भी व्यवस्था की गई थी। राज निषाद पुत्र अज्ञात निवासी कोटवा, थाना नरही, चुलबुल राय पुत्र अज्ञात निवासी भरौली, थाना नरही, रविन्द्र सेठी पुत्र अज्ञात निवासी उजियार, थाना नरही द्वारा तेज गति से डीजे बजाया जा रहा था। इसमें दो पिकअप का भी प्रयोग किया गया। तीव्र गति से बजाये जा रहे डीजे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पर लोगों ने आपत्ति भी किया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने डीजे संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की है।

## कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब


कलश में जल भरण करते श्रद्धालु

**रेवती।** स्थानीय नगर पंचायत के बस स्टैण्ड के समीप आयोजित श्री सर्व देवता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा रविवार को निकाली गयी। यज्ञाधीश श्रीश्री 1008 हरेश्वर दास जी महाराज एवं श्रीश्री 108 श्रीराम दास जी महाराज के नेतृत्व में भव्य यात्रा निकली। यात्रा का शुभारंभ यज्ञस्थल शिव मंदिर रेवती दक्षिण टोला से हुआ। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा बिचलागढ़ हनुमान मंदिर और पोस्ट आफिस होते हुए आगे बढ़ी। मार्ग में रेवती बुढ़वा शिव मंदिर, काली माता मंदिर और दुर्गा माता मंदिर से होकर गुजरी। कलश यात्रा रेवती बीज गोदाम, चंद्रमौली महादेव बड़ी मठिया और बड़ी बाजार से होते हुए रेवती थाना पहुंची। वहां से बस स्टैंड होते हुए गंगा घाट की ओर प्रस्थान किया। गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर कलशों में पवित्र गंगाजल भरा। यज्ञाचार्य पंडित सुनील शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संकल्प, विधिवत कलश एवं गंगा पूजन कराया। इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ मण्डप पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में शामिल विभिन्न झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। यज्ञाधीश ने बताया कि कलश यात्रा के बाद मंडप प्रवेश और अरणी मंथन सहित अन्य पूजन कार्य होंगे। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन सायंकाल विभिन्न स्थानों से आए प्रवचन कर्ताओं द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया है।

## संक्षेप

### पुलिस ने नामजद आरोपी को धर दबोचा



**बेल्थरारोड।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के कुशल नेतृत्व में उभांव थाने की पुलिस ने मारपीट के मामले में नामजद आरोपी रामायण यादव पुत्र दूधनाथ निवासी ग्राम चक शेखानी को रविवार की दोपहर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जानकारी के अनुसार बीते 27 फरवरी को ग्राम चक सेखानी निवासी लालसा देवी पत्नी रामकेवल ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा गंभीर धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में खुशबू की हालत गंभीर थी, जिसका इलाज मऊमें चल रहा है। पुलिस ने विवेचना के दौरान अभियुक्त राम नारायण यादव को उनके गांव में ही गिरफ्तार करने का दावा किया है। शेष अभियुक्तों की तलाश जारी है। इस प्रकरण में पीड़िता लालसा देवी की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 109 (1), 115 (2), 352, 351 (3), 117 (2) के तहत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, उप निरीक्षक सूरज पटेल, आरक्षी अरविन्द यादव, गणेश यादव शामिल रहे।

### जन आरोग्य मेले में नहीं दिखे चिकित्सक व फार्मासिस्ट

**चितबड़ागांव।** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर शासन बहुत गंभीर है, पर स्वास्थ्य विभाग इसे तनिक भी गंभीरता से नहीं ले रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण रविवार को न्यू पीएचसी उसरौली में उस समय देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला बिना चिकित्सक और बिना फार्मासिस्ट के चल रहा था। स्वास्थ्य मेला लैब टैक्निशीयन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा संचालित किया जा रहा था। विकास खंड सोहांव अंतर्गत न्यू पीएचसी उसरौली में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ था। जन आरोग्य मेला में चिकित्सक और फार्मासिस्ट की मौजूदगी नहीं थी। जानकारी करने पर पता चला कि चिकित्सक की महाकुंभ मेला में ड्यूटी लगी है और फार्मासिस्ट की तबीयत खराब है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में आमजन का इलाज होना है, पर वहां किसी जिम्मेदार की मौजूदगी नही थीं। वहां एक लैब टैक्निशीयन और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौजूदगी थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लैब टैक्निशीयन और ग्रुप डी कर्मचारी क्या इलाज करेंगे। सीएचसी प्रभारी नरही डा. पंकज सिंह ने बताया कि हमारे यहां चिकित्सक और फार्मासिस्ट की भारी कमी है। जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला बंद करना या रोकना मेरी क्षमता के बाहर है।

### मारपीट करने से संबंधित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** सिकंदरपुर पुलिस ने मारपीट करने से संबंधित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर गौरव कुमार शर्मा के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक सिकन्दरपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस को सफलता मिली है। रविवार को पुलिस टीम धारा 115(2), 119(1), 324(5), 333, 352, 351(3), 110, 3(5) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त सत्येन्द्र सिह पुत्र स्व. हरदेव सिंह एवं धर्मेन्द्र सिह पुत्र स्व. हरदेव सिंह निवासीगण सरनी, थाना सिकन्दरपुर को मुखबीर की सूचना पर उसके घर ग्राम सरनी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उनि प्रमोद यादव, प्रशि उनि नीरज यादव, हेकां. राकेश यादव, कां. अंकित यादव शामिल रहे।

### कहासुनी के बाद दोस्त ने दोस्त को चाकू मारा, गंभीर

**बलिया।** फेफना कस्बा में दो दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान एक दोस्त ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से भाग खड़ा हुआ। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले की लिखित सूचना फेफना थाने में दी गई है। जानकारी के अनुसार फेफना निवासी रितेश मौर्य और हर्ष चौरसिया दोनों दोस्त है। प्रतिदिन भांति हर्ष अपने दोस्त रितेश से मिलने उसके घर गया था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान हर्ष चौरसिया ने रितेश पर चाकू से हमला कर दिया। जब तक परिजनों को इसकी जानकारी हुई, तब तक हर्ष मौके से फरार हो चुका था। इधर, हर्ष चौरसिया के परिजनों द्वारा उसे गुमशुदा बताते हुए सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित किया जा रहा है। इधर, घायल रितेश के पिता ने बताया कि हर्ष चौरसिया कल रात नौ बजे तक मेरे घर था। मेरे डांटने के बाद अपने घर गया।

### न्यायालय के आदेश पर 24,605 लीटर शराब नष्ट

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर बड़े पैमाने पर अवैध शराब को नष्ट किया गया। पुलिस ने 187 मामलों में जब्त की गई कुल 24,605 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर की गई। थानों में लंबे समय से जमा अवैध शराब के निस्तारण के लिए सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई संपन्न हुई। विनष्टीकरण की प्रक्रिया नायब तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी नगर, जिला आबकारी अधिकारी और थाना प्रभारी की मौजूदगी में की गई। टीम में क्षेत्राधिकारी नगर श्यामकांत, अभियोजन अधिकारी राघवेंद्र कुमार और थाना सुखपुरा के प्रभारी निरीक्षक रामाणय सिंह शामिल थे। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई।

## छात्राओं ने लंबी कूद, ऊंची कूद व दौड़ में किया प्रतिभाग



**रसड़ा।** श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला पीजी कालेज कमतैला, रसड़ा में चल रहे छह दिवसीय खेल प्रतियोगिता के तीसरा दिन बहुत ही रोमांचकारी रहा। सभी प्रतिभागियों में बहुत ही उत्साह देखने को मिला। तीसरे दिन के खेलों में लम्बी कूद, ऊंची कूद और 100 मीटर की दौड़ का सेमीफाइनल मैच कराया गया। लंबी कूद के फाइनल मैच में अंजली चौरसिया, नंदिनी चौहान, पुष्पा राजभर, संगीता, खुशबू यादव व दिव्या यादव पहुंची। ऊंची कूद के फाइनल में दीक्षा सिंह, संजना, दिव्या, अंजली भारद्वाज, अंजली चौरसिया, संजना, संगीता यादव व संगीता राजभर पहुंची। 100 मीटर की दौड़ के फाइनल में रिंकी यादव, अनामिका चौहान, खुशबू यादव, मुस्कान सिंह, पुष्पा राजभर व संजना पहुंची। इंटरमीडिएट से 100 मीटर की दौड़ में प्रियंका भारद्वाज, सोनिया, खुशबू सिंह, श्वेता कुमारी, अन्नू व प्रीति पहुंची। अब इन सभी खेलों का फाइनल मैच चार और पांच मार्च को खेला जाएगा। फुलेहरा ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशन के प्रबंधक गोविंद नारायण सिंह, प्राचार्य विनय कुमार गिरि ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अंजली सिंह, सुधाकर सिंह, रवि प्रकाश राव, गोपाल सिंह, सुरेंद्रनाथ पाण्डेय, शैलेंद्र पांडेय, राजेश तिवारी, विभांकर, प्रेमचन्द यादव, रीना, मीना, सपना, प्रियंका उपाध्याय, संजय आदि उपस्थित रहे।

## वाहनों का रूट डायवर्जन कर तैनात किये गये पुलिस कर्मी

**बलिया।** शहर के ओवरब्रिज की मरम्मत 45 दिन में पूरी होगी। इसलिए हल्के वाहन ही ओवरब्रिज पर आवागमन करेंगे। इससे जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। जाम की समस्या से निपटने के लिए मार्गों पर वाहनों का रूट डायवर्जन एवं यातायात के लिए पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। यातायात नोडल सीओ सिटी श्यामकांत ने बताया कि नगर के यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए जाम लगने वाले मार्गों पर रूट डायवर्जन रहेगा। इसमें टीडी कालेज, कचहरी की तरफ से नगर में जाने वाले वाहनों को पुल की बाई तरफ से जाने वाले मार्ग से होकर चित्तू पांडेय चौराहा से गड़वार की ओर निकाला जायेगा। विजयीपुर एवं जिला अस्पताल की तरफ से आने वाले समस्त वाहनों को ओवरब्रिज के नीचे से रेलवे क्रासिंग की तरफ से होकर कचहरी या सिकंदरपुर, बांसडीह, सहतार की तरफ जायेंगे। डायवर्जन स्थलों पर यातायात कर्मचारियों के साथ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गई है। शहर के प्रमुख तिराहा एवं चौराहा पर शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है।

# गरीबों से 10 से 15 फीसदी ब्याज वसूल रहे सूदखोर

दबंगई

**नियम कानून को पांव तले कुचलकर कर रहे अपना धंधा**

**बैरिया।** हमारी लाचारी है। इसका फायदा न उठाए। यही हमारी प्रार्थना है। कुछ ऐसे शब्द प्रत्येक उस व्यक्ति के होते हैं, जो किसी मजबूरी वश सूदखोरों से कर्ज पर पैसा उठाता है। सूदखोर हैं कि जिन्हें किसी गरीब की मजबूरी से कोई वास्ता नहीं होता। क्षेत्र में कई सूदखोर हैं, जो कर्जदार से मूल राशि से 10 से 15 फीसदी तक ब्याज की वसूली कर रहे हैं। प्रश्न यह है कि क्या इन सूदखोरों के लिए कोई नियम कायदा लागू नहीं है या फिर ऐसे साहूकार नियम को पांवों तले कुचलकर अपना धंधा कर रहे हैं। कर्ज देने के लिए बैंक या वित्तीय संस्थाओं के पास लाइसेंस होता है, लेकिन सूदखोरों के पास कोई लाइसेंस नहीं होता और वह मनमर्जी से लोगों को परेशान करते हैं।

गरीब व्यक्ति मजबूरी में सूदखोरों से कर्ज तो ले लेते हैं, लेकिन भारी भरकम ब्याज सहित कर्ज चुकाना इन कर्जदारों के लिए चुनौती बन जाता हैं। इसके बाद इन लोगों को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। 10 से 15 प्रतिशत तक ब्याज वसूली करने वाले सूदखोरों की कोई जांच ना होने से दर्जनभर से अधिक सूदखोर बिना किसी पंजीयन के सूदखोरी में पनप चुके हैं। इनके पास पैसा लेन-देन करने का कोई लाइसेंस तक मौजूद नहीं है। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में सूदखोर बगैर कोई पंजीयन एवं लाइसेंस के धड़ल्ले से अपना कार्य कर रहे हैं। पैसा लेन-देन के वक्त ये लोग मौके की नजाकत को भांपते हुए जरूरतमंद लोगों को पैसा दे देते हैं और इसके बाद पेनाल्टी एवं दस प्रतिशत से भी ज्यादा ब्याज लगाकर परिवादी को अपने जाल में फंसा लेते हैं। इसको परिवादी चुका नहीं पाता और ये लोग कच्चे-पक्के समझौते के आधार पर परिवादी की संपत्ति पर नजर गड़ा लेते हैं। ब्याज माफिया से किसी भी तरह का कर्ज लेने से बचाव करें। इसके बावजूद यदि किसी मजबूरी वश कर्ज लेना पड़े तो सूदखोर को कोरे स्टांप या खाली चेक पर हस्ताक्षर करके न दें। कर्ज लेने वाले को एक एग्रीमेंट करना चाहिए, जिसमें रकम और ब्याज की दर स्पष्ट रूप से अंकित हो। उसमें ये भी प्रेषित करें कि आप चेक एक सिक्योरिटी के लिए दे रहे हैं। यदि एग्रीमेंट के बावजूद कोई व्यक्ति मनमर्जी से ब्याज की वसूली करता है और इसके लिए प्रताड़ित करता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

> बगैर लाइसेंस और मनमाना ब्याज वसूली करना सरासर गलत है। अभी तक हमारे पास इसकी कोई शिकायत नहीं आई है। यदि कोई व्यक्ति लिखित में इसकी शिकायत देता है तो सूदखोरी का धंधा करने वाले व्यक्ति पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
>
> **राकेश कुमार सिंह, कोतवाल, बैरिया**

# हुड़दंग मचाने वालो पर रहेगी पुलिस की नजर

बोले राजेन्द्र प्रसाद सिंह

**आपसी भाईचारा के साथ होली व रमजान का पर्व मनाने की अपील**


पुलिस चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक करते प्रभारी निरीक्षक

**बेल्थरारोड।** पुलिस चौकी सीयर के प्रांगण में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें होली एवं रमजान के त्योहार को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की रणनीति तय की गई।

प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने समस्याओं के निवारण हेतु चर्चा किया। बैठक में अवगत कराया गया कि वार्ड नम्बर 4, 9 तथा 10 में खंभों पर मोटे तार बिखरे होने के कारण आवागमन में बाधा हो रही है। वार्ड नम्बर 9 में सूखे पेड़ से खतरा है। वहीं, होली के दिन होली खेलने तथा यूनाइटेड क्लब पूर्वी मोहाल की ओर से जुलूस निकाले जाने पर चर्चा की गई। एक दिन पूर्व 13 मार्च को होलिका दहन तथा उसके स्थल की जानकारी दी गई। उन्होंने होली का पर्व हंसी-खुशी माहौल में मिल-जुलकर मनाने की अपील की। कहा कि होली के दिन अवैध शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। कहीं भी अवैध शराब बेचने की सूचना मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपने अपने गांव में होलिका दहन सकुशल तरीके से संपन्न कराने का अनुरोध किया। कहा कि होली के दिन पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर चौकी प्रभारी बीबी सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप सिंह, सुनील कुमार टिंकू, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान राम, मोहम्मद आतिफ जमील, पूर्व प्रधान अब्दुल रहमान, सभासद मोहम्मद सद्दाम, सभासद नीलेश दीपू, सभासद राममनोहर गांधी, मोहम्मद नैयर, उमेश अम्बेडकर, दानिश आफताब, अली रजा, ग्राम प्रधान अख्तर अली, धर्मेन्द्र सोनी, शैलेन्द्र सिंह, दीपक कन्नौजिया, जमशेद आलम, अमान अंसारी, नैयर, दानिश आफताब, सभासद सतीश गुप्ता, देवानन्द शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### सौहार्द्रपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील

**बैरिया।** स्थानीय कोतवाली परिसर में रविवार को गंगा-जमुनी तहजीब के तहत होली एवं रमजान को लेकर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने शांति समिति की बैठक की। कहा कि जुमे के दिन होली का त्योहार है। दोनों समुदाय के लोग आपस में मिल-जुलकर सौहार्दपूर्वक त्यौहार को मनाये। अगर कहीं कोई समस्या हो तो उन्हें बताएं। उसका त्वरित समाधान किया जाएगा।
इस पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक स्वर में कहा कि कोई समस्या नही है। यहां हमेशा से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मना है। होली का मेवा मिष्ठान मुस्लिम समुदाय के लोग ग्रहण करते है तो ईद की सेवईयों का स्वाद हिन्दू समुदाय के लोग लेते हैं। इस मौके पर निरीक्षक क्राइम सुशील कुमार दुबे, उप निरीक्षक आरपी बिंद, राजधर यादव, माखन सिंह, महिला उप निरीक्षक कृति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में थाना दोकटी के परिसर में प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह ने शांति समिति की बैठक कर होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। इस अवसर पर थाने के सभी उप निरीक्षकों के अलावा हिन्दू-मुस्लिम मौजूद रहे।

### पॉक्सो ऐक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस ने पाक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृत नाबालिग लड़की को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश में चल रहे महिला अपराध विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा और क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम कुरैशी के पर्यवेक्षण में सहतवार की पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष दिनेश पाठक के नेतृत्व में उप निरीक्षक रमाशंकर यादव की टीम को मुखबिर से सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने सहतवार रेलवे क्रासिंग के पास से आरोपी जितेश पासवान को गिरफ्तार किया। आरोपी दोकटी थाना क्षेत्र के दलकी नंबर-एक का रहने वाला है। थाने में दर्ज मुकदमा के तहत वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस ने बरामद की गई पीड़िता को कानूनी कार्रवाई के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## एक करोड़ से 22 विद्यालयों का होगा उन्नयनीकरण


निर्भय नारायण सिंह

**बैरिया।** एक करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र के 22 विद्यालयों का उन्नयनीकरण अगले सत्र में होगा। इसके लिए नई दिल्ली में यात्री परिवहन प्रबन्धक रेलवे क्षेत्र के अघैला ग्राम निवासी निर्भय नारायण सिंह ने भारत सरकार के सीपीआर मद से धन अवमुक्त कराया है। निर्भय नारायण सिंह ने शनिवार की देर शाम बैरिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेरे आग्रह पर पांच करोड़ रुपये विद्यालयों के उन्नयनीकरण के लिए स्वीकृत हुआ है। उन्होंने बताया कि कंपोजिट विद्यालय रामनगर एवं जूनियर हाईस्कूल सोनबरसा में 40-40 लाख रुपये खर्च कर सम्पूर्ण उन्नयनीकरण कराया जाएगा। इसके क्रम में सभी क्लास को स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित कर इंटरनेट, वाईफाई, बड़े आकार के स्मार्ट टीवी लगाए जाएंगे। कम्प्यूटर की व्यवस्था होगी। पीने के लिए आरओ का पानी एवं खेलने के लिए सभी व्यवस्थाएं जो महानगरों के अच्छे प्राइवेट विद्यालयों में है, किया जाएगा। सभी कमरों को वातानुकूलित बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्य 20 विद्यालयों में दो-दो लाख रुपये खर्च कर स्मार्ट क्लास चलाने के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका हैं। प्रयास होगा कि अगले शिक्षा सत्र के शुरुआती दिनों में ही इन चयनित विद्यालयों को उक्त सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाए। निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सफलता के लिए परिश्रम के अलावा अन्य कोई रास्ता नही होता है।

बोले निर्भय नारायण सिंह

**स्मार्ट क्लास के लिए उपलब्ध कराया जायेगा जरूरी संसाधन**

अगर बच्चे मेहनत करके पढ़ाई करेंगे तो सफलता उनके कदम चूमेगी। अभिभावकों को भी बच्चों के पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं प्राइमरी स्कूल का छात्र रहा हूं और अपने परिश्रम के बल पर एआईआरएस की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की थी। मेरा प्रयास होगा कि बैरिया क्षेत्र के सभी विद्यालयों को स्मार्ट क्लासेज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

खेलकूद के साथ आरओ का पेयजल उपलब्ध हो और कमरों को वातानुकूलित बनाया जाए। अगर शुरुआत में इसके बेहतर रिजल्ट आये तो आगे बड़े पैमाने पर यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। सरकार के पास इसके लिए धन की कमी नही है।

## शिक्षकों को भारी पड़ेगी परीक्षा ड्यूटी से गैरहाजिरी

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी से गैरहाजिरी शिक्षकों को भारी पड़ सकती है। परीक्षा में कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाए परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के ड्यूटी पर न पहुंचने को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने नाराजगी व्यक्त की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। बीएसए ने कहा हैं कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अन्तर्गत हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाएं संचालित है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षक के रूप में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगायी गयी है। जिलाधिकारी द्वारा एक मार्च को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कतिपय परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षक के रूप में नियुक्त बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिका अनुपस्थित पाये गये। इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि तीन मार्च एवं उसके बाद की परीक्षाओं में बेसिक शिक्षा विभाग के ऐसे शिक्षक-शिक्षिका जिनकी ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगायी गयी है, अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आपके शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत जिन शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षक के रूप में लगायी गयी है, उनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। यदि कोई शिक्षक परीक्षा केन्द्र से अनुपस्थित पाया जाता है तो उनकी सूची तत्काल अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराये।

ऐसे शिक्षकों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। विशेष परिस्थिति में अधोहस्ताक्षरी की अनुमति के उपरान्त ही किसी शिक्षक-शिक्षिका को कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी से मुक्त किया जायेगा।

# गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति की कवायद शुरू

तैयारी

**सप्लाई सिस्टम को बेहतर करने में जुटा विभाग**

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** गर्मी में निर्वाध बिजली आपूर्ति रहे, इसके लिये विद्युत वितरण निगम की तरफ से कवायद शुरू हो गयी है। निगम की मानें तो गर्मी को देखते हुए 30 से 35 प्रतिशत तक अधिक बिजली की मांग बढ़ जाएगी। पिछले वर्ष जनवरी के मुकाबले इस बार 80 लाख यूनिट अधिक बिजली की खपत हो रही है। पिछले वर्ष जनवरी में 112.8 एमयू बिजली की खपत हुई थी। इस बार यह बढ़कर 1120.4 एमयू हो गयी है। फरवरी में ही गर्मी का असर दिखने लगा है। इससे खपत और बढ़ गयी है। गर्मी का तेवर इसी तरह से रहा तो बिजली की मांग और बढ़ जाएगी। इसे देखत हुए निगम बिजली सप्लाई सिस्टम को बेहतर करने में जुट गया है। बिजनेस प्लान के तहत अब भी ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, जर्जर तार व खंभों को बदलने, उपकेंद्रों की ख्यामता वृद्धि का कार्य चल रहा है। अब तक विभिन्न क्षमता के 77 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की गयी है। इसमें सभी पांच केवीए से 10 केवीए किया गया है। इसमें दुबहड़, जाम व सिकंदरपुर उपकेंद्र भी शामिल है। इससे गर्मी में विद्युत सप्लाई में किसी तरह का अवरोध न हो सके।

### अधर में लटका नये वर्कशाप का प्रस्ताव

**बलिया।** एक वर्ष से नये वर्कशाप के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, ताकि वर्कशाप की क्षमता बढ़ सके। अभी तक नये वर्कशाप का प्रस्ताव ठंड बस्ते में पड़ा हुआ है। इससे ट्रांसफार्मर तैयार करने में दिक्कत हो रही है। 15 ट्रांसफार्मर बनाने की क्षमता का प्रस्ताव शासन को निगम की ओर से भेजा गया था। पुराने वर्कशाप के बगल में उसे तैयार होना है। इसके लिए भूमि का चिन्हांकन भी किया गया है। अधिशासी अभियंता वर्कशाप चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि एक और नये वर्कशाप का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं हुई है।

### बदले जायेंगे जर्जर तार एवं खंभे

**बलिया।** इस संबंध में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता लाल सिंह ने बताया कि बिजनेस प्लान के तहत उपकेंद्रों एवं ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य चल रहा है। गर्मी शुरू होने से पहले सभी कार्य पूरे कर लिये जाएंगे। जर्जर तार एवं खंभे भी बदले जाएंगे। गर्मी में बिजली की डिमांड को देखते हुए तैयारी पूरी है। आवेरलोड के चलते अब ट्रांसफार्मर नहीं जलेंगे। सभी उपकेंद्र संचालकों को सप्लाई मशीन की मरम्मत करने का निर्देश दिये गये है।

### वर्कशाप में प्रतिदिन तैयार हो रहे 20 से 22 ट्रांसफार्मर

**बलिया।** गर्मी में ट्रांसफार्मर लने की काफी घटनाएं होती है। नये ट्रांसफार्मर नहीं मिलने पर ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, इसको लेकर काफी किचकिच होती है। 180 ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करके तैयार किया गया है। विभिन्न क्षमता के 600 ट्रांसफार्मर भीषण गर्मी पड़ने से पहले तैयार रखने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों को तत्काल ट्रांसफार्मर मिल सके, इसके लिए ट्रांसफार्मर बनाने की गति को बढ़ाया गया है। प्रतिदिन 20 से 22 ट्रांसफार्मरों को तैयार किया जा रहा है। भीषण गर्मी में लगभग 30 ट्रांसफार्मर तैयार किये जाने की योजना है। एसडीओ वर्कशाप विवेक सिंह एवं जेई सुरेन्द्र गुप्त ने बताया कि वर्कशाप में खराब ट्रांसफार्मर को रखने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। सड़क पर ट्रांसफार्मर नहीं रखे जायेंगे।

# कृषि मंडी में कीचड़ व गंदगी का अंबार

समस्या

### सब्जी विक्रेताओं व किसानों को हो रही काफी परेशानी



**चितबड़ागांव।** स्थानीय कृषि मण्डी में चारों तरफ कीचड़ एवं गंदगी का अंबार लगा है। मंडी के भीतर की सड़कों पर गड्ढा होने से बारिश का पानी इकट्ठा होकर सड़ने लग जा रहा है। गंदगी से बदबू आने के कारण सब्जी विक्रेता सहित किसानों एवं दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार आंख बंद किये हुए हैं। उल्लेखनीय है कि चितबड़ागांव स्थित कृषि मंडी में बनी सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है। सड़क पर बने गड्ढे में बारिश का पानी जमा होकर सड़ने के कारण पूरे मंडी परिसर में बदबू फैल गई है। मंडी परिसर के चारों तरफ गंदगी का ढेर लगा है, जिसके कारण सब्जी विक्रेताओं एवं किसानों को काफी परेशानी होती है। बावजूद इसके मंडी सचिव आंखें बंद किये हुए हैं। कृषि मंडी में चारों तरफ कचरा जमा हो गया है। पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़ने से दुकानदार, ग्राहक और किसान परेशान हैं। आए दिन सब्जी से लदी गाड़ी गड्ढे में पलट जाती है।

इससे दुकानदारों को भारी नुकसान होता है। व्यापारी और ग्राहक बाइक से आते-जाते समय गड्ढे में गिर कर चोटिल हो जाते हैं। वही, कृषि मंडी में सभी छोटे-बड़े लगभग 100 दुकानदार प्रतिदिन अपनी-अपनी दुकान लगाते हैं। दुकानदारों का कहना है कि मंडी सचिव द्वारा हम लोगों से टैक्स वसूला जाता है। वह शुल्क हम सदैव अदा भी करते हैं। फिर भी हम लोगों को मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था से वंचित हैं।

## जिला अस्पताल में वायरल फीवर के बढ़े मरीज

**बलिया।** मौसम के बदलते मिजाज से जिला अस्पताल में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ रहे है। कुछ दिन पहले ही कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। अब मौसम में गर्माहट आने लगी है। हालांकि सुबह-शाम हल्की ठंड पड़ रही है। बता दें कि बदलते मौसम में जिला अस्पताल में जुकाम, खांसी और बुखार के 20 से 25 फीसदी मरीज बढ़ गए हैं। विशेषज्ञों की मानें तो सर्दी, जुकाम, खांसी के साथ बुखार के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। सीने में कफ जमा है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है तो तुरंत चिकित्सकीय उपचार लेना चाहिए। इसमें लापरवाही घातक हो सकती है। वहीं, बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के मौसम में छोटे बच्चों के गीले कपड़े समय पर बदलते रहें, जिससे बच्चों को सर्दी, जुकाम, खांसी से बचाया जा सके। बच्चों को सुबह होते ही बेड से उठकर सीधे बाहर न जाने दें। सुबह फर्श पर नंगे पैर चलने से बचाएं। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से जिला अस्पताल में वायरल बुखार के मरीज भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम परिवर्तन के कारण अभिभावकों को अपने बच्चों को पानी उबाल कर या फिल्टर करके देना चाहिए।

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बलिया।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच बलिया के तत्वावधान में जनपद के सैकड़ों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नई पेंशन व्यवस्था, यूनिफाइड पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली के लिए सांसद सनातन पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। सांसद ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली एवं निजीकरण की समाप्ति हेतु प्रधानमंत्री को पत्र लिखने का आश्वासन दिया। कहा कि हमारी पार्टी सदैव समस्त वर्गों के साथ-साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हित में निर्णय लेती रही है। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को पार्टी फोरम और संसद में जोरदार तरीके से उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समीर कुमार पाण्डेय, राकेश कुमार मौर्य, संजय पाण्डेय, विनय राय, पंकज कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, लाल बहादुर शर्मा, राजीव गुप्ता, मलय पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अवनीश उपाध्याय, सत्येंद्र सिंह, डॉ. सुशील तिवारी, प्रशांत सिंह, राजेश तिवारी, लालसाहब यादव, राजेश कुमार सिंह, अजय सिंह, श्याम नारायण सिंह, धनंजय चौबे, योगेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रमोद सिंह, गणेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, उर्वशी सिंह, क्रांति देव सिंह, अभिषेक राय, मुकेश गुप्ता, रोहित कुमार, रामप्रवेश चौधरी, प्रतीक मिश्रा, अंकुर द्विवेदी, राजेश सिंह, पिंकू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दीपक गुप्त को सौंपा विभाग संयोजक का दायित्व




**बलिया।** नगरा निवासी दीपक गुप्ता को विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल का बलिया विभाग संयोजक बनाया गया है। विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल की हुई प्रांत योजना बैठक में दीपक गुप्ता को बलिया विभाग संयोजक का दायित्व सौंपा गया। विहिप के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांड, क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र, गोरक्ष प्रान्त मंत्री नागेंद्र सिंह ने उन्हें नया दायित्व सौंपते हुए संगठन की मजबूती एवं बलिया, रसड़ा, मऊ का विस्तार करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में प्रान्त संगठन मंत्री राजेश, प्रांत सह मंत्री मंगल देव चौबे, प्रान्त संयोजक दुर्गेश, रसड़ा जिला अध्यक्ष राजू सिंह, जिला संयोजक प्रतीक राय, बिपिन गुप्ता, सत्येंद्र यादव, अभिषेक वर्मा, अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

### 11 को होगी दोपहिया वाहनों की नीलामी

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान आपरेशन क्लीन के तहत गड़वार थाने में विगत वर्षों से लावारिश पड़े दोपहिया वाहनों की नीलामी के लिए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए पुलिस ने न्यायालय से आदेश प्राप्त कर लिया है। लावारिश हालत में पड़ी 25 दोपहिया वाहनों की नीलामी के लिए 11 मार्च की तिथि नियत की गयी है। इस दिन गड़वार थाने में उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। इस नीलामी में स्वेच्छा से प्रतिभाग किया जा सकता है।

### नपा रसड़ा का होगा सुंदरीकरण, कार्य शुरू



**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने नगर पालिका रसड़ा में चल रहे सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि नगर पालिका रसड़ा के मुख्य मार्ग के डिवाइडर और आस-पास से गंदगी हटायी जा रही है। कहा कि डिवाइडर पर लगे वृक्षों की नियमित देखभाल के लिये एक विशेष कर्मचारी नियुक्त किया जाएगा। सुंदरीकरण के तहत डिवाइडर के पोल पर बटर फ्लाई लाइट और विशेष प्रकार की लाइटें लगायी जाएगी। अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये गये है कि वे दो माह के भीतर कार्ययोजना बनाकर नगर पालिका को सजाये। इस दौरान उप जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे। वे स्वच्छता अभियान का निरीक्षण कर रहे थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, दो अन्य घायल

**इंदारा, मऊ।** मधुबन-मऊ शहीद मार्ग पर स्थित मोहम्मद अली इंटर कॉलेज के पास रविवार की शाम लगभग 4 बजे एक कार से बचने के प्रयास में दो मोटरसाइकिल आपस में भीड़ गई इसी दौरान बेकाबू कार ने भी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए घायलों का को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा में मुहम्मद अली इण्टर कालेज के पास रविवार की शाम लगभग 4 बजे एक कार से बचने के प्रयास में दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई इसी दौरान बेकाबू कार भी आकर मोटरसाइकिल में भीड़ गई। जिसमें बाइक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए व एक युवक को चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर किया। गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत जिला अस्पताल से रेफर करने के बाद एक नर्सिंग होम में हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को 108 नम्बर की सहायता से जिला अस्पताल भेजवाया। वही 20 वर्षीय दीपक पुत्र मुन्ना प्रसाद निवासी जमुवाव थाना उभाव जिला बलिया व 26 वर्षीय मनोज प्रजापति पुत्र छेदी प्रसाद खानपुर बेल्थरा रोड थाना उभांव जिला बलिया निवासी दोनो युवक एक ही बाइक से मऊ शादी समारोह मे शामिल होने जा रहे थे कि तभी सामने से आ रहे 18 वर्षीय प्रदीप पुत्र प्रेमचंद निवासी सलाहाबाद थाना सरायलखंसी व 18 वर्षीय विक्की कुमार पुत्र विसर्जन निवासी सेमरी जमालपुर थाना घोसी एक बाइक से सेमरी जमालपुर जा रहे थे उसी दौरान एक कार जिसे महिला चल रही थी ने दोनो बाइक सवार को टक्कर मारते हुए भाग निकली। इस घटना में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। 18 वर्षीय प्रदीप पुत्र प्रेमचंद निवासी सलाहाबाद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया व विक्की कुमार पुत्र विसर्जन कुमार एवं मनोज प्रजापति पुत्र छेदी प्रसाद को चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए रेफर कर दिया। जिसे इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई।

### झोपड़ी में लगी आग, सामान जलकर खाक

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ गांव में एक व्यक्ति के झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से झोपड़ी में रखा घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान झोपड़ी में बंधी भैंस भी जल गई। जानकारी अनुसार रामगढ़ गांव निवासी हरिनाथ राजभर पुत्र मुराती राजभर के झोपड़ी में रविवार की दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गया ।जब तक लोग आग बुझाते तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।पीड़ित परिजनों ने बताया कि बिटिया की मई महीने में शादी तय है। उसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई थी। घर के झोपड़ी में रखा चौकी, पंखा, चारा मशीन, करकट ,गेहूं 2 कुंतल ,चावल 2 कुंतल सहित शादी की तैयारी के लिए रखा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान आग की चपेट में आने से भैंस भी बुरी तरह जल गई। परिजनों की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा इलाज कराया गया है। हल्का लेखपाल हरिकेश रत्नाकर ने बताया कि आगजनी की रिपोर्ट आगे कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाएगी।

### नाबालिग लड़की के इज्जत पर युवक ने डाला हाथ

**जमानियां ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना 28 फरवरी 2025 की शाम करीब 4 बजे की है। पीड़िता घर में अकेली थी, तभी आरोपी पानी पीने के बहाने घर में घुसा और छेड़छाड़ करने लगा। लड़की के विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने नाबालिग के पिता की तहरीर के आधार पर एक युवक के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सौर ऊर्जा से रोशन होंगे सरकारी कार्यालय

जनसंदेश न्यूज

पहल

### 65 केवीए का सोलर प्लांट लगाने को मिली स्वीकृति

**बलिया।** जिले में सरकारी कार्यालयों को सोलर ऊर्जा से संचालित करने की कवायद तेज हो गई है। सरकार की मंशा है कि सरकारी कार्यालय सौर ऊर्जा से संचालित हो। सोलर ऊर्जा से संचालित होने वाला विकास भवन पहला सरकारी कार्यालय होगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार हो गया है। इसे मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दे दी है। विकास भवन में 65 केवीए का सोलर प्लांट लगाया जायेगा। सौर ऊर्जा प्लांट लगाने की जिम्मेदारी केएलके कंपनी को दी गई है। सौर ऊर्जा प्लांट के लिए सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब अनुबंध होना शेष है। उम्मीद जतायी जा रही है कि चार से पांच माह के अंदर सोलर प्लांट लगाने का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। कलेक्ट्रेट एवं तहसील को भी सोलर ऊर्जा से युक्त किया जायेगा। इसमें कलेक्ट्रेट, सभी तहसील कार्यालय, विकास खंड कार्यालय, निकाय कार्यालय, पंचायत भवन, जिला अस्पताल, टाउन पालीटेक्निक, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय आदि प्रमुख रूप से शामिल है। किसी भी स्थल पर सोलर प्लांट की स्वीकृति बिजली भार के आधार पर ही लगाया जाता है।

एक किलो वाट सोलर 10 वर्ग अनुसार छायायुक्त कंक्रीट की छत की आवश्यकता पड़ती है। परियोजना निदेशक नेहा धन प्रसाद ने बताया कि विकास भवन को सोलर प्लांट से संचालित करने की योजना तैयार कर ली गई है। अन्य कई सरकारी कार्यालयों में वार्ता चल रही है।

## बदलते मौसम में बरतें सावधानी

**बलिया।** करीब दो माह तक कड़ाके की सर्दी का सितम सहने के बाद अब लोगों को सर्दी से राहत मिलने लगी है। अब सुबह-शाम ही ज्यादा सर्दी लग रही है। बर्फीली हवाओं से ठिठुरन के बाद सूरज अब दिन चढ़ते-चढ़ते अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सूर्य के गर्म मिजाज से अब सर्दी कमजोर पड़ने लगी है। सुबह ठंडी एवं दोपहर में गर्मी महसूस हो रहा है। ऐसे में गर्म कपड़े पहन कर निकलने वालो को दोपहर में परेशानी होने लगी है। आने वाले दिनों में मौसम कुछ इसी तरह का रहेगा। दिन के तापमान में वृद्धि होने के आसार हैं। मौसम विभाग के जानकारों ने संभावना जताई है कि अब दिन का तापमान बढ़ेगा। सुबह-शाम सर्दी रहेगी। इसका नतीजा होगा कि गर्म कपड़े पहन कर दिनचर्या में निकलने वाले लोगों को गर्मी बेचैन करेगी। मौसम बदलने के साथ बहुत सारी बीमारियां भी साथ लेकर आई है। खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए। मौसमी सब्जी एवं विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू ज्यादा लेना चाहिए। इससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि होती है। ठंडे पदार्थों का सेवन कदापि न करें।

# बहकावे में न आयें, जन औषधि केंद्र से ही लें दवा

बोले डॉ.सुजीत कुमार

### सैकड़ों मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर वितरित की गई दवा



**बलिया।** बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर जन औषधि दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर सैकड़ों मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवा वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सदर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सुजीत कुमार यादव ने फीता काटकर किया। मरीजों की स्वास्थ्य जांच डा. रितेश सोनी, डा. मनोज कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ किया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सुजीत कुमार ने कहा कि जन औषधि केन्द्र पर गुणवत्तापूर्ण कम दाम पर अच्छी और हर बीमारी की दवाई उपलब्ध है। किसी भी बीमारी की दवाएं जन औषधि से ही खरीदें। किसी के बहकावे या भ्रम फैलाने पर ध्यान ना दें। जन औषधि केन्द्र की दवाई बहुत ही अच्छा काम करती हैं। प्रोपराइटर संध्या पांडेय ने कहा कि भारत सरकार की यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आई है। जन औषधि केन्द्र में 50 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत के छूट पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवा कम दाम पर मिलती हैं। हर प्रकार की बीमारी कैंसर तक की दवाई जन औषधि केंद्र में मिलती हैं। इस अवसर पर सूर्यकुमार पांडेय, अरविंद उपाध्याय, संजय शुक्ला, सुनीता तिवारी, नीलिमा सिंह, रतना सिंह, वीणा सिंह, अभय पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# आर्य समाज में ऋषिबोधोत्सव व वार्षिकोत्सव का भव्य समापन

आयोजन

### मातृ सम्मेलन व पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समारोह का आयोजन




**मऊ।** आर्य समाज मऊनाथ भंजन के तत्वाधान में आयोजित ऋषिबोधोत्सव एवं वार्षिकोत्सव का समापन मातृ सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर आर्य जगत के प्रतिष्ठित विद्वानों और शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती, आचार्य सुश्रुत सामश्रमी और बहन यशोदा आर्या ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वय डॉ. एकिका सिंह और डॉ. हर्षवर्धन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय सिंह और डॉ. सुजीत सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। समारोह की शुरूआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें विद्यालय की छात्रा क्षमता चैहान ने अपनी भावपूर्ण कविता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्य समाज द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दयानंद बाल विद्या मंदिर, डीएवी बाल विद्या मंदिर (रामपुर चकिया) और डीएवी इंटर कॉलेज (बालक एवं बालिका) के विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों के पीछे उनके माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान है, जिसे सम्मानित करने के लिए आर्य समाज ने सभी मेधावी छात्रों की माताओं को माल्यार्पण कर विशेष सम्मान दिया। आर्य समाज के प्रधान बृजेश सिंह ने कहा कि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर और शिक्षकों को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ. एकिका सिंह ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को प्रेरणा मिली। आर्य समाज मऊ में शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा देने में योगदान देने वाले स्व. अशोक आर्य और स्व. दिनेश सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को सम्मानित करते हुए उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आर्य समाज के मंत्री प्रशांत रत्नम सिंह ने आगंतुकों और कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आर्य समाज के पदाधिकारी बृजेश सिंह, प्रहलाद वर्मा, सुमित राय, उदय प्रताप आर्य, प्रशांत रत्नम सिंह, सत्य प्रकाश आर्य, पंडित हरिशंकर मिश्रा, राजेश वर्मा ओमप्रकाश आर्य, बबन प्रसाद वर्मा, परमात्मा पांडे, अरविंद आर्य, राहुल सिंह, राहुल उपाध्याय, विवेक सिंह, अशोक तिवारी, संतोष समेत अध्यापक अध्यापिकाएँ, बच्चों की माताएँ और हजारों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

# होली को लेकर देर रात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** आगामी होली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के क्रम में पुलिस अधीक्षक इलमारन जी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारीगणों के नेतृत्व में देर रात्रि व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें तीन सवारी वाले दो पहिया वाहनों, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहनों एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों की चेकिंग की गई। इस दौरान कुल 378 तीन सवारी वाले वाहनों, 636 बिना हेलमेट वाले वाहनों, 186 बिना सीट बेल्ट तथा 81 वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों को चेक किया गया तथा 1128 वाहनों का चालान एवं चार वाहनों को सीज किया गया। साथ ही साथ वारंटी/वांछित, पुरस्कार घोषित व जिला बदर अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में कुल 33 वारंटियों तथा 01 पुरस्कार घोषित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# पॉक्सो ऐक्ट वांछित 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे के रोडवेज से रविवार की सुबह 25 हजार के इनामी व पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बस स्टैंड के पास पॉस्को एक्ट में वांछित 25 हजार इनामिया अभियुक्त कहीं भागने के फिराक में है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अनिल कुमार पुत्र फूलचंद निवासी इब्राहिमाबाद थाना दोहरीघाट के रूप में हुई है। उसके ऊपर दोहरीघाट थाने में मु.अ.सं. 59/2024 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट के तहत दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ शनिदेव चबूतरे का लोकार्पण



जनसंदेश न्यूज

आस्था

### शनि देव की जयकारे से समूचा वातावरण में हुआ भक्तिमय

**मऊ।** रोटरी क्लब मऊनाथ भंजन के तत्वावधान में रोटरी पार्क स्थित हर्बल वाटिका के निकट तकरीबन 118000 की लागत से नवनिर्मित भगवान शनिदेव के चबूतरे का लोकार्पण वैदिक मंत्रोचार के बीच हुआ। यहां भगवान शनि देव के जयकारे से समूचा माहौल भक्ति में उठा। श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के सामने बहु प्रतीक्षित शनिदेव के चबूतरे का निर्माण जनसमुदाय की सहयोग से कराया गया। शनि देव चबूतरे पर तकरीबन 251 की संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब मऊ धार्मिक कार्यों में भी वेंचर का हिस्सा ले रही है। यहां पर रोटरी पार्क का निर्माण भी किया गया है। धार्मिक कार्य में सहयोग देने वाले चंद्र पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय बहादुर पाल सेंट जेवियर स्कूल के प्रबंधक अभिषेक जयसवाल संतोष मार्बल के प्रबंधक संतोष कुमार अग्रवाल के अलावा राजीव शुक्ला विपिन कुमार श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृजनाथ सिंह, डॉक्टर शशांक शेखर सिंह, बंटू लाल श्रीवास्तव, रेखा पांडे, निर्जला सिंह, उमाशंकर सिंह, पारस चैबे, मोहन राय, मंजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## वैदिक विधिविधान व मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ शिव मंदिर शिखा पूजन



**मऊ।** मंदिर के शिखर का दर्शन करने मात्र से भगवान का दर्शन का लाभ मिलता है। पुराणों में शिखर दर्शन महत्व बहुत ही फलदायक बताया गया है। उक्त विचार है शिव मंदिर शिखर निर्माण समिति के प्रमुख नरेंद्र मद्धेशिया के। वे दक्षिण टोला महारनिया स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में निमार्णाधीन शिव मंदिर के शिखा पूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उक्त विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर सुधाकर जी महाराज के निर्देशन में वैदिक विधिविधान से मंत्रोच्चार के साथ शिखर का पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक डा रामगोपाल ने कहा कि शिखर के दर्शन के लिए ही इसे बहुत ऊंचाई पर लगाया जाता है कि सर्व जन का कल्याण मात्र दर्शन से ही देवता विग्रह के दर्शन का फल प्राप्त होता है। भगवान शिव तीनों लोको के स्वामी है इसी लिए त्रिलोकी की संज्ञा दी गई है। इस अवसर पर, कन्हैया गुप्ता, गणेश अग्रवाल, विंध्याचल शर्मा, कमलेश चैरसिया, अशोक गुप्ता, अभिषेक मद्धेशिया, संजय गुप्ता, शुभम मद्धेशिया, संजय गुप्ता, हेमराज मद्धेशिया, रवि मद्धेशिया, पवन गुप्ता, मनीष गुप्ता, गुडडू गुप्ता, लीलावती देवी, संध्या गुप्ता, सुशीला देवी, कौशिल्या देवी, मंशा देवी आदि रही।

# सीसीटीवी में बाइक की चोरी की तस्वीर कैद, पुलिस ने नहीं लिखी रपट



**सैदपुर।** सैदपुर के महुलियाँ निवासी इंजीनियर की कुसम्ही खुर्द स्थित पहलवानपुर गांव के पंचायत भवन से बाइक की चोरी होने के 12 दिन बीतने के बावजूद अब तक पुलिस ने उसकी तहरीर पर न तो मुकदमा दर्ज किया है और न ही बाइक का कोई पता लगा सकी है। जबकि बाइक चोर का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न उठ रहे हैं। महुलियाँ गांव निवासी प्रदीप यादव इंजीनियर है। उसके रिश्तेदारी में शादी होने के चलते वो अपने चाचा की बाइक लेकर 18 फरवरी को बाइक से पहलवानपुर गांव के पंचायत भवन पर गया था। वहां उसकी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित जब बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक गायब है तो उसके होश उड़ गए। उसने आसपास काफी तलाश की और जब बाइक न मिली तो उसने पहले डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और फिर 19 फरवरी को नंदगंज थाने में लिखित तहरीर दी। इधर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में चेक करने पर वहां चोर लोगों से बात करता हुआ और फिर बाइक को ले जाते हुए साफ-साफ दिख रहा है। इधर पीड़ित ने कहा कि पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज जैसा मजबूत प्रमाण होने के बावजूद न जाने किस वजह से नंदगंज पुलिस ने 10 दिन बाद भी अब तक न तो इसमें मुकदमा दर्ज किया और न ही बाइक का कोई पता लगाया। उसने बताया कि थानाध्यक्ष के बुलाने पर हम कई बार थाने पर गए थे, लेकिन हमें टाल दिया जा रहा है।

# ट्रांसफार्मर से लटककर बिजली कर्मी की मौत

## लठ्ठूडीह गांव में तीन दिन से सप्लाई नहीं आने पर लाइन ठीक कर रहा था संविदा कर्मी


लठ्ठूडीह गांव स्थित विद्युत कर्मचारी की मौत के बाद ग्रामीणों की भीड़।

**बाराचवर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। बिजली विभाग के संविदा कर्मी की विद्युत कंरट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा लठ्ठूडीह गांव में ट्रासफार्मर पर चढ़कर विद्युत फाल्ट ठीक करते समय विद्युत सप्लाई चालू करने से हुई। हादसे की सूचना के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी मोबाइल बंद कर लिए। मृतक के भाई ने उपकेंद्र के एक बिजली कर्मी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच में जुट गई। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भरौली कला गांव निवासी विद्युत संविदा कर्मी देवेन्द्र राय उर्फ मुन्ना (50) पुत्र रामानन्द राय रविवार को दिन में करीब एक बजे लठठूडीह गांव में तीन दिन से सप्लाई नहीं आने पर लाइन ठीक करने के लिए सट डाउन लेकर पोल पर चढ़ गए। अभी वह लाइन ठीक कर ही रहे थे, तब तक करीमुद्दीनपुर पॉवर हाउॅस से विद्युत प्रवाह शुरू कर दिया गया। विद्युत प्रवाह आते ही निविदा कर्मी देवेंद्र राय सिर के बल ट्रान्सफार्मर के ऊपर तार पर लटक गए और उनकी मौत हो गई। सूचना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई और मौके पर सैकड़ों ग्रामिणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही परिजन मृतक के तीनों पुत्र रोशन अंकुर व अतुल के साथ पंहुच गए। मृतक पांच भाईयों मे चौथे नंबर पर थे। सूचना पाकर पत्नी अनिता राय दहाड़े मार बिलखने लगी।

### देर तक तार पर झूलता रहा शव

लटकती लाश उतारने को लेकर थानाध्यक्ष ने विद्युत विभाग को सूचित किया। लेकिन जानकारी होते ही पावर हाउस के समस्त कर्मचारी अपनी मोबाइल स्वीच आफ कर भाग गए। देर तक लाश तार पर झुलती रही। मृतक के बडे पुत्र रोशन राय ने पावर हाउस कर्मचारी अवधेश पाल को मौत का दोषी मानते हुए नामजद तहरीर दिया है। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तहरीर प्राप्त कर कारवाई मे जुट गए।

### अवसाद में थे मृतक देवेंद्र राय

गाजीपुर विद्युत वितरण खण्ड नगर गाजीपुर के अधीन उपखंड करीमुद्दीनपुर पर तैनात मृतक संविदा कर्मी देवेंद्र राय उतराव फीडर पर कार्य कर रहे थे। हालांकि, विभाग ने चार माह पूर्व 7 अक्टूबर को ग्यारह संविदा कर्मियों को राजस्व वसूली सहित तमाम आरोप लगाकर विभाग से निष्कासित कर दिया था। निष्कासन में देवेंद्र राय का भी नाम शामिल था। बताया जा रहा है कि उसी दिन से संविदा कर्मी देवेंद्र राय तनाव व अवसाद में जी रहा था।

### संविदाकर्मी की मौत का भागीदार अधिशासी अभियंता

विद्युत मजदूर पंचायत मंडल अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि इस संविदा कर्मी के मृत्यु का पूरा भागीदार अधिशाषी अभियंता आशीष शर्मा है। जो अपने तुगलकी फरमान से अकुशल कर्मियों से कुशल का कार्य लेते आ रहे है। जबकि इनको पहले ही हमारा संगठन इनसे मिलकर हस्तक्षेप कर चुका है कि अकुशल कर्मियों से कुशल का कार्य ना लिया जाय। विद्युत मजदूर पंचायत ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग किया है। इसके अलावा मृतक संविदा कर्मी को विभागीय मुआवजा 10 लाख तथा तानाशाह अधिशासी अभियंता आशीष शर्मा के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रक से कुचलकर बाइक सवार महिला की मौत, दो घायल

हादसा

### दुघर्टना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

जनसंदेश न्यूज

**भांवरकोल।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर बलिया जनपद के नरही थाना क्षेत्र के कोरंटाडीह पुलिस चौकी के निकट डाक बंगले के पास अनियंत्रित बाइक के पलट जाने से उसी समय गुजर रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरी तरफ गिरी महिला घायल हो गई। वहीं बाइक चला रहा है किशोर भी घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार नरही थाना क्षेत्र के अमाव गांव अपने मायका गई सीमा प्रजापति एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर एक ही बाइक पर तीन लोग सवार होकर वापस आ रहे थे। कोरंटाडीह के पास वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक की पहचान सीमा प्रजापति पत्नी संदीप प्रजापति निवासी शेरपुर कलां थाना भांवरकोल के रूप में की गई। वहीं हादसे में घायल दूसरी महिला को पुलिस ने इलाज हेतु बलिया जिला अस्पताल भेजवाया। स्थानीय लोगों ने सड़क को कुछ देर के लिए जाम कर दिया जिससे आवागमन ठप हो गया। जाम की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक बलिया कृपाशंकर सिंह क्षेत्राधिकारी सदर उस्मान एवं थानाध्यक्ष नरही नदीम अहमद फरीदी एवं चौकी इंचार्ज कोरंटाडीह गणेश पांडेय ने लोगों को समझकर आवागमन को सुचारू बनाया।

### ट्रेन से कटर युवक की मौत

**नन्दगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सहेड़ी हॉल्ट के पास रविवार को दोपहर 3 बजे ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुसम्ही कला गांव निवासी मनीष रावत उम्र लगभग 25 वर्ष सहेड़ी सहेड़ी हॉल्ट के पास गया था। वही गाजीपुर से वाराणसी जा रही ट्रेन से कट गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक छह बहनों में इकलौता भाई था वही माता मंजू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पिकअप के धक्के से टोटो पलटा, एक की मौत

**नंदगंज।** थाना के फोर लेन स्थित अंकुशपुर गांव के पास काशी ढाबा के समीप पिकअप के धक्के से टोटो पलट गया।जिसमें दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। हरदासपुर गांव निवासी अरविंद कुमार(40) व टोटो चालक कमल कुमार के साथ किसी काम से नंदगंज जा रहे थे।तभी फोर लेन आंकुशपुर काशी ढाबा के पास पिकअप ने टोटो के पीछे धक्का मार दिया।जिससे टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया गया।जिसमें दबकर अरविंद कुमार की मौत हो गई।और टोटो चालक को मामूली खरोच आया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ट्रेन में कहासुनी के दौरान व्यवसायी ट्रेन से नीचे गिरा, हाथ कटा


दुल्लहपुर स्टेशन पर घायल व्यवसायी को एम्बुलेंस से ले जाती पुलिस।

**दुल्लहपुर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बेंगलुरू में फूलमाला का व्यवसाई करने वाले व्यवसाई के साथ ट्रेन में किसी के साथ कहासुनी होने के बाद धक्का देने के कारण नीचे गिर गए और उनका दाहिना हाथ कट गया। घायल को रेलवे पुलिस ने तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। बतादें कि बलिया के खैरा गांव निवासी 40 वर्षीय अमला राजभर अपने भतीजे के साथ वाराणसी जा रहे थे। वहां से उन्हें बेंगलुरु के लिए दूसरी ट्रेन पकड़नी थी। दुल्लहपुर स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद सीट को लेकर यात्रियों में विवाद हो गया। थाना प्रभारी संजय सिंह यादव के अनुसार, विवाद में किसी यात्री ने अमला को धक्का दे दिया। इससे वह स्टेशन से महज 200 मीटर की दूरी पर ट्रेन से नीचे गिर गए। दुर्घटना में उनका दाहिना हाथ कट गया। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी अशोक यादव ने स्टेशन मास्टर और एंबुलेंस को सूचित किया। पुलिस की 112 पीआरबी भी मौके पर पहुंची। घायल को पहले सीएससी मनिहारी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गाजीपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## सीएम आरोग्य मेले में लापरवाही चिकित्सक गायब

**जमानियां।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। केंद्र प्रभारी डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों ने बताया कि ओपीडी में डॉक्टर की कुर्सी खाली थी और कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। जिससे उन्हें काफी परेशानी हुई। लोगों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों की लापरवाही आम बात हो गई है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कहने को तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुर्वेद आरबीएसके प्रोग्राम के तहत चार डॉक्टर आयुष की महिला डॉक्टर सहित केंद्र प्रभारी डॉ गुलाब शंकर की तैनाती हैं। लेकिन मौजूद कोई नहीं रहता है। सुबह 10 से शाम चार बजे तक अस्पताल का संचालन किया जाना है लेकिन दो बजे ही स्वास्थ्य केंद्र बंद कर दिया जाता है। इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ गुलाब शंकर ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है। जिस कारण से परेशानी हो रही है। जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा।

# नौकरी के नाम पर ठगी में एक और आरोपी गिरफ्तार, 16 फरार


पुलिस की गिरफ्त में नौकरी के बदले लाखों की ठगी करने वाला आरोपी युवक।

**रेवतीपुर।** थाना क्षेत्र में नौकरी के बदले रुपए लेने और धमकी देने के मामलें में वांछित बक्सू बाबा एकेडमी नगदीलपुर के कर्मी और आरोपी दीपू कुमार निवासी धंवई थाना सूर्यपुरा जिला रोहतास बिहार को पुलिस ने रविवार को कामाख्या धाम मन्दिर के समीप हाईवे किनारे से घेराबंदी कर धर दबोचा,जो कहीं भागने की फिराक में बस का इंतजार कर रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ नौकरी के बदले रुपए दिलाने और पीड़ितों के द्वारा वापस रुपए मांगने पर धमकी आदि देने के मामलें में आठ अलग अलग मुकदमें पंजीकृत है। आरोपी पिछले करीब चार माह से फराए चल रहा था।

जिसकी पुलिस को काफी सरगर्मी से तलाश थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक उक्त दबोचा गया बिहार का युवक रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नगदीलपुर स्थित बक्सू बाबा कोचिंग एकेडमी के संचालक और जिला जेल में निरूद्ध विनोद गुप्ता का सहयोगी कर्मी है। जिसके ऊपर लोगों को नौकरी के बदले रुपए दिलाने और नौकरी न मिलने पर रुपए मांगने पर धमकी देने का गंम्भीर आरोप है। पुलिस के अनुसार नौकरी के बदले दर्जनों युवकों से करोड़ों की ठगी करने वाला मुख्य आरोपी बक्सू बाबा कोचिंग एकेडमी का संचालक विनोद गुप्ता पहले से ही इस मामलें में निरूद्ध है। इस मामलें में कुल 20 आरोपी है,जिसमें से दो जमानत पर जेल से बाहर है। जबकि कोचिंग एकेडमी का संचालक विनोद गुप्ता जेल में है। शेष 16 अन्य अभी भी फरार है, जिसमें से एक फरार नीतू श्रीवास्तव उर्फ आदित्य की पुलिस को खास तलाश है।

> नौकरी के बदले रुपए दिलाने और धमकी देने के मामलें आरोपी एक अन्य युवक को दबोच उसका चालान कर दिया गया,बताया कि शेष फरार चल रहे अन्य को भी जल्द दबोच लिया जाएगा।
>
> **प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय**

# परिवार परामर्श केंद्र ने ग्यारह परिवारों को कराया एक


परिवारिक विवाद सुलझाते परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य।

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइंस के प्रांगण में पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा के कुशल निर्देशन में कुल 34 पारिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए जिसमें ग्यारह को हंशी खुशी विदाई कराई गई।इनमें पूनम भारती पत्नी अरविंद कुमार निवासी बेलहरा थाना बहरियाबद जनपद गाजीपुर की शिकायत थी कि उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उन्हें दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं। पूजा पत्नी विजय कुमार निवासी भीखेपुर थाना शादियाबाद की शिकायत थी कि उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित करते रहते हैं। मनीषा पत्नी गोविंद निवासी डहरा खुर्द थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर की शिकायती थीं की उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन छोटी-छोटी बात पर उनके साथ गाली गलौज करते रहते हैं। माला पत्नी बलवंत कुमार निवासी मधुबन थाना खानपुर की शिकायत थी कि उनके व उनके पति के बीच वैचारिक मतभेद है। शाहजहां खातून पत्नी रहीम अंसारी निवासी पदुमपुर थाना भुड़कुड़ा की शिकायत थी कि उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उन्हें दहेज के लिए मारते पीटते रहते हैं। निधि कुमारी पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी खड़िया थाना भांवरकोल की शिकायत थी कि उनके पति आए दिन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर मारते पीटते रहते हैं व ताना मारते रहते हैं। सोनाली चौहान पत्नी दीपक चौहान निवासी सेरा थाना तरवा जनपद आजमगढ़ की शिकायत थी कि उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं। सुमन देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी सोनहरिया थाना करंडा की शिकायत थी कि उनके पति का नाजायज संबंध उनके भाभी से होने के कारण उनके पति आए दिन उनके साथ मारपीट करते रहते हैं। रेशमा पत्नी सोनू राम निवासी खथाहपुर थाना कासिमाबाद की शिकायत थी कि उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उन्हें दहेज के लिए मारते पीटते रहते हैं। कुसुम देवी पत्नी रामप्रवेश यादव निवासी गोसिया थाना दुल्लहपुर की शिकायत थी कि उनके पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उन्हें बिना किसी बात के मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करते रहते हैं। रोशन गौड़ पुत्र सुरेश गौड़ निवासी सुख डेहरी थाना भांवरकोल की शिकायत थी कि उनकी पत्नी आए दिन बिना किसी कारण के मायके चली जाती है। 14 पत्रावली में मध्यस्थता असफल होने के कारण विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई है।

सात पारिवारिक विवाद में कुशलता के बाद प्रतावली बंद कर दी गई। शेष प्रकरण में अभी मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की जाएगी। प्रकरण के निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र ,वीरेंद्र नाथ राम, कमरूद्दीन महिला, प्रकोष्ठ प्रभारी शशि सिंह, उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा, महिला आरक्षी रोली सिंह, आरक्षी शिव शंकर यादव, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

# महाशिवरात्रि पर गायब तीन किशोरों की घर वापसी

**भांवरकोल।** महाशिवरात्रि के दिन गत 26 फरवरी को घर से मेला देखने की बात कहकर निकले क्षेत्र के सकोहा निवासी तीनों किशोर छठे दिन रविवार को वापस आ गए। थाना मुख्यालय पर विधिक कार्यवाही करने के पश्चात इन तीनों किशोर को पुलिस ने उनके स्वजनों को सौंप दिया। लापता तीनों किशोरों का लोकेशन पंजाब के लुधियाना में मिलने पर सकोहा निवासी जवाहिर सिंह कुशवाहा तथा लाल मोहर सिंह कुशवाहा शनिवार को बक्सर से ट्रेन पड़कर अपने लाडलों की तलाश में लुधियाना के लिए प्रस्थान कर गए। लाल मोहर सिंह कुशवाहा ने बताया कि अभी उन लोगों की ट्रेन लखनऊ पहुंचने ही वाली थी की तीनों किशोरों का लोकेशन वाराणसी और गाजीपुर के बीच बताने लगा। लालमोहर कुशवाहा ने जैसे ही अपने लड़के अंकित कुशवाहा का फोन लगाया। अंकित से उनकी बात हो गई। अंकित ने बताया कि वह वापस घर जा रहे हैं काफी रात हो गई है और वह अपने दोस्त अमित के ननिहाल गौसपुर में ही रात को रुक जाएंगे। यह सुन लालमोहर कुशवाहा खुश हो गए और ट्रेन के लखनऊ पहुंचने पर वापस आने के लिए उसे हिमगिरी ट्रेन को लखनऊ में ही छोड़ दिया । पुनः वाराणसी बरेली पैसेंजर ट्रेन से वापस हो लिए। इस बीच पुलिस , अभिभावकों एवं पहला कदम सेवा संगठन से संबंधित विवेक कुशवाहा का लगातार सहयोग सामंजस्य और संपर्क बना रहा। पुलिस और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से फखनपुरा चट्टी के पास से तीनों लापता किशोरों को रविवार को बरामद कर थाना मुख्यालय लाया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि मेला देखने की बात कह कर घर से निकले सकोहा निवासी तीनों लापता किशोरों अमित कुशवाहा, अंकित कुशवाहा और रोहित कुशवाहा के मामले में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट के दृष्टिगत विधिक कार्यवाही करते हुए किशोरों के अभिभावकों को सुपुर्द कर दिया गया।

## संक्षेप

### चांद के दीदार के साथ इबादत का पाक माह शुरू

**गाजीपुर।** बरकत व इबादत का पाक माह रमजान शनिवार की शाम चांद के दीदार के साथ शुरू हो गया हैं। चांद के दीदार के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की नजरें आसमां पर टिकी रही। देर शाम में रमजान का चांद दिखा। 25 से 30 मिनट अकीदतमंदों ने चांद का दीदार किया। मोबाइल पर चांद के साथ तस्वीरें खीचीं और शेयर भी किया, साथ ही इस पाक माह की बधाई एक-दूसरे को दी। इधर चांद नजर आते ही मस्जिदों से ऐलान किया गया, फिर तरावीह शुरू हो गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पवित्र कुरान शरीफ का पाठ किया। रविवार को अकीदतमंद अपना पहला रोजा रखे। खानकाह के प्रबंधक सैयद अता फैसल ने बताया कि चांद नजर आते ही रमजान का माह शुरू हो गया है। रविवार को रोजेदार अपना पहला रोजा रखे। यह माह मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए काफी खास है। इस माह में अल्लाह से मांगी गई हर दुआएं पूरी होती है। रमजान माह में हर मुसलमानों को रोजा रखना फर्ज है। **एक माह तक रोजेदार रखेंगे रोजाः** उन्होंने कहा कि इस माह में अकीदतमंद करीब एक माह तक रोजा रखेंगे। इसके बाद खुशियों का पर्व ईद मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह में सेहरी कर दिन भर निर्जला उपवास पर रहेंगे। सूर्यास्त के बाद खजूर से इफ्तार कर पहले दिन का रोजा पूरा करेंगे। इस महीने में गरीबों की मदद करने से बरकत मिलती है। इधर रमजान माह शुरू होने के साथ ही बाजार में मुस्लिम धर्मावलंबियों की विशेष भीड़ बढ़ गई है।

### आरएस हॉस्पिटल ने लगाया शिविर, 130 मरीजों को निःशुल्क दवा

**गाजीपुर।** मां इसरावती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित आरएस हॉस्पिटल देवा दुल्लहपुर के तत्वाधान में शनिवार को ग्राम हुसनपुर में निःशुल्क आंख का शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 130 मरीजों के आंख का परीक्षण किया गया। इसके अलावा जनरल फिजिशियन ने इसीजी ,ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर? के मरीज को देखा गया। शिविर में महिला चिकित्सक ने महिलाओं के रोग के बारे में परीक्षण किया। शिविर में निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। डायरेक्टर डॉ राजेश कुमार पांडे और डायरेक्टर डॉ साधना तिवारी ने कहा कि शिविर के माध्यम से क्षेत्र में गरीब लोगों का निःशुल्क जांच और दवा वितरण सेवा भाव से किया जा रहा है। गांव-गांव जाकर लोगों के गंभीर बिमारियों का पता लगाया जा रहा है। डा. राजेश पांडेय ने बताया कि अस्पताल पर हर तरह के रोगियों का इलाज होता है। जिसके लिए जाने माने चिकित्सकों की व्यवस्था है। शिविर में अस्पताल के कर्मचारी अखण्ड सिंह, विजय प्रताप सिंह,राजू चौहान, संजय गांधी, राहुल मौर्या , अभिषेक पांडे, प्रीति कुमारी, प्रतिभा, अजय कुमार, नेहा पटेल आदि उपस्थित रहे।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**भांवरकोल।** स्थानीय थाना क्षेत्र में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते कल शाम को मिजार्बाद चट्टी पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी की अगुवाई वाली टीम को एक खास मुखविर से सूचना मिली कि बदौली अदाई के संपर्क मार्ग से एक विक्की मोटर साइकिल से अवैध शराब बिक्री के लिए विहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय होते हुए एकाएक सूचना स्थल पर शाम पहुंच कर मोटरसाइकिल चालक को घेर कर उसे अपने कब्जे में कर लिया। मोटरसाइकिल पर पुलिस को 288 पाऊच देशी शराब लगभग 57.2लीटर लदा हुआ प्राप्त हुआ जिसे अपने कब्जे में ले लिया और पूछने पर पता चला कि चालक का नाम जितेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र जगनारायण गुप्ता जनपद बलिया के ग्राम पंचायत अमांव निवासी हैं।

### खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए

**नन्दगंज।** ग्राम पंचायत लालनपुर मड़ई में आयोजित मां संतोषी बालीबाल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सुजीत यादव ने फीता काटकर बालीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके बाद बालीबाल प्रतियोगिता में डिलीया व भितरी तथा भिक्खेपुर व हरिदासपुर की बालीबाल टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका हौसला बुलंद किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुजीत यादव ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल में कभी भी खिलाड़ियों को हार या जीत एवं खुशी या गम नही मानना चाहिए। क्योंकि खेल में एक टीम जीत गयी तो दूसरी हारी नहीं, बल्कि वह भी दूसरे स्थान पर रहती है। फिर वही हारी टीम भी अवसर पाते ही जीत भी जाती है । हां सभी खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल को खेल भावना से खेलना चाहिये। उन्होंने खिलाड़ियों को सलाह देते हुए बताया कि सरकार व प्रशासन द्वारा मिल रही योजनाओं का पता करके उसका लाभ उठाना चाहिए। इसके पूर्व प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर रामज्ञान सिंह यादव,शिव पूजन यादव, अखिलेश, प्यारेलाल तथा प्रमेश यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

### अमित बने मास्टर भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम के कोच

**गाजीपुर।** दोहा-कतर स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आगामी 27 मई से 31 मई तक आयोजित होने वाले एशियन मास्टर्स वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा दिल्ली में की गई। जिसमें जनपद के खेल जगत की अमूल्य धरोहर पावरलिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नेशनल रेफरी अमित राय रिंकू को भारतीय टीम का कोच चुना गया है। जबकि गाजीपुर के ही ख्यातिलब्ध क्रिकेटर संजीव सिंह बॉबी को टीम मैनेजर की जिम्मेदारी दी गई है। यह पहला अवसर है जब एक जनपद के दो खिलाड़ियों को एशियन चैंपियनशिप जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जो न केवल जनपद बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

### बिजली बिल नहीं जमा करने पर होगी कुर्की

**गाजीपुर।** अधिशासी अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि 10 हजार से अधिक बिजली बिल बकाया एवं अधिक बिजली चोरी करने वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर सोमवार से विशेष मेगा अभियान चलाया जाएगा। प्रथम फेज में 50 हजार से अधिक बकायेदारों पर भुगतान न करने पर विद्युत विच्छेदन की जाएगी। बकाए में विच्छेदित किए गए संयोजन की प्रतिदिन सुबह शाम जांच की जाएगी। बिना बकाए जमा किए संयोजन जुड़ा पाए जाने पर पेनाल्टी सहित बकाए की धनराशि जमा करने के पश्चात ही संयोजन जोड़ा जाएगा। जो उपभोक्ता लंबे समय से बकाया बिल एवं बिजली चोरी की पेनाल्टी की धनराशि नहीं जमा करा रहे हैं उनके विरुद्ध जिला प्रशासन के माध्यम से आरसी भेजकर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत 15 दिसम्बर से 28 फरवरी तक गाजीपुर जिले के अंतर्गत कुल पात्र 3 लाख 60 हजार 485 उपभोक्ताओं में 73 हजार 218 उपभोक्ताओं ने ब्याज माफी का लाभ उठाते हुए 55 करोड़ रुपए की धनराशि जमा कराकर पंजीकरण करा लिया।

**प्रथम खंड पात्र 123650 पंजीकरण 20539 - धनराशि 16.19 करोड़**
**द्वितीय खंड पात्र 66237 पंजीकरण 17108 - धनराशि 12.58 करोड़**
**जमानियां खंड पात्र 67945 पंजीकरण 13644- धनराशि 11.77 करोड़**
**सैदपुर खंड पात्र 102653 पंजीकरण 21927 - धनराशि 16.03 करोड**

# न्यायपालिका ने अफीम फैक्ट्री को 59 रनों से हराया



**गाजीपुर।** अफीम फैक्ट्री स्थित केंद्रीय विद्यालय के मैदान में रविवार को खेले गए एकदिवसीय क्रिकेट मैच में गाजीपुर न्यायपालिका टीम ने 59 रनों से मैच जीत लिया। गाजीपुर न्यायपालिका टीम के कप्तान न्यायधीश धर्मेन्द्र पांडेय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए न्यायपालिका की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8.25 रन प्रति ओवर की दर से 6 विकेट खोकर 165 रन बनाएं। सर्वाधिक 40 रन सिविल जज अमित यादव ने बनाएं। उपकप्तान शक्ति सिंह प्रथम अपर जिला जज एवं सूर्य प्रकाश सक्सेना नाबाद रहे। खेल के दौरान विकटों के बीच में इस जोड़ी की रनिंग देखने लायक थी। वहीं, खिलाड़ी सिविल जज अनन्त कुमार, संदेश पासवान और ऋषभ ने महत्वपूर्ण पारियां खेली। इधर, लक्ष्य का पीछा करते हुए अफीम फैक्ट्री की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 106 रन पर ही सिमट गई। ऐसे में न्यायपालिका की टीम 59 रन से मैच जीत लिया। अफीम फैक्ट्री की टीम से शानदार बल्लेबाजी करते हुए अनिल कुमार ने अर्धशतक लगाया। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। न्यायपालिका टीम के गेंदबाज चन्दन एवं अमित कुमार ने लगातार दो गेदों पर दो-दो विकेट लिए। दर्शकों में अफीम फैक्ट्री के अधिकारियों सहित न्यायिक अधिकारी अलख कुमार, राकेश कुमार, स्वप्न आनन्द, नूतन द्विवेदी, अमित, श्वेतांक, शिवानी, अंकित, विपिन बिहारी, बृजभूषण, अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत


दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम


दुर्घटना के बाद फूंका गया डंफर और बाइक।

जनसंदेश न्यूज

दर्दनाक हादसा

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़

**सादात।** थाना क्षेत्र के कनेरी के पास रविवार को सादात की तरफ से गिट्टी लादकर आ रहे ट्रक की चपेट में आकर कनेरी निवासी धर्मेन्द्र उर्फ बबलू सिंह के 16 वर्षीय पुत्र अभय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे सैदपुर सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सादात से सैदपुर जाने वाले मार्ग पर कनेरी के पास चक्काजाम कर दिया। हादसा एनएच 124 डी के निर्माण कार्य में लगे ट्रक से हुआ, जिसे लेकर ग्रामीणों ने कंस्ट्रक्शन करा रहे ठेकेदार से संबंधित स्कॉर्पियो और अन्य गाड़ियों में तोड़फोड़ भी किया। दो दर्जन से अधिक छोटे बड़े वाहनों में तोड़फोड़ किया गया है। दो बाइक और एक डंपर को फूंक दिया गया।

इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना से पुलिस महकमा हलकान हो गया। स्थानीय पुलिस के साथ ही शादियाबाद, बहरियाबाद, सैदपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के लाख समझाने के बावजूद धरना दे रहे ग्रामीण डीएम और एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक जाम जारी रहा। उधर सैदपुर के सीओ अनिल कुमार सिंह ने मातहतों संग सीएचसी पर पहुंचकर किशोर के शव को कब्जे में ले लिया है।


फोटो – अभय सिंह ( फाइल फोटो)

## जनसंपादकीय

# आने वाली नस्लें तुम पर फख्र करेंगी हम-असरो

जाहिद खान



'एक उम्दा मोती, खुश लहजे के आसमान के चौदहवीं के चाँद और इल्म की महफिल के सद्र। जहानत के काफिले के सरदार। दुनिया के ताजदार। समझदार, पारखी निगाह, जमीं पर उतरे फरिश्ते, शायरे-बुजुर्ग और आला। अपने फिराक को मैं बरसों से जानता और उनकी खासियतों का लोहा मानता हूं। इल्म और अदब के मसले पर जब वह जबान खोलते हैं, तो लफ़्ज और मायने के हजारों मोती रोलते हैं और इतने ज्यादा कि सुनने वाले को अपनी कम समझ का एहसास होने लगता है। वह बला के हुस्नपरस्त और कयामत के आशिक मिजाज हैं और यह पाक खासियत है, जो दुनिया के तमाम अजीम फनकारों में पाई जाती है।' यह मुख़्तसर सा तआरुफ अजीम शायर फिराक गोरखपुरी का है। उनके दोस्त शायर-ए-इंकलाब जोश मलीहाबादी ने अपनी आत्मकथा 'यादों की बरात' में फिराक का खाका खींचते हुए उनके मुताल्लिक यह सब बातें कहीं हैं। जिन लोगों ने भी फिराक को देखा, पढ़ा या सुना है, वे सब अच्छी तरह से जानते हैं कि फिराक गोरखपुरी की शख़्सियत इन सबसे कमतर नहीं थी, बल्कि कई मामलों में, तो वे इससे भी कहीं ज्यादा थे। फिराक जैसी शख़्सियत, सदियों में एक पैदा होती है। फिराक गोरखपुरी का खाका लिखते वक्त जोश मलीहाबादी यहीं नहीं रुक गए, बल्कि इसी मजामीन में उन्होंने डंके की चोट पर यह एलान भी कर दिया,'जो शख़्स यह तस्लीम नहीं करता कि फिराक की अजीम शख़्सियत



हिंदुस्तान के माथे का टीका और उर्दू जबान की आबरू, शायरी की मांग का संदल है, वह खुद्रा की कसम पैदाइशी अंधा है।' फिराक गोरखपुरी की सतरंगी शख़्सियत का इससे बेहतर तआरुफ शायद ही कोई दूसरा हो सकता है।

रघुपति सहाय बचपन से ही शायरी से हद दर्जे के लगाव और मोहब्बत के चलते फिराक गोरखपुरी हो गए। उन्होंने अपना यह तखल्लुस क्यों चुना ? इसका भी एक मुख़्तसर सा किस्सा है, जो उन्होंने मौलाना खैर बहोरवी के नाम लिखे अपने एक खत में वाजेह किया था। इस खत में फिराक लिखते हैं, 'वे 'दर्द' देहलवी के कलाम से काफी मुतास्सिर थे। 'दर्द' के उत्तराधिकारी नासिर अली 'फिराक' थे। चूंकि वे भी 'दर्द' देहलवी के कलाम के मद्दाह थे, लिहाजा उन्हें यह तखल्लुस खूब पसंद आया और उन्होंने भी अपना तखल्लुस 'फिराक' रख लिया।' 'फिराक' तखल्लुस पसंदगी की एक और वजह शायद इस लफ़्ज के मायने भी हैं, जो उनकी शख़्सियत से काफी मेल खाते हैं। गोरखपुर में पैदाइश की वजह से उनका पूरा नाम हुआ, फिराक गोरखपुरी। बहरहाल, फिराक के वालिद मुंशी गोरख प्रसाद खुद एक अच्छे शायर थे और उनका तखल्लुस 'इबरत' था। वे फारसी के आलिम थे और उर्दू में शायरी करते थे। जाहिर है कि घर के अदबी माहौल ने फिराक के मासूम जेहन पर भी असर डाला। वे भी शायरी के दिल–दादा (शौकीन) हो गए। बीस साल की उम्र आते-आते वे भी शे'र कहने लगे। शुरूआत में उन्होंने फारसी के उस्ताद महदी हसन नासिरी से कुछ गजलों पर इस्लाह ली। बाद में खुद के अंदर ही शे'र कहने की इतनी सलाहियत आ गई कि किसी उस्ताद की जरूरत नहीं पड़ी। फिराक की इब्तिदाई शायरी यदि देखें, तो उसमें जुदाई का दर्द, गम और जज्बात की तीव्रता शिद्दत से महसूस की जा सकती है। अपनी गजलों, नज्मों और रुबाइयों में वे इसका इजहार बार-बार करते हैं, 'वो सोज-ओ-दर्द मिट गए, वो जिंदगी बदल गई/सवाल-ए-इश्क है अभी ये क्या किया, ये क्या हुआ।' वे अपने जाती दर्द को इन अल्फाज में आवाज देते हैं, 'उम्र फिराक ने यों ही बसर की/कुछ गम–ए–जानाँ, कुछ गम–ए–दौराँ।' जुदाई के दर्द के अलावा उनके अश्आर में 'रात' एक रूपक के तौर पर आती है। उनके कलाम का एक हिस्सा ऐसा है, जिसकी बिना पर उन्हें शायर–ए–नीमशबी कहा जा सकता है। मिसाल के तौर पर उनके कुछ ऐसे ही अश्आर हैं, उजले-उजले से कफ़न में सहर–ओ–शाम 'फिराक'/एक तस्वीर हूँ मैं रात के कट जाने की।' 'तारीकियाँ चमक गयीं आवाज-ए-दर्द से/मेरी गजल से रात की जुल्फें सँवर गयीं।'फिराक गोरखपुरी हालाँकि अपनी गजलों और मानीखेज शे'र के लिए जाने जाते हैं, मगर उन्होंने नज्में भी लिखीं। और यह नज्में, गजलों की तरह खूब मकबूल हुईं। 'आधी रात', 'परछाइयाँ' और 'रक्स–ए–शबाब' वे नज्में हैं, जिन्हें जिगर मुरादाबादी, जोश मलीहाबादी से लेकर अली सरदार जाफरी तक ने दिल खोलकर दाद दी। 'दास्तान–ए–आदम', 'रोटियाँ', 'जुगनू', 'रूप', 'हिंडोला' भी फिराक की शानदार नज्में हैं, जिनमें उन्होंने तरक्कीपसंद सोच साफ जाहिर होती है। 'हिंडोला' नज्म में तो उन्होंने हिंदुस्तानी तहजीब की शानदार तस्वीरें खींची हैं। हिंदू देवी-देवताओं, नदियों, त्यौहारों, रीति-रिवाजों और अनेक मजहबी-समाजी वकीयों का इजहार इस नज्म में उन्होंने बड़े ही खूबसूरती से किया है। उर्दू आलोचकों ने इस नज्म को पढ़कर, बेसाख्ता कहा, 'यह नज्म हिंदुस्तानियत की बेहतरीन मिसाल है। इस नज्म में मकामी रंग शानदार तरीके से आए हैं।' फिराक गोरखपुरी के एक और समकालीन फैज़ अहमद फैज़ ने अपने एक मजमून में उनके कलाम की तारीफ करते हुए कहा था,'फिराक साहिब जज्बात व एहसासात की बारीकबीनी में इज्हार के ढंग के बारे में कशीदाकारी के माहिर थे। इस लिहाज से कुल्ली तौर से न सही, बहुत हद तक उनका 'सौदा' और 'मीर' से मुकाबला कर सकते हैं।'

फिराक गोरखपुरी की गजलों-नज्मों में फारसी, अरबी के ही कठिन अल्फाज नहीं होते थे, बल्कि कई बार अपने शे'रों में उस हिंदुस्तानी जबान को इस्तेमाल करते थे, जो हर एक के लिए सहल है। मिसाल के तौर पर उनके कुछ इस तरह के शे'र हैं, 'तुम मुखातिब भी हो, करीब भी/तुमको देखें कि तुमसे बात करें।', 'मुहब्बत में मिरी तन्हाइयों के हैं कई उन्वाँ/तिरा आना, तिरा मिलना, तिरा उठना, तिरा जाना।' फिराक ने श्रृंगार रस में डूबी अनगिनत गजलें भी लिखीं। जब इनसे दिल भर गया, तो रुबाइयात लिखीं, नज्में लिखीं। पचास साल से ज्यादा वक्त की अपनी अदबी जिंदगी में फिराक गोरखपुरी ने तकरीबन चालीस हजार अशआर लिखे। जिंदगी के आखिरी वक्त तक उनका लेखन नहीं छूटा। वे आखिरी समय तक एकेडमिक और अदबी महफिलों की रौनक बने रहे। फिराक जैसी शोहरत बहुत कम शायरों को हासिल हुई है। 'आने वाली नस्लें तुम पर फख करेंगी हम-असरो/जब भी उन को खयाल आयेगा कि तुम ने 'फिराक' को देखा था।' फि राक गोरखपुरी के इस शे'र में भले ही उनकी खुद-एतिमादी (आत्मविश्वास) और खुदी (अहंवाद) दोनों एक साथ झलकती है, लेकिन जिन लोगों ने भी उन्हें देखा-पढ़ा-सुना है, उनका इस शे'र पर मुकम्मल ईमान है। यही वह खास बात है, जो फि राक गोरखपुरी को दीगर शायरों से जुदा करती है।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 94254 89944)

## सत्यशोधक समाज की 151वीं वर्षगाँठ पर विद्रोही मराठी साहित्य सम्मेलन

# चुप्पी तोड़िए, बोलना जरूरी है

हिंदी क्षेत्र में, बल्कि कहना चाहिए कि हिंदी साहित्य में विद्रोह का स्वर बहुत ही आधुनिक घटना है। हिंदी में यह क्रान्ति मार्क्सवाद के कारण आई। अगर मार्क्सवाद न आता, तो हिंदी के लेखक अभी भी गगन-विहारी लेखन करते होते। मार्क्सवाद ने प्रगतिशील चेतना का निर्माण किया। किन्तु इसने हिंदी से ज्यादा उर्दू वालों को बहुत प्रभावित किया। हिंदी में प्रेमचन्द इसी प्रगतिशील चेतना का परिणाम हैं। इसीलिए मैं प्रेमचंद से पहले के हिन्दी साहित्य को खारिज करता हूँ।लेकिन दलित क्रान्ति की साहित्यिक चेतना उसके परिवेश से जन्मी है। दलितों ने अपने जन्म से ही अपने इर्दगिर्द अस्पृश्यता, भूख, गरीबी, अपमान, जलालत और तिरस्कार का वातावरण ही देखा। दलित जब अपनी बस्ती से निकलता था, तो सड़क पार करते ही उसके लिये संस्कृति बदल जाती थी। दलितों में विद्रोह की चेतना इसी परिवेश ने पैदा की। दलितों का विद्रोह मौलिक है। उन्नीसवीं सदी में डा. आंबेडकर की क्रान्ति ने दस्तक दी, तो उसे एक नई धार मिली। इसलिए हिंदी में दलित-विद्रोह वास्तव में विद्रोह की पहली और मौलिक धारा है। यह याद रखियेगा।

साथियों ! इस देश में दो विचारधाराएँ रही हैं : एक श्रमण विचारधारा और दूसरी वैदिक विचारधारा। इसमें पहली समतावादी विचारधारा है, और दूसरी विषमतावादी। बाबासाहेब डा. आंबेडकर ने इसे क्रान्ति और प्रतिक्रान्ति की विचारधारा कहा है। क्रान्ति की धारा का नेतृत्व किसी एक जाति और वर्ग के हाथ में नहीं है, किन्तु प्रतिक्रान्ति की धारा, यानी विषमतावादी विचारधारा का नेतृत्व हमेशा एक खास जाति और वर्ण, ब्राह्मण के हाथ में रहा है। वह आज भी उसके हाथ से किसी अन्य वर्ग या जाति के हाथ में नहीं गया है, और आगे भी इसकी सम्भावना नहीं है। इसलिए विषमतावादी विचारधारा को ब्राह्मण या ब्राह्मणवादी विचारधारा भी कहा जाता है। इस ब्राह्मणवादी विचारधारा को सामाजिक भेदभाव पसंद है, ऊंच-नीच का भाव पसंद है, बहुत सारे देवी-देवता पसंद हैं। वैदिक विचारधारा को एक ईश्वर पसंद नहीं है, क्योंकि एक ईश्वर के नाम पर अलग-अलग मंदिर और आडम्बर खड़े नहीं किये जा सकते, एक ईश्वर के नाम से भोग और दंड की संस्कृति खड़ी नहीं की जा सकती, और सबसे बड़ी बात, एक ईश्वर के नाम पर लोगों को डराने-धमकाने का उन्माद पैदा नहीं किया जा सकता। इस ब्राह्मणवादी विचारधारा को स्त्रियों और निम्न वर्गों की शिक्षा पसंद नहीं है, क्योंकि निम्न वर्गों का शिक्षित होना ब्राह्मण के प्रभुत्व के लिए खतरा पैदा करती है। उसे देश में भौतिक आविष्कार और नई तकनीक पसंद नहीं है, क्योंकि इससे उसके गढ़े हुए ज्ञान पर सवाल खड़े होते हैं। उसे विज्ञान पसंद नहीं है, क्योंकि इससे उसकी धर्म-सत्ता पर आंच आती है। वह शास्त्रों में विश्वास करता है, और लोक-यथार्थ की उपेक्षा करता है।

असल में यह श्रमण विचारधारा के विरुद्ध ब्राह्मणों की प्रतिक्रान्ति थी। दूसरे शब्दों में यह आजीवकों, लोकायतों और बुद्ध की क्रान्ति के विरुद्ध प्रतिक्रान्ति थी। प्रतिक्रान्ति का एक दौर होता है, एक कालखंड होता है, पर वह हमेशा नहीं रहता। भारत में ब्राह्मणों की प्रतिक्रान्ति का कालखंड पुष्यमित्र शुंग का समय है। इसी काल में ब्राह्मण ग्रन्थ लिखे गए, मनुस्मृति लिखी गई, बौद्धों के खिलाफ जनता में नफरत फैलाई गई, बौद्ध मंदिर ध्वस्त किए गए और एक बड़े पैमाने पर बौद्धों का कत्लेआम हुआ। इसी काल में स्त्री-शूद्रों के खिलाफ कठोर कानून बनाए गए, उन्हें शिक्षा से वंचित किया गया, और स्त्रियों को घर की चारदीवारी तक सीमित कर दिया गया। अंतरजातीय विवाह सख्ती से रोक दिए गए। ये सारी कठोरताएं इससे पहले के समय में नहीं थीं। ब्राह्मणवाद की यह प्रतिक्रान्ति लगभग दो सौ साल रही। उसके बाद हर्षवर्धन का समय आया, और ब्राह्मणवाद के खिलाफ एक

**वक्तव्य**



**कँवल भारती**

बहुत बड़ा विद्रोह हुआ। इस विद्रोह का समय चौथी-पांचवी शताब्दी का है। यही समय भक्ति आन्दोलन के आरम्भिक चरण का भी है।

यह आन्दोलन एक बहुत बड़ा विद्रोह था। विद्रोह नहीं, विद्रोह का सैलाव था। इस काल में ज्ञान के क्षेत्र में शूद्रों और स्त्री-संतों ने तूफान की तरह प्रवेश किया। जिस स्त्री को ब्राह्मण-धर्म ने घर की चौखट तक सीमित कर दिया था, जिसके लिए मनु ने सिर्फ पति-सेवा ही एकमात्र धर्म बना दिया था, और जिसे शिक्षा तक से वंचित कर दिया था, उस स्त्री ने इस काल-खंड में संत बनकर ब्राह्मण-धर्म के विरुद्ध ऐसा विद्रोह किया, जिसे रोकने का साहस आज भी ब्राह्मण-नेतृत्व में नहीं है।

इसी सदी में आजीवक दर्शन ने ब्राह्मणधर्म के खिलाफ ऐसा विद्रोह किया कि शंकर भी तिलमिला गए। उसने 'ब्रह्मसूत्र' के अपने भाष्य में आजीवकों को 'प्राकृत जन' यानी असभ्य, यानी गंवार कहा। इसके बाद आठवीं सदी में विद्रोह का एक दूसरा सैलाव सिद्धों के रूप में आया, जिनका बारहवीं सदी तक समाज में अमिट प्रभाव बना रहा। इन सिद्धों में सभी वर्णों के स्त्री-पुरुष थे, जिनमें 28 शूद्र और 4 स्त्रियाँ भी सिद्ध थीं। इसके बाद, दसवीं सदी में गोरखनाथ हुए, जिन्होंने नाथ-संप्रदाय की नींव डाली। नाथ शिव-भक्त थे। पर वे ब्राह्मणवादी विचारधारा के विद्रोही और समतावादी विचारधारा के प्रचारक थे। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि नाथों के ज्ञान-दर्शन ने सम्पूर्ण भारत को अपने प्रभाव में ले लिया था। पूरा उत्तर भारत ही नहीं, बल्कि कश्मीर से लेकर नेपाल तक में नाथ-दर्शन का प्रभाव था।

कल्पना कीजिए, जिन शूद्रों के द्वारा धर्म का उपदेश देने पर उनकी जीभ काटने का विधान मनु ने बनाया था, वे शूद्र भक्ति-काल में बड़ी संख्या में संत बनकर धर्मगुरु बन गए। यह ब्राह्मण और ब्राह्मण-धर्म दोनों के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मनु के विधान के अनुसार ब्राह्मण ही धर्मगुरु बन सकता है। किन्तु इन शूद्र संतों का विद्रोह इतना जबरदस्त था कि उन्होंने किसी भी ब्राह्मण को अपना गुरु स्वीकार नहीं किया। यही नहीं, उन्होंने बड़े-से बड़े पुनीत और ऊंचे कुल के ब्राह्मण संतों तक को महत्व नहीं दिया। कबीर ने ऐसे ब्राह्मण संतों का मजाक बनाते हुए कहा–'अति पुनीत ऊंचे कुल कहिए, सभा माहिं अधिकाई/ इनसे दिच्छा सब कोई मांगे, हंसी आवै मोहि भाई।'

ब्राह्मण धर्म-शास्त्रों और कर्मकांडों को इन शूद्र संतों ने न सिर्फ नकारा, बल्कि उनके खिलाफ जनता में अलख भी जगाई। उन्होंने सिर्फ समानता और मानव-प्रेम को स्थापित करने पर जोर दिया, जिसका ब्राह्मण-धर्म में अस्तित्व न कल था और न आज है। इस सन्दर्भ में कन्नप्पार नामक नयनार संत सर्वाधिक प्रसिद्ध थे। वह निषाद जाति के थे। उन्होंने ब्राह्मण को गुरु नहीं माना, बल्कि एक शूद्र को अपना गुरु स्वीकार किया। मीराबाई ने किसी ब्राह्मण को नहीं, चमार जाति के महान संत रैदास साहेब को अपना गुरु बनाया था।

पंद्रहवीं शताब्दी तक आते-आते तो इन स्त्री-शूद्र संतों ने वर्णव्यस्था का ऐसा किला ध्वस्त किया कि भारत की ब्राह्मण सत्ता ने तिलमिलाकर उनको ठिकाने लगाने के लिए ब्राह्मण विद्वानों की पूरी फौज उतार दी। स्त्री-शूद्रों के इस विद्रोह का एक महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि उस विद्रोह में गैर-ब्राह्मण जातियों का भी प्रवेश हो गया था। कई क्षत्रिय और वैश्य वर्ण के स्त्री-पुरुष भी संत हो गए थे, जो जनता को धर्म का उपदेश देकर ब्राह्मण को खुली चुनौती दे रहे थे।

पन्द्रहवीं शताब्दी में कबीर और रैदास ने जो क्रान्ति की, उसने ब्राह्मणवाद और वैदिक संस्कृति के विरुद्ध समाज में ज्ञान और सामाजिक संघर्ष की नई चेतना ही विकसित नहीं की, बल्कि कई नई धार्मिक क्रांतियों को भी जन्म दिया। इनमें दो क्रांतियाँ बहुत प्रमुख हैं : गुरु नानक की धार्मिक क्रान्ति और गुरु घासीदास की सतनामी क्रान्ति। कबीर ने खुल्लमखुल्ला कहा कि ब्राह्मण उनका गुरु हो ही नहीं सकता, क्योंकि ब्राह्मण के पास सिर्फ पोथियों का ज्ञान है, उसके पास समाज का वास्तविक ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा–'ब्राह्मण गुरू जगत का, साध का गुरू नाहीं/ उरझ-पुरझ कर मर र'ा, चारों वेदा माहिं।' रैदास साहेब ने कहा, 'ब्राह्मण को मत पूजिए जो हो गुण से हीन / पूजिए चरण चंडाल के जो हो ज्ञान प्रवीन।' यह एक नया सौन्दर्य शास्त्र था, जो गुण और योग्यता को महत्व देता था। सौ साल बाद तुलसीदास ने इसी की प्रतिक्रान्ति में कहा, 'पूजिए विप्र सील गुण हीना/ नाहिं न शूद्र गुण ज्ञान प्रवीना।' यानी अयोग्य और अज्ञानी ब्राह्मण भी पूजनीय है, जबकि योग्य और ज्ञानी शूद्र भी सम्मान का पात्र नहीं है।

यहाँ मैं यह स्पष्ट कर दूँ कि विषमतावाद के विरुद्ध समतावाद की लड़ाई कभी भी ब्राह्मणवादियों के नेतृत्व में नहीं लड़ी जा सकती। कबीर और रैदास इसीलिए सफल हुए, क्योंकि उन्होंने ब्राह्मण रामानन्द के नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया था। जिसने भी समाज को बदलने की लड़ाई ब्राह्मणवादी नायक के नेतृत्व में लड़ी, उसे कभी सफलता नहीं मिली। ब्राह्मणवाद की धारा के विरुद्ध लड़ाई की पूरी परम्परा के इतिहास में अगर आप देखेंगे तो यह लड़ाई वहीं कमजोर हुई है, जहाँ उसका नेतृत्व किसी ब्राह्मण ने किया है। इसीलिए ज्योतिबा फुले ने ब्राह्मणवादी तिलक का और डा. बाबासाहेब आंबेडकर ने ब्राह्मणवादी गांधी का नेतृत्व स्वीकार नहीं किया था। यही कारण है कि वे अपनी क्रान्ति में सफल हुए।

पंद्रहवीं शताब्दी में ब्राह्मणवाद के खिलाफ जो विद्रोह हुआ, वह फिर रुका नहीं, अनवरत जारी रहा। यह सोलहवीं शताब्दी में भी नहीं रुका, जब तुलसीदास ने वर्णव्यवस्था को पुनर्स्थापित करने की भरसक कोशिश की। तुलसी के समय में ब्राह्मण को धर्म का उपदेश देने वाले शूद्र जातियों के लोग इतनी बड़ी संख्या में थे कि उससे तिलमिलाए हुए तुलसी को मानस में लिखना पड़ा– 'बादहिं सूद्र द्विजन्ह सम, हम तुम्ह तें कछु घाटि/ जानइ ब्रह्म सो बिप्रवर आँखि देखाबहिं डाटि।' शूद्र द्विजों से कहते थे, हम तुमसे कम नहीं हैं, तुमसे हीन भी नहीं हैं, क्योंकि हम भी ब्रह्म को उतना ही जानते हैं, जितना तुम जानते हो।

किन्तु, दुर्भाग्य से आजादी के बाद भारत की शासन-सत्ता ब्राह्मणवादी नेताओं के हाथों में आई। उनका उद्देश्य समतावादी समाज का निर्माण करना बिलकुल नहीं था। इस सच्चाई को डा. बाबासाहेब आंबेडकर ने आजादी मिलने से पहले ही महसूस कर लिया था। उन्होंने राष्ट्रवादी नेताओं के स्वतंत्रता-संग्राम पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि आजादी की लड़ाई सिर्फ दलित और आदिवासी वर्गों के लोग लड़ रहे हैं, शेष सारे राष्ट्रवादी नेता आजादी के लिए नहीं, बस, देश के संसाधनों पर अपना कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं। यही हुआ भी। जैसे ही भारत से अंग्रेज गए, और ब्राह्मणों के हाथों में सत्ता आई, देश के सारे संसाधन उन्होंने अपने नियंत्रण में ले लिए। उन लोगों ने लोकतंत्र के नाम पर ब्राह्मणवादी राज्य कायम किया, और सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए जो आन्दोलन चल रहे थे, वे उनके दमन से प्रभावहीन होते चले गए। न दलित-आदिवासियों पर जुल्म कम हुए, और न गरीबी का खात्मा हुआ। समाज में यथास्थिति बनाए रखने के लिए हिन्दू धर्म तंत्र को तेज कर दिया गया, जिसके कारण सत्ता के संरक्षण में ब्राह्मणवादियों की प्रतिक्रान्ति दिन-पर-दिन तीव्र से तीव्र होती चली गई। आज वह चरम सीमा पर है।

यह इसी प्रतिक्रान्ति का परिणाम है कि फासीवादी ताकतों को सत्ता में आने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। उसकी जमीन आजादी के बाद से ही तैयार की जा रही थी। इन ताकतों ने राजसत्ता के साथ-साथ धर्म और विचार की स्वतन्त्रता पर भी नियंत्रण कर लिया। आज स्थिति यह है कि अन्याय के खिलाफ जो आवाज उठाता है, उसे देशद्रोही बता दिया जाता है और पुलिस और न्यायपालिका द्वारा उसे सालों तक जेल में सड़ाया जाता है। कोई-कोई जज न्यायप्रिय हुआ, तो उसे जमानत मिल जाती है, वरना वह जेल में ही पड़ा रहता है। कईयों ने तो जेल की कोठरी में ही दम तोड़ दिया। इसके विपरीत, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर खुली हिंसा करने वाले हिन्दुत्ववादी सत्ता के संरक्षण में आजादी से घूमते हैं। उन्हें कुछ भी उपद्रव करने, कुछ भी बोलने का परमिट मिला हुआ है।

फासीवाद के इस घोर मनुष्य-विरोधी वातावरण में, विद्रोह का साहित्य लिखना अब पहले से ज्यादा जरूरी हो गया है। यह दौर इतना पेचीदा है कि हमारा बहुजन समाज भी आरएसएस और हिन्दू संगठनों की पालकी ढो रहा है। हमारे आज के शम्बूक और एकलव्य ब्राह्मणवादी रंग में रंग गए हैं। वे गले में भगवा गमछा डाले, हाथों में त्रिशूल लिए सड़कों पर घूम रहे हैं। यह हमारे विद्रोह के लिए का एक नया मोर्चा है, जो इस फासीवाद ने पैदा किया है। इसलिए हमें अपने समाज के इन भटके हुए लोगों के विरुद्ध भी अपने विद्रोह को तेज करना होगा।

विडंबना देखिए, दुनिया भर में पिछड़े वर्गों के संघर्ष खत्म हो गए, लेकिन भारत में न दलितों के संघर्ष खत्म हुए, न पिछड़ों के संघर्ष खत्म हुए, न आदिवासी समुदायों के संघर्ष खत्म हुए और न अल्पसंख्यकों के संघर्ष खत्म हुए। हमारे पुरखों ने संघर्ष किए, हमारी पिछली पीढ़ियों ने संघर्ष किए, और हमारी वर्तमान पीढ़ी के लोग भी संघर्ष कर रहे हैं। आगे भी कुछ पता नहीं, यह संघर्ष कभी खत्म होगा।

हिंदी के विद्रोही दलित कवि मोहन मुक्त वसुधैव कुटुम्बकम, यत्र नार्यस्तु पूजन्ते और सत्यमेव जयते को संस्कृति के चुटकुले कहते हैं। क्या हम कह सकते हैं 'वसुधैव कुटुम्बकम?' क्या हम कह सकते हैं 'यत्र नार्यस्तु पूजन्ते?' क्या हम कह सकते हैं 'सत्यमेव जयते?' नहीं कह सकते। क्योंकि, इस वसुधा पर हमारे लिए प्यार का एक टुकड़ा तक नहीं है। हमारी स्त्रियाँ उनके लिए सम्मान की पात्र नहीं हैं। और हमारे लिए सत्य आज भी न्याय की अभिलाषा में दम तोड़ देता है। इसलिए चुप्पी तोड़ना जरूरी है, बोलना जरूरी है और लिखना जरूरी है। मोहन मुक्त की ही एक कविता की इन पंक्तियों से मैं अपने व्याख्यान का अंत करता हूँ–कहो कि/चुप्पी नाजी चिमनियों से धुआं बन कर उड़ती है /और पूरी दुनिया में बेआवाज पसर जाती है /कहो कि चुप्पी भाषाओं में बदल गई है /कहो कि चुप्पी हमारे कानों में पिघल गई है /कहो कि चुप्पी/हमारे शरीरों पर हर समय जकड़ी हुई/जंजीरों में ढल गई है /कहो कि हमारी चुप्पी इतिहास में हुए पहले कत्ल की चश्मदीद है/कहो कि चुप्पी ने अपनी जान बचाकर/हत्याओं को ही बना दिया है विधि-संहिता/कहो कि लाशों की बातें भी कही जा सकती हैं /कहो कि लाशों के कहने का अधिकार ही /जिन्दा लोगों का असली कर्तव्य होता है /कहो कि /अभिव्यक्ति /स्वतन्त्रता की तरह औपचारिक नहीं,/सांस की तरह आदिम है।

**(औरंगाबाद में 22 फरवरी को अ. भा. विद्रोही मराठी साहित्य सम्मेलन में दिया गया उदघाटन व्याख्यान )**

# दलितों की आस बनती आसपा

हाल ही में एक पॉडकास्ट में दिए गए अपने साक्षात्कार में आजाद समाज पार्टी (आसपा )के नेता एवं नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लाइव बसपा पार्टी के दफ्तर में फोन लगाकर बहन जी से मिलने की पेशकश की. भारत की दलित राजनीति के जानकर लोग यह अच्छी तरह जानते हैं की आजाद समाज पार्टी के संस्थापक और नेता चंद्रशेखर आजाद अपनी पार्टी की स्थापना से पूर्व अनेकों बार बहुजन समाज पार्टी की एक छत्र नेता बहन मायावती जी से मिलने की कोशिश की थी और दलित राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए उनका सहयोग मांगा था परंतु इस विषय पर कभी भी बहन जी ने दलित समाज या मीडिया में आज तक कोई बयान नहीं दिया. 2024 की आम चुनाव से पहले भी जब बसपा के स्टार प्रचारक आकाश आनंद से पूछा गया कि क्या हुआ चंद्रशेखर आजाद को जानते हैं तब उन्होंने बचकाना जवाब देते हुए साफ इनकार कर दिया और इसी आम चुनाव में बसपा शून्य पर सीमट गई वही आजाद समाज पार्टी अपना खाता खोलने में कामयाब हुई. 2016 से चंद्रशेखर आजाद जहां-जहां भी दलितों पर अत्याचार हुए हैं अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर उस परिवार के साथ खड़े होने और प्रशासन से सीधे उनके हक के लिए लड़ाई लड़ते रहे है.वहीं दूसरी तरफ बसपा का कोइ नेता तो छोड़िए स्वयं बहन जी भी उस तरह से कभी भी दलित उत्पीड़न के मामले में खुलकर नहीं आई जिस तरह की लड़ाई के लिए दलित समाज ने उन्हें ताकत दी है. चार बार उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य की मुख्यमंत्री बनने वाली बहन जी के सुशासन का जिक्र आज भी भारतीय राजनीति में बड़े आदर से लिया जाता है, विपक्ष भी उनके सुशासन की तारीफ करते हैं. उनके सुदृढ़ राजनीति और शासन का ही परिणाम है कि आज दलित राजनीति को देश में बड़ी पहचान मिली है. चंद्रशेखर आजाद एवं उनके हम उम्र के तमाम उत्तर प्रदेश के नवयुवक जो राजनीति में खासतौर पर दलित राजनीति में सक्रिय है यह उन्हीं के शासन का नतीजा है कि यह लोग उनके दौर में अच्छी शिक्षा हासिल कर पाए जिसकी बदौलत उनमें अपने हक के लिए लड़ने की भूख जागृत है. इसलिए ये नवयुवक भूल से भी कभी बहन जी का अपमान करना तो दूर उनके खिलाफ बोल भी नहीं सकते.

**प्रसंगवश**



**संजीव कुमार**

उत्तर प्रदेश में अपनी सत्ता गंवाने के बाद से बहुजन समाज पार्टी धीरे-धीरे क्षिण होती चली गई, इसका दुष्परिणाम हुआ कि भारतीय राजनीति में दलित राजनीति एकदम से स्थिर हो गई. 2014 से जब से देश में मोदी जी सत्ता में है दलितों पर लगातार हमले बढ़ते गए रोहित वेमुला,पायल तड़वी,ऊना कांड,हाथरस रेप जैसे बड़े-बड़े अपराध देश में देखने को मिले परंतु बसपा के नेता सत्ता से बेदखल होने के बाद भी कभी भी उनके हक के लिए खुलकर सड़क पर नहीं दिखे. 2019 में जब एससी एसटी एक्ट मैं संशोधन का मामला आया तब भी बहन जी शांत ही रही और चंद्रशेखर ने पूरा मामला संभाला, उसका परिणाम यह हुआ कि सरकार को बैक फुट पर आना हुआ. देश की राजनीति का इतिहास जब भी लिखा जाएगा इस बात का जिक्र उसमे जरूर होगा कि देश की दलित राजनीति में जब बहन जी की सबसे ज्यादा आवश्यकता थी तब बहन जी की ढुलमूल राजनीति की वजह से ही मोदी 2019 और 2024 की सत्ता वापसी करने में सफल हो रहे थे. आज भी बहन जी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर ही आरोप प्रत्यारोप करने की राजनीति को अपनी राजनीति मानने में लगी हुई है. वह राजनीति का शायद वह चैप्टर पढ़ना भूल गई है कि सवाल हमेशा सत्ता से होता है और राजनीति में कोई स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होता. भारतीय राजनीति की साधारण सी भी समझ रखने वाला नागरिक बहन जी और उनकी राजनीति के बारे में अच्छी तरह जानता है.आज की राजनीति में किसी भी पार्टी के पास कोई पक्की वोट बैंक नहीं है जबकि बहन जी के पास 10% का वोट बैंक हमेशा से बना हुआ है और यह वोट बैंक वह है जो पिछले 13 सालों से उनके लगातार हार के बावजूद ,बहुजन समाज पार्टी के गिरते ग्राफ के बावजूद भी उन्हें समर्थन देता रहा है.

राजनीतिक पार्टियों के बड़े से बड़े नेता आज के दौर में सड़कों में गलियों में धूल छान रहे हैं अपनी वोट बैंक को मजबूत करने के लिए जबकि विगत 15 सालों में बहन जी ने कोई बड़ा गैर राजनीतिक जन आंदोलन नहीं किया है जो कि इस पार्टी की गरिमा का सबसे बड़ा कार्य होना चाहिए. सभी पार्टियों को काफी धन खर्च करने के बाद उनके पास एक दो प्रतिशत वोट इधर से उधर खिसक पाता है. हमें यह याद होना चाहिए की 2024 की लोकसभा चुनाव में अगर बहन जी गठबंधन में शामिल होती तो इसका परिणाम यह होता की बीजेपी यूपी में 10 सीट भी जीत नहीं पाती.इसके अतिरिक्त बहुजन समाज पार्टी ने विभिन्न विधानसभाओं के चुनाव में भी गठबंधन से दूर रहकर बीजेपी को मजबूत करने का ही कार्य किया है .मै यह नहीं कहता की किसी गठबंधन का हिस्सा होना जरुरी है पर ऐसे वक्त जब दलित समाज अन्याय , धार्मिक पाखंड , अशिक्षा और बेरोजगारी के भंवर में फंसता जा रहा है पार्टी का इस तरफ विफल होना और उस पर सरकार के हर फैसले का स्वागत करना ,उनके खिलाफ लामबंद न होना एक कमजोर राजनितिक सूझबूझ को दशार्ता है ? जिस पार्टी को साइकिल से चल झ चल कर मान्यवर कांसीराम ने अपना परिवार ,अपना सुख छोड़कर देश का धूल फांका हो उस पार्टी के लोग इतने शांत इतने निष्क्रिय कैसे हो अकते है ?

राजनीति के धुरंधर आज भी मानते हैं की बहन जी को बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है, जिस तरह से अमित शाह, नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी ,केजरीवाल दिन-रात सोशल मीडिया और जन आंदोलन के जरिए अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में लगे रहते हैं उसका आधा भी अगर बहन जी करने को आतुर हो जाए तो भारतीय राजनीति में पुनः एक बड़ा भूचाल खड़ा हो जाएगा.पर यह बात मेरे या फिर किसी भी साधारण राजनीतिक समझ के लोगों के समझ से परे है कि आखिर बहन जी जन आंदोलन में क्यों नहीं शामिल हो रही, दलित समुदाय आज 5 किलो राशन पर पिछले 15 साल से बीजेपी को चुनती आ रही है और उनके हमले -शोषण बर्दाश्त कर रही है .

आज की राजनीति त्वरित प्रक्रिया पर निर्भर कर रही है स्वयं बसपा के संस्थापक मान्यवर कांसीराम जी ने भी कभी भी शासक बनने पर उतना जोर नहीं दिया, उनका मानना था कि आप शासक रहे या ना रहे परंतु अपने लोगों के स्वाभिमान की रक्षा आपको हर कीमत पर करने आनी चाहिए. बसपा की कमजोरी यही है कि जब वह सत्ता में होती है तभी उसे अपनी ताकत का एहसास होता है उसके बाद वह एक पुतला बन जाता है और अपने विचारों की लड़ाई भी वह भूल जाता है. बसपा को या फिर किसी भी दलित राजनेता को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनकी ताकत और उनकी कमजोरी उनके वही भाई बंधु हैं जिन्हें आज भी सम्मान से इस देश में जीने का अधिकार नहीं प्राप्त है और इसकी लड़ाई अगर आप सत्ता में रहते ही सिर्फ लड़ना जानते हैं तो आप यकीन मानिए एक राजनेता नहीं है. आपको सदैव उनके बीच रहने के लिए तैयार होना चाहिए सड़क से संसद तक अपनी आवाज के माध्यम से शासको को हिलाने की आपमें कुव्वत होनी चाहिए, चंद्रशेखर की देखा देखी अब बसपा के नेता भी जमीन पर उतरने की कोशिश कर रहे हैं पर उनके आव भाव तो ऐसे लगते हैं कि अभी भी वह जैसे समाज पर एहसान कर रहे हैं.

लेकिन चंद्रशेखर आजाद जब लोगों के न्याय के लिए सड़क पर उतरते है तो उनके तेवर देख कर ऐसा लगता है जैसे वे इस अमानवीय सिस्टम को जल्द से जल्द उखाड़ फेंकने वाले हैं.ऐसा तेवर दूसरे नेताओं में देखने को नहीं मिलता. पहले जब कभी किसी असहाय लोगों पर दुराचार होता था तब हमारे नेता घर बैठे ही घड़ियाली आंसू बहाते हुए न्याय के गुहार की बात करते थे परंतु जब से चंद्रशेखर आजाद ने सड़क पर उतरकर न्याय मांगने की जद्दोजहद शुरू की है तब से लगता है सारे नेता उनके पीछे उनका अनुसरण करते दिख रहे हैं. चंद्रशेखर आजाद के तेवर और न्याय कि भूख को देखकर ऐसा लगता है कि आज भारत में सिर्फ वही एक इकलौता नेता है जो असहाय लोगों के साथ हर वक्त खड़ा है. इसलिए वक्त आ गया है की बहन जी दलित राजनीति को या तो पुनर्जीवित करने का कार्य करें या फिर चंद्रशेखर के लिए रास्ता छोड़ें क्योंकि अब यह देश ए सी में बैठकर राजनीति करने वालों को स्वीकार करना बंद कर चुका है.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**व्यंग्य**



# सज्जन कुमारों सावधान

**धर्मपाल महेंद्र जैन**

राजनीति के सज्जन कुमारों, अपने कुर्ते में भीतर झाँक कर देख लो कि अंदर कितने काले धब्बे हैं। कुछ बाहुबली पाएँगे कि उनके लखनवी कसीदाकारी वाले भारी कुर्तों में एकदम काला अस्तर लगा है। ऊपर चकाचक सफेद, भीतर वीभत्स काला। तन पवित्र और गोरा, मन कुलटा और काला। मुझे लगता है मंदिर-मस्जिदों की खुदाई करवाते-करवाते न्यायपालिका सज्जन कुमारों के अतीत की समीक्षा करने लगी है। दोषियों के कुकृत्यों के लिए उन्हें वह फाँसी नहीं दे पाए तो भी उनके आजीवन कारावास का पक्का बंदोबस्त अदालत ने कर दिया है।

त्रेता और द्वापर युग में जब धर्म पर संकट आता था राम-कृष्ण अवतरित हो जाते थे। पर इस जमाने में धर्म 'संकट-प्रूफ' है। अब धर्म को बचाने के लिए भगवान के आने की जरूरत नहीं है। गली-गली में ही सैकड़ों धर्मरक्षक हैं। अब संकट आता है तो केवल जनता पर आता है, वही भुगतती है। ऐसे में न्यायपालिका ने जनता के पक्ष में खड़े होने की बात करी तो उसका अभिनंदन करने का मन हुआ। इसी सोच में इच्छा हुई कि गीता के प्रसिद्ध श्लोक में धर्म की जगह जनता लिख दूँ-यदा यदा हि 'जनस्य' ग्लानिर्भवति भारत।अभ्युत्थानम जनस्य, न्यायपालिका सृजाम्यहम्।

किसी जमाने में राजनेता रहे सज्जन कुमार को पिछले दिनों न्यायपालिका ने दुर्जन कुमार करार दे कर उसे आजीवन कारावास की सजा दे दी। अदालत को एक की बजाय दो-दो आजीवन कारावास की सजा सुनाने भी संकोच नहीं हुआ। अब सज्जन कुमार दूसरा जन्म भी पा लें तो आजीवन कारावास की दूसरी सजा भोगें। चाहे ऐसा वांछित न्याय करने में न्यायपालिका को चालीस साल लग गए, पर अंततः उसने न्याय ही किया। कानून और व्यवस्था को जेब में रखने वाले जो गुंडा तत्व, राजनेता बन कर खुद को पाक-साफ समझते थे वे जान गए कि कानून अंधा जरूर है पर उसे दिखता सब है। और जब वह अपनी लाठी उठाता है तो उसे चलाता भी है। जिन राजनेताओं के आचरण बाहुबलियों जैसे अधिक हैं, जो राजनीति का सुरक्षा कवच पहन कर निर्भीक हो जाते हैं, अब उन्हें सावधान हो जाना चाहिए। आज उन्हें दंड नहीं मिले पर एक दिन ऐसा आएगा कि उनके पीछे जय-जयकार करने वालों की भीड़ नहीं होगी। उनके लिए 'पॉवर' खरीदने वाले कुबेरपति नहीं होंगे। विपक्षियों को जमीदोंज कर देने वाले बुल्डोजर नहीं होंगे और तब किसी न्याय के पुजारी की अंतर्आत्मा जाग जाएगी। जिस राजनेता के कदमों तले जनता मिट्टी-सी महीन और कुचले जाने के लिए बिछी लगती थी, एक दिन वह जीत जाएगी। जनता में कानून के प्रति विश्वास बना रहे इसलिए जरूरी है कि अदालत में जनता की सुनवाई हो।

आज मैं खुश हूँ। खुशी न्यायालय का एक अन्य निर्णय पढ़ कर भी हुई है। यूँ आमतौर पर न्यायालय के कामकाज पर टीका-टिप्पणी करने का सर्वाधिकार माननीय काले कोट वालों का है, पर मैं सोचता हूँ न्यायालय को बधाई देना है तो कैसा डर। कोर्ट ने बड़े राजनेताओं को आईना दिखाते हुए सार रूप में कहा है झ 'राजनीतिक नेता पूरी तरह से आम नागरिकों के समान हैं, जिनके पास कोई विशिष्ट अधिकार नहीं हैं।' निश्चित ही इस निर्णय से कई घमंडिया राजनेताओं की हवा निकल गई होगी। उनका भ्रम टूटा होगा और वे फुस्स हो गए होंगे। जिन्हें मुगालता था कि वे कानून से बड़े हैं, वे कुछ भी कर सकते हैं और कोई उनका कुछ बिगाड़ नहीं सकता, अब उनकी ढिबरी टाइट हो गई होगी। न्यायपालिका ने सत्तारुढ़ियों और विपक्षियों दोनों को अपरोक्ष संदेश दे दिया था कि राजनेताओं की अवैधानिक हरकतें अब नहीं चलेगी। जनता के अधिकारों का हनन हुआ तो न्यायपालिका कार्यवाही करेगी। देर हो सकती है, पर अंधेर नहीं।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, +416 225 2415)**

# नशामुक्ति केंद्र में हुई हत्या के आरोपी गिरफ्तार



आलाकत्ल के साथ पकड़े गये आरोपी

**कामयाबी**

### घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली कटरा पर विगत एक मार्च को वादी अकालून पुत्र स्व0 अस्फाक निवासी बड़ी बसही थाना कोतवाली कटरा द्वारा नामजद आरोपियों के विरुद्ध वादी के पुत्र को नशा मुक्ति केन्द्र में कार्य करने वालों द्वारा मारापीटा गया जिससे मृत्यु होने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली कटरा पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कटरा निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली कटरा पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक, भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए रविवार को थाना कोतवाली कटरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली कटरा क्षेत्र से घटना से शिवम तिवारी पुत्र स्व0 छविनाथ तिवारी निवासी बड़ाचाका नैनी थाना नैनी जनपद प्रयागराज व बुल्ली उर्फ रमाशंकर प्रजापति पुत्र परषोत्तम प्रजापति निवासी वासलीगंज थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर आलाकत्ल एक अदद लोहे की पाइप व एक अदद बांस का बेत बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे नशामुक्ति केन्द्र लोहदी ब्रांच में निरूद्ध लोगों की देखरेख का कार्य करते है। तौसीफ अंसारी 14 फरवरी को नशामुक्ति केन्द्र में परिवारिजन द्वारा दाखिल कराया गया था जो केन्द्र से पूर्व में भागने का प्रयास किया था जिसे पकड़ कर लाया गया था। कुछ दिन बाद पुनः भागने का प्रयास किया तो तौसीफ को हम लोगों द्वारा पकड़ कर लाया गया। इस दौरान गाली-गलौज किया गया तो जिससे आवेश में आकर मारापीटा गया जिससे उसकी की मृत्यु हो गयी।

## महिला के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सफलता**

### घटना में प्रयुक्त पिकप व आलाकत्ल बरामद

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान पर विगत एक मार्च को वादी अशोक पुत्र सोमारू निवासी डुडवा धरमपुर थाना भदोही जनपद भदोही द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी के भाई की पत्नी मालती की हत्या कर शव को मड़िहान क्षेत्रांतर्गत खेत में फेकने व महिला मालती के पुत्र रौनक को मारने की नियत से पुल से नीचे फेकने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा तत्समय घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित कर घटना का यथाशीघ्र सफल अनावरण करने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक, भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए रविवार को थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित अभियुक्त राजेन्द्र बिन्द पुत्र स्व0 लालमन बिन्द निवासी सौरा थाना औराई जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल एक अदद सूजा बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त पिकप वाहन को 207 एमवी एक्ट में सीज करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि महिला करीब 03 वर्षों तक उसके साथ लिव-इन-रिलेशन में रही और बाद में करीब-01 वर्ष पूर्व विनोद गौतम नाम के व्यक्ति के साथ शादी कर ली थी। मालती द्वारा बार-बार धमका कर राजेन्द्र बिन्द उपरोक्त से पैसे की मांग की जाती थी और फिर से उसी के साथ रहने के लिए दबाव बना रही थीं। जिससे परेशान होकर मालती से पीछा छुड़ाने के लिए मैने उसे बुलाकर उसकी हत्या कर शव को मड़िहान में सड़क किनारे खेत में फेंक दिया था तथा मालती के पुत्र रौनक को मारने की नियत से पुल से नीचे फेंक दिया था।



घटना की जानकारी देते एसपी नक्सल

## संक्षेप

### जन आरोग्य मेले में 133 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया।** विकास खंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमंडगंज और बरौंधा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मरीजों का चिकित्सकों ने उपचार कर निःशुल्क दवाएं दी। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 कामेश्वर तिवारी ने कुल 41 मरीजों का उपचार कर मरीजों को दवा वितरित किया। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में चिकित्सक बाल कृष्ण मिश्र ने कुल 49 मरीजों का उपचार किया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में कुल 43 मरीजों का डा0 सुरेश कनौजिया ने उपचार किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया डा0 अवधेश कुमार ने बताया कि तीनों नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर कुल 133 मरीजों का उपचार किया गया और निःशुल्क दवाएं दी गई है।

### बाइक से गिर कर महिला घायल

**हलिया।** रविवार को कस्बा में बाइक से जा रही महिला सामने से आ रही आटो से बचने में सड़क पर गिरकर घायल हो गयी। ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवा गांव निवासी रामा की 65 वर्षीय पत्नी जयंती हलिया बाजार में बाइक पर पीछे बैठ कर जा रही थी। सामने से आ रही आटो से बचाने में सड़क पर गिरकर घायल हो गई। लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### आटो की टक्कर से युवक घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव में हलिया जड़कुड़ मार्ग पर एक व्यक्ति ने सड़क किनारे ठेला लगाकर सब्जी बेच रहा था। उसी दौरान अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से निजी साधन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक ने सिर में गंभीर चोट देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के हलिया जड़कुड़ मार्ग के मनिगढ़ा बाजार के पास जयकरन 40 वर्ष ठेले पर सब्जी बेच रहा था। उसी समय एक अनियंत्रित ऑटो चालक ने तेज गति से टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### पैरामेडिकल में वार्षिकोत्सव का किया गया आयोजन

**गैपुरा।** छानबे क्षेत्र के गैपुरा में स्वामी परम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की चेयरमैन साधना देवी द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मनमोहन लिया। इस दौरान रामचंद्र यादव, गोरख कुमार, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, दीपक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के महुगढ़ी गांव निवासी निर्मला पत्नी हरिकृष्ण ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गांव निवासी चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में निर्मला ने आरोप लगाया कि रविवार दिन में महिला मजदूर बिटोला देवी के साथ घर पर काम करवा रही थी। उसी दौरान जमीन पर लकड़ी रखने की बात को लेकर घर पर आकर पट्टीदार राजन, मनोज, राजन की पत्नी वंदना व अशोक की पुत्री शिखा गाली गलौज देने लगे। मना करने पर मारने पीटने लगे। जिससे मेरे पैर में चोटें आ गई है। मारने पीटने के बाद सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर मजदूर की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मीरजापुर औराई मार्ग पर चील्ह तिराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भदोही जनपद के भदोही थाना अंतर्गत प्रजापतपुर गांव निवासी 48 वर्षीय मूलचंद पुत्र रामनाथ रविवार की ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठकर मीरजापुर कहीं छत ढ़लाई का कार्य करने जा रहा था। वह जैसे ही चील्ह तिराहे पर पहुंचा था कि रोड पर लगी ब्रेकर से ट्राली उछलने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल मजदूर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में देखते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मूलचंद के पुत्र राजबहादुर ने बताया कि मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। मृतक को पांच पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। मूलचंद के मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## अतिक्रमण के चलते बाजार में लग रहा जाम

**लालगंज।** बाजार में सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। इस समस्या के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। जिससे स्कूली छात्राओं, राहगीरों और यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने और अवैध निर्माण हटाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता हूबलाल दूबे ने कहा लालगंज बाजार में सड़क के दोनों ओर फैले अतिक्रमण के कारण वाहनों और राहगीरों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचता। जाम की स्थिति न केवल बाजार के सौंदर्य को बिगाड़ रही है बल्कि लोगों के दैनिक जीवन को भी प्रभावित कर रही है। दुबार निवासी राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि बाजार के आसपास अवैध निर्माण तेजी से हो रहे हैं। जिससे सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा अतिक्रमण के कारण छात्रों और खासतौर पर छात्राओं को स्कूल और कॉलेज जाते समय भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति तत्काल ध्यान देने की मांग करती है। रामसेवक पटेल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अतिक्रमण पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों को बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बाजार निवासी गणेश सोनी ने कहा कि बाजार में फैले अतिक्रमण के चलते सड़क संकरी हो गई है। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति प्रशासन की लापरवाही को दशार्ती है।

## पांचवीं बार जिलाध्यक्ष बने विनय सिंह



नवनियुक्त पदाधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेत नारायण गुट का जनपदीय वार्षिक चुनाव सरस्वती विद्या मंदिर महंथ शिवाला के प्रांगण में चुनाव अधिकारी प्रेम बहादुर सिंह मंडलीय मंत्री, विंध्याचल मंडल की देखरेख में संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह साथ में रहे। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र तिवारी, संगठन के संरक्षक दादा श्री राम नारायण सिंह की उपस्थिति में चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से हुआ। जिसमें विनय कुमार सिंह बीएलजे इंटर कॉलेज जिलाध्यक्ष, सागर लाल सोनकर ए एस जुबली कॉलेज जिला मंत्री एवं दीपक कनौजिया श्री शिव इंटर कॉलेज कोषाध्यक्ष चुने गए। नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी, प्रशांत वर्मा आय - व्यय निरीक्षक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वय पंकज श्रीवास्तव जुबली कॉलेज, रविन्द्र नारायण सिंह माडल इण्टर कॉलेज रूदौली निर्वाचित हुए। शेष 07 उपाध्यक्षगण, 09 संयुक्त मंत्री, ब्लाक वॉर प्रभारीगण आदि सहित अन्य पदों के चयन की जिम्मेदारी जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री और कोषाध्यक्ष को संयुक्त रूप से दी गई है। चुनाव उपरांत पदाधिकारियों ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, छात्र हित में कार्य करने के साथ ही शिक्षकों की समस्या समाधान में तेजी लाने का विश्वास एवं भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन सिंह, विनोद मिश्रा, दिनेश कुमार, राजेश सिंह, वीरेंद्र प्रताप, रत्नेश सिंह, विजय दुबे, अंशुमान दुबे, विवेक सिंह, समरेंद प्रताप सिंह, कमल नयन सिंह, महेंद्र प्रताप, अमरदीप, कुलदीप, सतीश सिंह, श्यामजी मिश्र, ग्रीन गुरु अनिल सिंह, बाबूराम गुप्ता, इंदु जायसवाल आदि रहे।

## अलग अलग घटना में दो घायल

**हलिया।** सड़क से गुजर रहे ट्रैक्टर के धक्के से रविवार को एक व्यक्ति घायल हो गया। दूसरी घटना छत पर मोबाइल देख रही एक युवती गिरकर घायल हो गई। रविवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बे में ट्रैक्टर के धक्के से एक व्यक्ति घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के हलिया गांव निवासी 35 वर्षीय रघुनाथ मौर्य किसी कार्य से बाजार जा रहे थे कि घर से थोड़ी दूर पर सड़क पर गुजर रहा एक ट्रैक्टर से धक्का लगने से सिर में गम्भीर चोटे आयी जिसे चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना हलिया गांव निवासी अलीम खान की 22 वर्षीय पुत्री करिश्मा बानों घर के छत पर मोबाइल फोन चलाने के दौरान अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन दोनों को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिये मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## सरकार की नीतियों के विरोध में सपाइयों ने किया प्रदर्शन

**जमालपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा रविवार को जमालपुर एवं नारायणपुर ब्लाक की मासिक बैठक महादेवपुर गांव स्थित अमृत सरोवर पर संपन्न हुई। बैठक में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मौजूदा सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में सरोवर के जल में अर्धनग्न अवस्था में खड़े होकर डा0 भीमराव अम्बेडकर व सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तस्वीर हाथों में लेकर भाजपा



सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रकट करते हुए प्रर्दशन किया। चुनार विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार ने जनता को मंहगाई की आग में झोंक दिया है। डीजल, रसोई गैस, पिट्रोल और खाद्य पदार्थ का दाम आसमान में पहुंच गया है जिससे गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों का बुरा हाल हो चुका है। इस दौरान दिनेश यादव, श्रीकांत सिंह पटेल, विजय सिंह पटेल, रमेश सिंह, स्वामी, रफीक अहमद, रमाकांत चौबे, रामजन्म सिंह, विजय बियार, उमाशंकर यादव, जटाशंकर यादव, हंस लाल बियार, सद्दाम हुसैन, दिलीप गुप्ता, अखिलेश पटेल सहित तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार में जेडी के आदेश पर लिपिक पड़ा भारी

**दुस्साहस**

### शिक्षकों के हर देयक भुगतान में भ्रष्टाचार का आरोप

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष केदारनाथ दूबे ने भदोही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अटैच पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका विद्यालय महराजगंज के लिपिक सतीश के भ्रष्टाचार की शिकायत प्रमुख सचिव माध्यमिक से की है। आरोप लगाया है कि संयुक्त शिक्षा निदेशक ने आरोपी लिपिक को तत्काल कार्यमुक्त करने के लिए आदेश भी जारी कर दिया, किंतु जिला विद्यालय निरीक्षक भदोही उसे कार्यमुक्त नहीं कर रहे हैं। प्रमुख सचिव माध्यमिक को भेजे अपने पत्र में श्री दूबे ने आरोप लगाया है कि राजकीय बालिका विद्यालय के लिपिक ने अपने रसूख के बल पर पहले भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भदोही में एक बार अटैच कराया था, जिसके बाद उसके द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और शिक्षकों का उत्पीड़न किया गया था। संगठन के भारी विरोध के बाद उसे हटा दिया गया था। कुछ समय बाद पुनः लिपिक ने अपने रसूख का इस्तेमाल कर डीआईओएस कार्यालय भदोही में अटैच करा लिया। डीआईओएस लिपिक पर इस कदर मेहरबान हैं कि आरोपी लिपिक सतीश को माध्यमिक और लेखा जैसे दोनों महत्वपूर्ण पटल संबंधित लिपिक को दे दिया। हालात यह है कि भदोही के शिक्षकों का दो दो साल से एरियर बिना भ्रष्टाचार के नहीं दिया जा रहा। इस संबंध में श्री दूबे की शिकायत पर संयुक्त शिक्षा निदेशक उदयभान ने 25 फरवरी को जिला विद्यालय निरीक्षक भदोही को आरोपी लिपिक सतीश की तत्काल संबद्धता समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। बावजूद इसके डीआईओएस भदोही उसे पद पर बनाए हुए हैं।

## अज्ञात कारणों से जंगल में लगी आग

**हलिया।** वन सेन्चुरीअभ्यारण्य जंगल के हर्रा कंपार्टमेंट नम्बर तीन सरयी जंगल में रविवार की अपराह्न अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जंगल में सूखे पत्तों के कारण आग तेजी से फैलाव कर रही है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम आग बुझाने में जुट गयी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जंगल में आग लगने के कारण राहगीरों द्वारा बीड़ी सिगरेट पीकर फेंक दिया होगा। फरवरी माह में ही जंगल में आग लगने का शिलशिला जारी हो गया। अभी गर्मी के आगाज होने के पूर्व ही जंगल में आग लगना शुरू हो गया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने आग बुझाने के लिए चारों तरफ से बाउंड्री बनाकर झाड़ झंकार को साफ करने में जुटे हुए हैं जिससे आग के फैलाव को रोका जा सके। इस मौके पर वन विभाग की टीम में सी0पी0 त्रिपाठी, सुरज पांडेय, शीतला, नीतू शर्मा आदि सहित दर्जनों वनकर्मी आग बुझाने पर जुट गए हैं। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया कि जंगल में आग लगी है। वन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है। आग लगने से पतझड़ के पत्ते जले है। आग पर काबू पा लिया गया है।

## सड़क पर बह रहे पानी को लेकर प्रधान ने अधिकारियों को सौंपा पत्रक

**मांग**

### पुलिया व नाली निर्माण करवाने की मांग

**हलिया।** क्षेत्र के देवहट ग्राम पंचायत के प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता सहित ड्रमंडगंज निवासी तारकेश्वर केशरी, धीरज केशरी, कृष्ण गोपाल केशरी, सुधीर कुमार, सूरज आदि ने ड्रमंडगंज बाजार में ड्रमंडगंज हलिया मार्ग पर कई महीनों से सड़क पर बह रहे गंदा पानी से निजात दिलाने हेतु एसडीएम लालगंज युगांतर त्रिपाठी सहित एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को पत्रक दिया है। दिए गए पत्रक में ग्राम प्रधान ने बताया कि ड्रमंडगंज बाजार में एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क और नाली निर्माण करवाया गया था। जिसमें गलत ढंग से हुए कार्यों की वजह से ड्रमंडगंज चौराहा ड्रमंडगंज हलिया मार्ग पर पानी निकासी नहीं होने से सड़क पर गहरा गड्ढा हो गया है। हमेशा जलजमाव की स्थिति बनी हुई है और आए दिन लोग गिरकर चोटिल होते हैं।

संबंधित विभाग एक दूसरे के ऊपर कार्यों को टाल रहे हैं। हल्की भी बारिश में जल निकासी नहीं होने से सड़क किनारे बने घरों में पानी घुसने लगता है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1076 पर भी शिकायत की लेकिन शिकायत का निराकरण नहीं हो सका। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने ड्रमंडगंज बाजार में जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने हेतु पुलिया और नाली निर्माण करवाए जाने की मांग किया है। प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता ने बताया कि एसडीएम लालगंज ने मामले का निस्तारण करवाए जाने का आश्वासन दिया है।

## गांजे के साथ एक गिरफ्तार

मीरजापुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उप-निरीक्षक आशुतोष सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत बड़ागाव पहाड़ी तिराहे के पास से आरोपी रामलला कुमार उर्फ रामलला रोशन पुत्र तेज नारायण सिंह निवासी सोनमा बहेरवा दरभंगा बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 950 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

## तेज गति से फर्राटा भर रहे वाहन, दुर्घटना की आशंका

**लालगंज।** क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों पर तेज गति से दौड़ रहे बाइकों और अन्य वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वाहन चालकों की स्पीड जांच और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की मांग तेज कर दी है। उनका कहना है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्रा ने कहा ग्रामीण सड़कों पर बाइकों और अन्य वाहनों की अनियंत्रित गति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई दुर्घटनाएं इतनी गंभीर होती हैं कि लोग अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रशासन को इन वाहनों पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता जीवनलाल दुबे ने कहा कि अनियंत्रित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई किए बिना यातायात को सुरक्षित नहीं बनाया जा सकता। कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष शिवशंकर पाण्डेय ने कहा कि यातायात नियमों को सख्ती से लागू करना और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। अगर समय पर कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। ग्रामीणों ने सुझाव दिया है कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित गश्त के साथ स्पीड चेकिंग अनिवार्य की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं।

### एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में रिक्रूट आरक्षियों के ट्रेनिंग जेटीसी एवं आरटीसी के दृष्टिगत पुलिस लाइन का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के आवासीय व्यवस्था, क्लासरूम, स्नानागार, शौचालय एवं परेड ग्राउण्ड का भ्रमण, निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारीगण को आधारभूत प्रशिक्षण सम्बन्धित मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए। जनपद में जेटीसी प्रशिक्षण हेतु आवंटित रिक्रूटों की संख्या-627 है जिसमें 502 पुरूष और 125 महिलाएं शामिल है। आरटीसी प्रशिक्षण हेतु आवंटित रिक्रूटों की संख्या-400 पुरूष है। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी एलआईयू, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।



पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते एसपी

## सीओ ने चौकीदारों के साथ बैठक कर ली जानकारी



बैठक करते क्षेत्राधिकारी सदर

**चील्ह।** आगामी त्यौहार होलिका दहन व होली को देखते हुए चील्ह थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर की अध्यक्षता में रविवार क्षेत्र के समस्त चौकीदारों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी सदर ने सभी चौकीदारों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे मे जानकारी लिया। चौकीदारों से क्षेत्र की होलिका दहन व होली के दिन होने वाले समस्याओं के बारे में जानकारी ली। चौकीदारों को किसी भी समस्या के लिए थाने में बैठे अधिकारी व उच्चधिकारियों को सूचित करने के लिए प्रेरित किया। थाने का नंबर व उच्चधिकारियों का नंबर नोट कराया गया। बताया कि किसी को भी अगर कोई समस्या होती है तो थाने पर उसकी समस्या नहीं सुनी जाती हो तो वह सीओ कार्यालय आकर अपनी समस्या बता सकता है। उसकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बैठक में चौकीदारों को अपने कार्य के प्रति सजग व सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रभारी थाना अध्यक्ष संजय सिंह के साथ समस्त थाना स्टाफ व भारी संख्या में चौकीदार उपस्थित रहे।

### सीमेंट लदे ट्रक ने पीछे से ट्रक में मारी टक्कर, चालक सुरक्षित

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास रविवार सुबह अंगूर लादकर जा रहे ट्रक में पीछे से सीमेंट लादकर जा रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। घटना में दोनों वाहनों के चालक बाल बाल बच गए। नासिक से अंगूर लादकर बलिया जा रहा ट्रक सुबह करीब छह बजे जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से तीन सौ मीटर पहले पहुंचा तो पीछे से तेज गति से सीमेंट लादकर मीरजापुर की ओर जा रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। सीमेंट लादकर जा रहा ट्रक चालक जितेन्द्र केवट निवासी सतना ट्रक से नीचे कूद गया। सीमेंट लदे ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं अंगूर लदे ट्रक का पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और करीब बीस पेटी अंगूर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक अखिलेश यादव ने घटना की जांच पड़ताल की। उपनिरीक्षक अखिलेश यादव ने बताया कि सीमेंट लदे ट्रक का चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बंधित कार्यवाही करते हुए रविवार को उप निरीक्षक संजय सिंह यादव, उप निरीक्षक रमाशंकर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से एक आरोपी नितिश पुत्र धीरेन्द्र उर्फ मुन्ना निवासी धौरीकोर्ट थाना चन्दौली को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### चोरों ने बाइक पर फेरी निगाह, देखते ही गायब हुई बाइक

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के करियाडीह निवासी का मोटर साइकिल कटरा कोतवाली क्षेत्र के माल गोदाम के पास से चोरों ने गायब कर दिया। शनिवार को दिनदहाड़े चोरों ने करियाडीह निवासी पप्पू यादव की मोटर साइकिल पर हाथ साफ किया। पप्पू यादव अपनी मोटर साइकिल माल गोदाम में खड़ी करके किसी काम से स्टेशन पर गया था। आने पर देखा तो उसकी मोटर साइकिल चोरी हो गई थी। काफी पूछताछ करने के बाद भी मोटर साइकिल नहीं मिली। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

### ब्रेक फेल होने से पहाड़ से टकराया ट्रक

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर हनुमान घाटी के पास ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने के कारण पहाड़ से टकराई गई जिसमें चालक घायल हो गया। प्राप्त सूचना के आधार पर जनपद पीलीभीत थाना बिलसंडा ग्राम बहेटी निवासी चालक महेश पुत्र रामकिशन 27 वर्ष, लकड़ी लादकर सोनभद्र से वाराणसी की तरफ जा रही थी। अचानक थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी के पास ब्रेक फेल हो गया और पहाड़ में जा टकराई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हल्की चोट आने के कारण सुरक्षित घर भेज दिया गया।

# बोलेरो समेत भारी मात्रा में शराब जब्त, तस्कर फरार

जनसंदेश न्यूज

डाला सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में चोपन पुलिस ने शनिवार की देर शाम डाला चढ़ाई से बोलेरो में रखा 167. 600 ली. भारी मात्रा में शराब वाहन समेत बरामद किया।

चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक बोलेरो वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाया जा रहा है सूचना को सत्य मानकर टीम गठित कर वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर डाला चढ़ाई के समीप बोलेरो वाहन को रोक कर तलाशी ली गई तो उसमें 820 प्लास्टिक की सीसी आफ्टर डार्क ब्लू रेयर ग्रीन व्हिस्की 180 एम एल यानी कुल 167. 600 ली.बरामद हुआ अंधेरे का फायदा उठाकर बोलेरो पर बैठे तीनों व्यक्ति भाग गये। चोपन थान पर वांछित अभियुक्त गण देवराज पुत्र चंद्रमणि निवासी रावट्र्सगंज, बोलेरो स्वामी रंजीत कुमार पुत्र शोधन महतो निवासी महतो टोला नियर शिवालय मंदिर डुलमी कान्देर राजरप्पा डुलमी रामगढ़ व दीपक कुमार पुत्र रामप्रवेश पासवान निवासी अमेर नावानगर वैशाली बिहार तथा मुन्ना कुमार पुत्र रंजीत भगत निवासी अमेर, वैशाली, बिडुपुर बाजार बिहार व एक नाम पता अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक,डाला चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल,हेड कांस्टेबल हरि सिंह यादव, मनोज कुमार, कांस्टेबल सत्यप्रकाश शामिल रहे।


बरामद शराब के साथ पकड़ा गया वाहन

### अंडे की दुकान में लगी आग हजारों का सामान खाक

ओबरा। स्थानीय चोपन रोड पर स्थित एक अंडे के थोक विक्रेता की दूकान में शनिवार की देर रात बिजली की शॉट शर्किट की वजह से आग लग जाने से हजारों रुपए के अंडे सहित फ्रिज और कुलर तथा पंखा जलकर राख हो गया ।घटना की सूचना ओबरा थाना सहित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के फायर विंग को जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच फायर के जवानों ने आग बुझाया ।जब तक आग बुझती तब तक लगभग तीस हजार के अंडे सहित फ्रिज, कुलर एवं पंखा जलकर राख हो गया। वही ओबरा पुलिस भी मौके पर पहुंच आग बुझने में मदद की ।पीड़ित मोईद आलम ने बताया कि शनिवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे दूकान बंद कर घर चला गया था लेकिन लगभग एक घंटा बाद दूकान के बगल में रहने वाला एक मित्र ने फोन कर आग लगने की सूचना दी ।जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच आस पास के लोगों की मदद से आग बुझाने में जुट गए ।इसके बाद सूचना पर फायर के जवानों ने मौके पर पहुंच आग बुझा लिया ।जिससे नुकसान कम हुआ। अन्यथा की स्थिति ने काफी नुकसान हो जाता।

# वीर अभिमन्यु के शौर्य पराक्रम की लीला का हुआ सुंदर मंचन

रासलीला

**कौरवों ने छल से किया वीर अभिमन्यु का वध**

**रासविहार,मयूर नृत्य, वीर अभिमन्यु वध, जयद्रथ वध का किया गया मंचन**

जनसंदेश न्यूज


लीला का मंचन करते कलाकार

सोनभद्र। नगर के राममलीला मैदान में चल रहे नौ दिवसीय रासलीला के चौथे दिन वीर अभिमन्यु के शौर्य पराक्रम की लीला का सुंदर मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बतादें कि स्वामी दाऊद दयाल उपाध्याय की रासलीला मडंली के द्वारा रासलीला, रासविहार,मयूर नृत्य, वीर अभिमन्यु वध, जयद्रथ वध का मंचन किया गया।

रास विहार मयूर नृत्य देख कर दर्शक भक्ति विभोर हो गये। रात में खेली गई रासलीला के मंचन मे पांडवों और कौरवो का युद्ध दिखाया गया। युद्ध के दौरान अर्जुन की अनुपस्थिति में कौरवों ने चक्रवयूह की रचना की। कौरवो को मालूम था कि पांडवों की सेना मे अर्जुन के अतिरिक्त चक्र व्यूह तोड़ना किसी को नही आता है। च्रकव्यहू की सूचना मिलते ही पाडवों की सेना में खलभली मच गई कि कौन योद्धा च्रकव्यूह को तोड़ेगा। युद्ध में अभिमन्यु धीरे धीरे विजय की तरफ बढ़ रहा था कि सातों महारथियो ने अभिमन्यु का छल कपट से वध कर दिया। इस अवसर पर समिति के जितेंद्र सिंह, कृषमुरारी गुप्ता, राम प्रसाद यादव, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येंद्र पांडेय, रविंद्र केशरी, दीपक केसरवानी, बृजेश शुक्ला, प्रशांत जैन, मखंच्चु, अमित जायसवाल, विपिन श्रीवास्तव, अनुपम त्रिपाठी, आशुतोष पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### संविदा श्रमिकों के लिए आयोजित की गई बीबीएसओ प्रतियोगिता



संविदा श्रमिकों को देते प्रतियोगिता से जुड़ी जानकारी

रेणुकूट/सोनभद्र । हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संविदाकार श्रमिकों के लिए बीबीएसओ प्रतियोगिता का आयोजन ट्रेनिंग सेन्टर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 5 संविदाकार श्रमिकों ने भाग लिया। संचालन सुशील पाण्डेय ने किया। प्रतियोगिता के जज प्रदीप्ता मिश्रा, विवेकानन्द, तपन पाल, सुरेश शुक्ला रहे। प्रतियोगिता में अभिषेक सिंह मेसर्स लोटस इंफ्रास्ट्रक्चर ने प्रथम, अश्वनी गुप्ता मेसर्स जनरल कंस्ट्रक्शन कंपनीने द्वितीय और वेंकट रमन मिश्रा मेसर्स स्वरुप इंजीनियरिंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हेमंत श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संविदा श्रमिकों ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।

### ओबरा में पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के अध्यक्ष बने अरविंद कुशवाहा

ओबरा। गीता मंदिर सेक्टर 8 पर पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति का गठन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के द्वारा की गई जिसमें पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति सोनभद्र के जिला अध्यक्ष के द्वारा अध्यक्ष अरविन्द कुशवाहा व महासचिव अजीत सिंह नाम का प्रस्ताव रखा गया जिस पर सभी पत्रकारों ने सर्वसम्मत स्वीकृति देकर अपने अध्यक्ष व महामंत्री का अभिवादन किया ।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सतीश भाटिया, भोला दुबे, राम प्यारे, सुरेंद्र सिंह, राकेश अग्रहरी, कृपा शंकर पाण्डेय, सन्तोष साहनी, कन्हिया केशरी, अनुज जायसवाल, विकाश कुमार, शिव प्रताप सिंह, कुमधज चौधरी, मुस्ताक अहमद, किरन गौड़ व अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### जलजलिया में दो महीने से जला ट्रांसफॉर्मर

बीजपुर(सोनभद्र)। नधिरा उपकेंद्र के बकरिहवा फीडर अंतर्गत महुली गाँव के टोला जलजलिया में दो महीने से 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जला पड़ा है ।उक्त ट्रांसफॉर्मर से पोषित बस्ती के लगभग 50 घरों में अंधेरा पसरा पड़ा है बिजली के अभाव में पेयजल की किल्लत के साथ यूपी बोर्ड परीक्षा में बच्चों की पढ़ाई लिखाई चौपट हो रही है ।ग्रामीणों ने इसकी शिकायत 1912 टोल फ्री नम्बर पर किया लेकिन दो महीने बाद भी मामला जश के तश पड़ा है ।ग्रामीण लक्ष्मण यादव रामसागर राधेश्याम अवधेश लल्लू गुप्ता लाल प्रताप विसुनकान्ति संतलाल काशी राम सहित अनेक ने बताया कि जेई बिहारी लाल से बार बार बात की गयी लेकिन केवल आज कल लगेगा का बहाना बनाया जा रहा है ।इस बाबत एसडीओ म्योरपुर शिवम गुप्ता ने कहा कि हमको जानकारी नही थी अब हुई है एक दो दिन में लगवा दिया जाएगा।

### सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की अगुवाई में भाईचारा बनाओ यात्रा का आगमन चार मार्च को

सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि जन अधिकार पार्टी के तत्वावधान में पार्टी के संस्थापक एवं जौनपुर से सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की अगुवाई में विगत सात दिसम्बर 2024 से संविधान को मजबूती प्रदान करने के लिए निकाली गयी भाईचारा बनाओ यात्रा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से होकर चार मार्च 2025 को जनपद सोनभद्र में सुकृत से प्रातः नौ बजे प्रवेश करेगी। जो दिनांक चार व पांच मार्च 2025 को सोनभद्र के विधानसभा रावट्र्सगंज व घोरावल के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए दिनांक छह मार्च 2025 को प्रातः मिजार्पुर के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा में जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा एवं अन्य राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



चोपन/ सोनभद्र। चोपन पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज यादव उर्फ अनुज और विजय शंकर यादव के रूप में हुई है। दोनों महुआंव खुर्द गांव के रहने वाले हैं और 19 वर्ष के हैं। पुलिस ने इनके पास से 2.016 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई 1 मार्च 2025 को रात करीब 11:45 बजे मनु मिस्त्री चौराहा गड़ईडीह के पास की गई। आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल (नंबर वढ64 अ3886) और गांजा बिक्री से मिले 15,120 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29/60 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। इस मामले में एक आरोपी ऋषि यादव अभी फरार है, जो डुमरसोत बिहार का रहने वाला है ।इस कार्रवाई में चोपन थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में उप-निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, कांस्टेबल तेजबहादुर और महिला कांस्टेबल रोहिणी सिंह की टीम शामिल थी।

# डीएम ने फ्लोरोसिस प्रभावित पडरछ का किया निरीक्षण

औचक निरीक्षण

**पीड़ितों से वार्ता कर जानी स्थिति, ग्रामीणों से किया संवाद**

**हर घर नल से पानी मिलने तक टैंकर आपूर्ति का दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज


पडरछ गांव में फ्लोराइड की स्थिति की जानकारी लेते डीएम

सोनभद्र । जिलाधिकारी बीएन सिंह ने रविवार को फ्लोरोसिस प्रभावित पड़रछ का औचक निरीक्षण किया। प्रभावित ग्रामीण से वार्ता कर स्थिति को जाना। अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि यहां स्थित सोन-कनहर के भी जल की जांच करते हुए शुद्धता की स्थिति देखी जाए।

पड़रछ पेयजल ग्रामीण पेयजल परियोजना को जल्द शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि जब तक हर घर नल से जल की परियोजना पूरी नहीं हो जाती, तब तक गांवों में टैंकर के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं भी जानीं और संबंधितों को समाधान का निर्देश दिया। कहा कि जिन घरों में नल से जल योजना के तहत पानी आ रहा है, उन ग्रामीणों को इसके बारे में जागरूक किया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गांव में कैंप लगाकर फ्लोराइड से प्रभावित लोगो का दवा-ईलाज सुनिश्चित कराएं। कहा कि इस क्षेत्र के 120 गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकें, इसके लिए आवश्यक प्रबंध कराए जा रहे हैं। डीएम ने ग्राम समूह पेयजल परियोजना पड़रछ का भी निरीक्षण किया और परियोजना को जल्द शुरू करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित अन्य की मौजूदगी बनी रही।

# बैंकों में जमा जनता की दो तिहाई पूंजी का हो रहा पलायन

चलेगा अभियान

**आदिवासी विश्वविद्यालय, शिक्षा-स्वास्थ्य रोजगार के लिए चलेगा अभियान**

**रासपहरी में हुई बैठक में लिया निर्णय घर-घर जायेंगे युवा**

म्योरपुर, सोनभद्र। सरकारी आंकड़ो के अनुसार जनपद का ऋण जमा अनुपात बेहद खराब है। यहां आम जनता की बैंकों में जमा पूंजी का दो तिहाई हिस्सा दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहा है। जिसके कारण इस क्षेत्र में भयंकर गरीबी, कुपोषण और बेरोजगारी व्याप्त है। यदि इस पैसे को यहां स्टार्टअप लगाने के लिए नौजवानों को 10 लाख तक अनुदान में दिया जाता और महिला स्वयं सहायता समूहों को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता, खेती-किसानी, लघु कुटीर उद्योग पर खर्च किया जाए तो यहां पर बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन हो सकता है। इसलिए पूरे जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के सवाल पर रोजगार अधिकार अभियान संचालित किया जाएगा और घर-घर पहुंचने और समाज के सभी तबको तक संदेश को ले जाने की कोशिश की जाएगी।

यह निर्णय आज रासपहरी में हुई रोजगार अधिकार अभियान की बैठक में लिया गया। बैठक में अभियान के कोऑर्डिनेटर राजेश सचान मौजूद रहे और बैठक का संचालन युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड किया। बैठक में लिए गए प्रस्ताव में कहा गया कि युवा मंच और युवाओं के अभियान का प्रभाव है कि अब सत्ता पक्ष के मंत्री और जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने की बात करने लगे हैं। इस क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विश्वविद्यालय के साथ लड़कियों के लिए डिग्री कॉलेज, पोखरा में बने हुए सरकारी डिग्री कॉलेज को तत्काल चालू करने, पीपरखाड समेत जनपद में बने सभी सरकारी कौशल प्रशिक्षण संस्थान को शुरू करने, ब्लाकों में आईटीआई, तहसील स्तर पर पालिटेक्निक, बभनी और म्योरपुर में राजकीय इंटर कॉलेज का निर्माण और सभी विद्यालयों में शिक्षकों की निश्चित संख्या के अनुसार नियुक्ति करने के सवालों को अभियान में मजबूती से उठाया जायेगा। प्रस्ताव में कहा गया कि यह दुखद है कि विकास की बहुत बातें होती हैं। लेकिन इस क्षेत्र में डिलीवरी तक में महिलाओं की मौते हो रही है। यहां के लोगों का हीमोग्लोबिन मानक से बेहद कम रहता है और वह आमतौर पर कुपोषण का शिकार होते हैं। प्रदूषित पानी पीने के कारण लोगों की जान पर खतरा रहता है। सरकारी अस्पतालों का हाल बुरा है। न्यूनतम सुविधाओं के अभाव में लोगों को रेफर कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज, जांच और दवा की सुविधा, विशेषज्ञ डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति, मोबाइल चिकित्सालय चलाने, तीन गांव के बीच एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और धात्री महिलाओं को बच्चे के पालन पोषण के लिए 10 हजार रुपए की सहायता जैसे सवालों को भी अभियान में उठाया जाएगा।

# सफाई कर्मियों को दिया गया सेफ्टी शूज

मदद

**धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के ट्रस्टियों ने किया सहयोग**

जनसंदेश न्यूज


सफाई कर्मियों को सेफ्टी शूज वितरित करते संस्थान के ट्रस्टी

ओबरा। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के ट्रस्टियो द्वारा रविवार को नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों को सेफ्टी शूज वितरित किया गया। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के ट्रस्टी संकट मोचन झा व आशुतोष पाठक ने कहा कि नगर में स्वछता में मजदूरों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। अभी दुनिया की सबसे बड़ी वैश्विक माहवारी कोरोना हो या हाल में ही बीते प्रयागराज महाकुम्भ में मजदूरों द्वारा स्वच्छ्ता पर विशेष कार्य अति सराहनीय रहा।

वैसे ही हमारे नगर ओबरा में स्वच्छ्ता पर मजदूरों का कार्य बहुत सराहनीय रहता है, सुबह से यह मजदुर ठिठुरती ठंड हो या प्रचंड गर्मी, बरसात का मौसम हो ओबरा नगर में नियमित सफाई का कार्य करते है ।उन जरूरतमन्दों को सेफ्टी शूज वितरण किया गया जो कि संस्थान का छोटा सा प्रयास था और धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान भविष्य में सभी मजदूरो, गरीब, असहाय को यथा सामथ्यार्नुसार जरूरतमंदों की मदत करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी ।कार्यक्रम में धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक सदस्य योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक भी उपस्थित रहे।

# पत्नी की पीट-पीट कर ली जान

जनसंदेश न्यूज

सनसनी

**नशे की हालत में की गई मारपीट**



चोपन/सोनभद्र। नशे की हालत में बुजुर्ग दंपति ने आपस में मारपीट की। इससे खफा पति ने बेरहमी से पिटाई कर दी और मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई। शनिवार की रात हुई वारदात की खबर रविवार को पुलिस के पास तक पहुंची जब बेटे ने चोपन थाने पहुंचकर प्रकरण की जानकारी दी। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने जहां चोपन थाना क्षेत्र के गुरिहवा (रेड़िया) गांव पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। वहीं, आरोपी पति को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। जिला मुख्यालय से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी घटना की गहन जांच पड़ताल की ।

शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। क्षेत्राधिकारी डॉ चारू द्विवेदी ने बताया कि रेड़िया गांव निवासी गणेश खरवार ने चोपन थाने पहुंच कर जानकारी दी कि उसके पिता लल्लू खरवार 65 वर्ष और मां जाह्नवी देवी 60 वर्ष अलग-अलग घर बना कर रह रहे थे। दोनों लोग नशे के लती थे। दोनों नशे के लती थे। शनिवार को शराब पीने के बाद दोनों ने आपस में काफी झगड़ा किया। मारपीट के दौरान जाह्नवी नीचे गिर गई जिससे उनकी मौत हो गई। मौके का निरीक्षण करने के साथ ही फॉरेंसिक टीम बुलाकर मौके की जांच कराई गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

ओबरा। होली एवं ईद के त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर ओबरा क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को ओबरा थाना प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक की गई ।इस दौरान दोनों समुदायों के लोग मौजूद रहे ।बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी श्री पांडेय ने दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द को बनाए रखने की अपील किया। उन्होंने कहा कि होली शुक्रवार को ही पड़ रहा है और उसी दिन जूमें की नमाज भी है। इसलिए दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए दोपहर 12 बजे तक ही होली खेलने की बात बताई। इसके बाद नमाजियों को नमाज अदा करने के लिए निकलना पड़ेगा। वही मोटर साइकिल नाबालिक बच्ची को नहीं देने की अपील भी की। बताया कि वहां चेकिंग की जाएगी। इस दौरान नाबालिक बच्चों के मोटर साइकिल चलाते पकड़े जाने पर वाहन को सीज किया जाएगा। इस दौरान थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह, भाजपा नेता उमेश सिंह पटेल, सुनील सिंह, रंजना सिंह, सुनीता पांडेय, नीरज भाटिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पठन-पाठन के बिगड़ते हालात को लेकर अभिभावक करेंगे प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

लोगों में गुस्सा

**कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर का मामला**

बीजपुर(सोनभद्र)। म्योरपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत बीजपुर में शिक्षकों अभिवावकों मीडिया तथा नेताओं से वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे एबीएसए के कारण पठन पाठन चौपट हो गया है अब उनके चहेते खासमखास संकूल शिक्षक को हटाने की मांग मुखर होने लगी है। इस वर्चस्व की लड़ाई में बच्चों की पढ़ाई बाधित होने से आक्रोशित दर्जनों अभिवावकों ने शनिवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर में तत्काल पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की है।

अभिभावक महेंद्र रामेश्वर राजेश राम दयाल गोपाल धानुकधारी वीडी राम सन्तोष दयाशंकर बद्री जवाहिर आदि ने बताया कि उनके सभी बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं लेकिन शनिवार से बच्चों की पढ़ाई पर ब्रेक लग गया है। अभिभावक बताते हैं कि शनिवार को बिद्यालय पर 12 में 4 शिक्षक ही उपस्थित थे जब कि बच्चों की संख्या अधिक थी जिसके कारण दिन भर बच्चे जहां तहां फील्ड में खेलकूद कर अपने घर लौट गए। गौरतलब हो कि अधिकारियों द्वारा तत्कालीन प्रधानाध्यापक आशारानी को निलंबित कर नेमना कम्पोजिट बिद्यालय भेज दिया गया है वहीं शिक्षिका सरोज को सीसीएल अवकाश पर भेज दिया गया विद्यालय के दो शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगाई गयी है। जो शिक्षक पढ़ाते थे उन्हें दूसरे अलग अलग विद्यालयों में छात्रों का हित देखने के लिए अटैच कर दिया गया है।

आक्रोशित अभिभावकों ने कहा कि आयेदिन एबीएसए की तानाशाही और उनके निजी स्वार्थ की पूर्ति में बीजपुर कंपोजिट विद्यालय में पढ़ाई करने वाले छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शासन के मंशा विपरीत अधिकारी टीचरों के अटैचमेंट का खेल खेल रहे हैं जो बच्चों के हित मे ठीक नही है। ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर चेतावनी दी है कि अगर यहाँ के विद्यालय में जल्द पठन पाठन ठीक नही हुआ तो बिद्यालय के गेट पर शिक्षा विभाग के खिलाफ जल्द बड़ा आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। अभिवावकों ने इस कि शिकायत जिला पंचायत सदस्य जरहा रामविचार सिंह गोड़ से उनके आवास पर पहुंच कर किया और तत्काल शिक्षा व्यवस्था में सुधार के साथ स्कूल में पर्याप्त टीचर तैनाती की मांग की जिला पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी और बीएसए से वार्ता कर व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया।

# सोनभद्र बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सत्र 24 25 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री एवं समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सोनभद्र रविंद्र विक्रम सिंह एवं उपाध्यक्ष राज्य विधिज्ञ परिषद अनुराग पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष सदस्य राज विधिज्ञ परिषद , हरिशंकर सिंह पूर्व अध्यक्ष सदस्य राज्य विधिज्ञ परिषद, एवं विनोद कुमार पांडे सदस्य राज विधिज्ञ परिषद के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व मां सरस्वती के प्रतिमा प्रति प्रचलित करते हुए समारोह संपन्न कराया गया। पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र को शपथ दिलाई गई एवं मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष राज्य विधिज्ञ परिषद अनुराग पांडेय द्वारा महामंत्री अखिलेश कुमार पांडे एवं सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने सभी मुख्य अतिथियों एवं अतिथियों अधिवक्ता भाइयों बहनों का आभार व्यक्त करते हुए अधिवक्ता एकता हित की बात करने को लेकर सहमत जताते हुए सबका आभार व्यक्त किया। कार्य क्रम का संचालन विनोद चौबे एड ने किया विशिष्ट अतिथिगण द्वारा माहामंत्री अखिलेश पाण्डेय व अन्य पराधिकारि व कार्यकारिणी सदस्यो को सपथ दिलाया शपथ लेते वाने पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्षा शारदा प्रसाद मौर्य उपाध्यक्ष 10 वर्ष से उपर प्रदीप पाण्डेय , संजय पाण्डेय उपाध्यक्ष 10 वर्ष से निचे अखिलेश पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह संयुक्त सचिव प्रकाशन शरद चन्द्र गुप्ता संयुक्त सचिव प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र संयुक्त सचिव पुस्तकालय सुरज वर्मा के साथ कार्यकारिणी। कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ सुशील कुमार चौबे, सेराज अक्तर खा, अशोक मिश्र, पुस्पा तिग्गा, प्रदीप पाण्डेय, सुनिल कुमार, कनिष्ठ सदस्य राहुल जैन, श्याम किशोर मिश्र ,कंचन, प्रमोद कुमार सिंह, आशिष पाल, अविनाश रंजन त्रिपाठी सम्पन हुआ।

# सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर भीषण जाम से राहगीर परेशान

**मुसीबत**

**आए दिन लग रहे जाम की समस्या से ग्रामीणों में भारी आक्रोश**



सकलडीहा अलीनगर मुख्य तिराहे पर लगा भीषण जाम

**सकलडीहा।** कस्बा के अलीनगर तिराहे पर सुबह शाम जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रहा है। तिराहे के तीनों ओर से वाहनों का तांता लग गया। इसके बाद भी फोरलेन निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था के लोग निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर चुप्पी साधे हुए है। रविवार को शाम तीन बजे से पांच बजे के बीच कई बार जाम में राहगीरों और वाहन में फसे लोग काफी परेशान दिखे।

जाम की समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ने लगा है। चन्दौली से सैदपुर वाया सकलडीहा में फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। व्यापारियो व राहगीरो का आरोप है कि निर्माण में लगी कार्यदायी संस्था सकलडीहा में जगह-जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दी है। जिससे सड़क सकरा हो गया है। जिससे आए दिन अलीनगर तिराहे पर जाम की स्थिति बनी हुई है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ। जब शाम को भीषण जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। एंबुलेंस सहित वाहन फस गए। जाम ऐसा की पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। वाहनो में फसे ट्रेन पकड़ने वाले यात्री काफी परेशान दिखे। वही एम्बुलेंस में फसे मरीजो के तीमारदार जल्दी जाम खुलने की आस में देखते रहे। व्यापारियो ने कहा कि जल्द कार्यदाई संस्था कस्बा में निर्माण का कार्य पूरा कर देती तो जाम से मुक्ति मिल जाती। चेताया कि जल्द सड़क का निर्माण कार्य पूरा नही हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# मुस्लिम बंधुओं ने देश में अमन-चैन के लिए मांगी दुआ


परिवार के साथ रोजा इफ्तार करते मुस्लिम बंधु।

**चंदौली।** रमजान माह के पहले दिन रविवार को रोजेदार इबादत और कुरान की तिलावत के साथ ही पांच वक्त की नमाज अदा करने में मशगूल रहे। वहीं शाम को मगरिब के वक्त मुकर्रर समय पर परिवार के साथ इफ्तार किया। साथ ही मुल्क में अमन-चैन की दुआएं भी की। इसके अलावा ईशा नमाज अदा करने के साथ तरावीह की नमाज भी अदा किया। रमजान माह का पहला अशरा शनिवार को सहरी खाने के साथ ही शुरू हो गया। इसके साथ ही रोजेदार अधिक से अधिक इबादत करने में भी मशगूल हो गए। रमजान माह शुरू होते ही मस्जिदें रोजेदारों से गुलजार हो जाती हैं। मुस्लिम बस्तियों में चहल-पहल बढ़ जाती है। रोजेदार महिलाएं घरों में खुदा की इबादत और कुरआन की तिलावत में जुटी रही। गर्मी में बगैर कुछ खाए-पीए रोजेदार इबादत करने के बाद सूर्यास्त होने के साथ मगरिब के समय घरों में ही खजूर, पानी व अन्य सामानों से इफ्तार किया। साथ ही देश में अमन-चैन बनी रही। इसके लिए दुआएं भी मांगी।

मुफ़्ती रिजवान अहमद ने बताया कि सब्र की कसौटी पर रोजेदार खरा उतरा तो उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया। एक रोजेदार रोजा रखता है। तो उसके दिल में खुदा से खौफ होता है। जो उसे रोजे के अहकाम और अदब से बांधता है। रोजा अल्लाह का ही रास्ता है। इसलिए रोजा अल्लाह से खौफ और मोहब्बत का सबब तो है। ही अल्लाह का अदब भी है। कहा कि रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी चाहिए। पांच वक्त की नमाज अदा करनी चाहिए। कुरान की तिलावत में भी अधिक समय देना चाहिए।

### रोजा रखकर मांगी गई दुआ होती है कुबूल

**डीडीयू नगर।** पवित्र माह रमजान की शुरू हो गई। रमजान का पहला रोजा रविवार को रखा गया। रमजान मुस्लिम समुदाय का विशेष त्यौहार माना जाता है। रमजान में पूरे एक माह तक रोजा रखा जाता है। इस पवित्र (पाक) माह का मुस्लिम समुदाय को बेसब्री से इंतजार रहता है। रमजान में बड़ी संख्या में नन्हे बच्चों से लेकर बुजुर्ग दिन-भर रोजा रखकर रात-दिन अपने अल्लाह की इबादत में गुजारा करते है। इस्लाम धर्म में रमजान के महीने का महत्व यह है कि रमजान के महीने में इबादत से अल्लाह खुश होते है और रोजा रखकर मांगी गई हर दुआ कुबूल होती है। रविवार को पहला रोजा रखकर इबादत की शुरूआत कर दी गई। इसके लिए शनिवार शाम बाद नमाज मगरिब नमाज अदा करने के बाद अपने-अपने घरों, मस्जिदों, मैदाने से चांद का दीदार किया और चांद देखते ही एक दूसरे को मुबारकबाद देते नजर आए। चांद का दीदार होते ही शहर की विभिन्न मस्जिदों में इबादत का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर के कसाब महाल मिनारा मस्जिद, मुस्लिम महल गौसिया मस्जिद, शाहकुटी मस्जिद, ईदगाह, नई बस्ती ताजुशरिया मस्जिद, जीटी रोड जामा मस्जिद, दुल्हीपुर, सत पोखरी, मलोखर, कुंडा, प्लांट डिपो, सिकटिया, लोको कॉलोनी, इस्लामपुर सहित जिले के सभी मस्जिदों में रमजान की खास इबादतें हो रही हैं। रमजान माह में पूरे 30 दिन लोग रोजा इफ्तार से लेकर सुबह सेहरी तक इबादत करते हैं। इस दौरान सामूहिक इफ्तार और सेहरी के इंतजाम भी होते हैं। इसके अलावा रात्रि में बाद नमाजी ईशा तरावीह की नमाज अदा की जाती है। जिसमें मस्जिदों में बाद नमाज ऐसा के बाद हाफिज ए कुरान कुरान शरीफ सुनते हैं और 20 रकात की नमाज अदा की जाती है यह नमाज हर मस्जिद में अलग-अलग दिनों का होता है मुस्लिम समुदाय के लोग अपने सुविधा के हिसाब से नमाज अदा करते हैं।

## संक्षेप

### सतगुरु की महिमा ज्ञान की होती है ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति



सत्संग में भक्तों को संबोधित सिद्धार्थ शंकर

**चंदौली।** निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में संत समागम का आयोजन किया गया। इसमें मिशन के जोनल इंचार्ज सिद्धार्थ शंकर ने सतगुरु की कृपा पर प्रकाश डाला। कहा की सुख शांति के लिए सतगुरु कृपा की जरूरत है। मिशन की ओर से साफ सफाई वह विविध कार्यक्रम के आयोजन किया गया। इस दौरान सिद्धार्थ शंकर ने कहा कि सतगुरु की कृपा से दुनिया के मालिक को प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में गुरु को आधार बनाया है, उसका जीवन सफल रहा है। हर एक मानव को सुख और शांति की कामना होती है यह गुरु के चरणों में ही मिलती है। सत्संग में जाने से हमारे हर कार्य बन जाते हैं और संसार के सारे पर बनते हैं गुरु के दरवाजे पर जाने से बनते है। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद, रमेश कुमार मौर्य, प्यारेलाल,मुकेश कुमार सिंह व घरभरन उपस्थित रहे।

### मूर्ति स्थापना व विशाल भंडारा



**चहनियां।** सोनहुला गाँव मे प्राचीन सोनहुली माता व शिव जी की मूर्ति पूर्ण रूप से ग्रामीणों व क्षेत्र के लोगो के भरपूर सहयोग से भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है जिसके उपलक्ष्य मे भजन कीर्तन हवन पूजन दिनांक 04-03-2025 दिन मंगलवार बलुआ से ग्रामीणो द्वारा कलश यात्रा 06-03-2025 दिन गुरुवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी पूजा समिति के लोगो ने दी है।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 1401 मरीज का हुआ उपचार

**चंदौली।** जनपद के दो शहरी और 21 ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र के गरीबों का मुफ्त में इलाज किया गया। इसमें कल 1401 मरीज का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉक्टर युगल किशोर राय ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में गरीब मरीज की व्यवस्था की गई है। इसमें कुल 1401 मरीज का इलाज किया गया। जिसमें पुरुष 588, महिला 568, बच्चे 245, स्क्रीन के 232, ब्लड प्रेशर के 44, फीवर के 81 व शुगर के 120 गैस्ट्रो 169मेले में आए। वही मलेरिया के 133 व मरीज संदिग्ध मिले,लेकिन जांच में कोई भी मरीज पॉजिटिव नहीं आया है।

### बिजली सप्लाई एक घंटे के लिए रहेगी बाधित

**चहनियां।** चहनियां स्थित कस्बा में चौराहे पर विशाल बृक्ष को काटने के लिए सोमवार को करीब एक घण्टे 1 बजे से 2 बजे बिजलीं की सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए जे ई सुभाष यादव ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए चौराहे पर विशाल बृक्ष को काटा जायेगा। बृक्ष के पास से 33 हजार का हाईवोल्टेज का तार गया था। बोर्ड का परीक्षा भी चल रहा है। इसलिए केवल एक घंटे के लिए सप्लाई बाधित रहेगी।

### यूपीएस बबुरी के छात्रों ने छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर रचा इतिहास


विद्यार्थियों को माल्यार्पण कर सम्मानित करते शिक्षक

**बबुरी।** यूपीएस बबुरी के छात्रों ने एक बार फिर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के 20 छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (छड डे) 2025 उत्तीर्ण कर जनपद ही नहीं पूरे मंडल में कीर्तिमान स्थापित किया है। जनपद की कुल 10 सीटों पर यूपीएस बबुरी के छात्रों ने कब्जा जमाया है। विद्यालय के मेधावी छात्र कृष्णानंद यादव ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि टॉप 10 में विद्यालय के चार बच्चों ने जगह बनाई है। सफल छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1000 की छात्रवृत्ति मिलेगी। जिससे चार वर्षों में उन्हें कुल 48000 की सहायता प्राप्त होगी। विद्यालय न केवल अकादमिक बल्कि खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। यहां के छात्र विगत कई वर्षों से राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे हैं। छात्रों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सहायक अध्यापक सत्य प्रकाश मौर्य को दिया। जिनके कुशल मार्गदर्शन में पूर्व में भी 15 छात्र इस छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित हो चुके हैं। चंदौली ब्लॉक के नोडल शिक्षक एवं एआरपी सत्येंद्र शर्मा एवं संदीप कुमार दुबे ने सफल विद्यार्थियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिचरन राम ने छात्रों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सत्य प्रकाश मौर्य, माधुरी सिंह, रमेश चंद्र मौर्य, अशोक चौहान, मोहम्मद शमीम, नीलम देशपांडे एवं रक्षा सिंह सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# साढ़े छह करोड़ की लागत से सड़क का होगा चौड़ीकरण

जनसंदेश न्यूज



**धीना।** पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली ने रविवार को एवती रामरूपदासपुर से महुजी मार्ग के चौड़ीकरण का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। मार्ग के चौड़ीकरण का मांग ग्रामीण काफी दिनों से कर रहे थे। उक्त मार्ग के चौड़ीकरण निर्माण से दर्जनों गांवों के आवागमन में काफी सहूलियत मिल जाएगी।

एवती रामरूपदासपुर गांव से महुजी मार्ग एकल सड़क का निर्माण कराया गया था। इससे चार पहिया वाहनों व राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसके लिए ग्रामीणों ने बीते दिनों पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली व ग्रामीणों ने सैयदराजा विधायक सुशील सिंह से सड़क के चौड़ीकरण का मांग किया था। इसको देखते हुए विधायक सुशील सिंह के पहल पर राज्य सड़क निधि से लगभग साढ़े छः करोड़ की लागत से सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है।जिसका धन शासन से अवमुक्त हो गया है। उक्त सड़क अब साढ़े छः किलोमीटर तक साढ़े पांच मीटर की चौड़ाई का निर्माण किया जाएगा।इससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी सहूलियत होगी। पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली ने शनिवार को भूमि पूजन कर सड़क के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया।सड़क के चौड़ीकरण का निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी है। इस मौके पर जिला पंचायत प्रशासनिक अधिकारी आनंद सिंह, पूर्व प्रधान उमाशंकर सिंह, अजीत पांडेय, विश्वनाथ निषाद, पप्पू बिंद, छांगुर निषाद, गुड्डू सिंह, नगदु बिंद, टप्पू सिंह आदि रहे।

### जमीन विवाद में पूर्व प्रधान सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के पटनवां गांव के पूर्व प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ जमीन संबंधी विवाद में गांव के लक्ष्मी नारायण की तहरीर पर मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पटनवां गांव निवासी लक्ष्मी नारायण ने मुगलसराय एसडीएम को अपनी जमीन पर हुए निर्माण को विपक्षी चंद्रभानु यादव कार्तिक और किशन यादव पर गिराने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। एसडीएम की रिपोर्ट पर मुगलसराय पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया। लक्ष्मी नारायण के अनुसार अपनी निजी जमीन पर उसने निर्माण कराया था। जिसे आरोपियों ने गिरा दिया। वहीं मौके पर रखे सामान को भी इधर उधर फेंक दिया। साथ ही कुछ सामान अपने साथ भी ले गए। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिए। वहीं दूसरी ओर आरोपी कार्तिक यादव का कहना है कि लक्ष्मी नारायण ने साजिश के तहत उन्हें फंसाने के लिए अपने निर्माण को खुद ही ढहा दिया।

# चंदौली मुख्यालय पर कागजों में सिमटा स्वच्छता अभियान



**चंदौली।** मुख्यालय पर स्वच्छता अभियान कागजों में सिमट कर रह गया है। डाक घर बीएसएनएल ऑफिस के समीप खुली नाली व उसमें पनपती गंदगी लोगों को संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहा है। साथ ही सदर तहसील के समीप सर्विस रोड के किनारे गंदगी से पटी नाली राहगीरों व दुकानदारों व अधिवक्ताओं के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। उक्त समस्या से लोगों के परेशानी के साथ-साथ दुकानदारों के दुकानदारी पर खासा असर पड़ रहा है।

दरसअल एनएचएआई द्वारा सर्विस रोड के किनारे बनाए गए नाले पूरी तरह गंदगी से पट कर जाम हो गए हैं। साथ ही उसमें पनपती गंदगी हजारों संक्रामक बीमारियों को दावत भी दे रहे हैं। डाक घर व बीएसएनएल ऑफिस के समीप नगर पंचायत द्वारा नाली को तोड़ दिया गया। लेकिन विगत एक सप्ताह से अधिक दिन बीतने के बाद भी उसे ठीक नही किया गया। डाक घर व बीएसएनएल ऑफिस के समीप खुली नाली व उससे उठने वाले दुर्गंध से उपभोक्ता परेशान हो जा रहे हैं। नगर में नाले की साफ-सफाई नही होने से ज्यादातर नालियां पूरी तरह जाम हो गई है। और उसका गंदा पानी सड़को पर बह रहा है। उसमें पनपते कीटाणु संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहे है।

# छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि बढ़ी



**डीडीयू नगर।** होली पर ट्रेनों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे पहले से चलाई जा रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि को बढ़ा दी है। राजेन्द्रनगर, दानापुर, गया, मुजफ्फरपुर और सहरसा से नई दिल्ली और आनंद विहार के चल रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनें अब एक अप्रैल तक चलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि अप राजेंद्र नगर-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल के राजेंद्र नगर से 31 मार्च तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को छोड़ कर रोजाना चलेगी।

इसी तरह नई दिल्ली से यह ट्रेन 01 अप्रैल तक शुक्रवार को छोड़कर रोजाना चलेगी। वहीं अप दानापुर-आनंद विहार स्पेशल दानापुर से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार जबकि आनंद विहार से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। गया-आनंद विहार स्पेशल गया से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को और आनंद विहार से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को चलाई जाएगी। इसी तरह अप मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल मुजफ्फरपुर से 28 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को जब कि डाउन दिशा में आनंद विहार से 29 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी। अप मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल मुजफ्फरपुर से 29 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को और आनंद विहार से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को चलेगी। वहीं अप सहरसा-आनंद विहार स्पेशल 31 मार्च तक बृहस्पतिवार और शनिवार को छोड़ कर रोजाना चलेगी। वहीं आनंद विहार से यह ट्रेन 02 अप्रैल तक शनिवार और सोमवार को छोड़कर रोजाना चलेगी।

### एसडीएम ने दो भाइयों को मकान से किया बेदखल

**इलिया।** सैदूपुर चौकी पुलिस ने ताला गांव मे रविवार को एसडीएम के निर्देश पर दो भाइयों को मकान से बेदखल कर दिया। रमाकांत व सालिक राम यादव के बीच विवाद चल रहा था। समझाने बुझाने पर दोनों पक्ष मारपीट पर आमादा थे जिसको देखते हुए पुलिस ने विवादित मकान को सील कर मकान से बेदखल कर दिया। दोनों भाइयों में घर व जमीन को लेकर कई महीनों से विवाद व मारपीट हो रही थी। जिस पर उप जिलाधिकारी दिव्या ओझा के निर्देश पर पुलिस ने 165 बी एन एस एस के तहत मकान को खाली करा कर सील कर दिया। जिससे दोनों भाइयों के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई। दोनों भाइयों के विरुद्ध चकिया थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था। सैदूपुर चौकी इंचार्ज परमानंद तिवारी ने बताया कि उप जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों भाइयों को घर से बाहर कर मकान को सील कर दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार आशुतोष राय वह भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# ठाकुर बागः प्रतीक्षालय का हुआ लोकार्पण



ट्रैक्टर लोडर को हरी झंडी दिखाते विधायक, चेयरमैन सहित अन्य

**अवसर**

**साफ सफाई के लिए नगर पंचायत दृढ़ संकल्पित**

**हाइड्रा ट्रैक्टर और कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**चकिया।** नगर पंचायतके वार्ड नंबर 5 स्थित ठाकुर बाग परिसर में 30 लाख की लागत से बने प्रतिक्षालय का विधायक कैलाश आचार्य जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव लोकार्पण किया साथ ही कम्युनिटी पार्क का भूमि पूजन और हाइड्रा ट्रैक्टर 3 कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि राम जानकी स्थल ठाकुर बाग का नगर पंचायत चकिया द्वारा किया गया सुंदरीकरण काबिले तारीफ है साथ ही नगर व आसपास आने वाले लोगों को वैवाहिक समारोह एवं सभा का आयोजन करने के लिए ठाकुर बाग परिसर मैं बना प्रतीक्षालय उपर्युक्त साबित होगा। चेयरमैन ने कहा कि बनने वाले कम्युनिटी पार्क में 39100 स्क्वायर फीट में सामुदायिक पार्क ,19500 स्क्वायर फीट में ग्रीन एरिया, 1000 पौधे, बच्चों के खेलने के लिए ओपन जिम, 40 स्ट्रीट लाइट, पंप रूम, गार्ड रूम, पब्लिक टॉयलेट, बैडमिंटन कोर्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, 15 बेंच,पाथवे का निर्माण, एवं स्वच्छ भारत मिशन को देखते हुए पार्क का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप मौर्या, मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, ईओ संतोष कुमार चौधरी, सभासद रवि गुप्ता, कमलेश यादव विजय विश्वकर्मा रामदुलारे गोंड ,राम मूरत कुशवाहा, रमेश गुप्ता, शुभम मोदनवाल, राजकुमार गुप्ता, दिनेश कसौधन, सुरेश सोनकर मौजूद रहे।

# बाबा साहब ने लोगों को बेहतर जीवन जीने का दिया अधिकार

जनसंदेश न्यूज


पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन करते सपाई

**डीडीयू नगर।** पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम के क्रम में ग्राम सभा बराडीह, बौरी मुगलसराय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैसा कि जनपद में लगभग पिछले 2 महीने से लगातार सेक्टर और गांव गांव जनपंचायत का कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाया जा रहा है। इस दौरान अमरनाथ जायसवाल मोनू ने पीडीए परिवार को एक सूत्र में जोड़ने और इकट्ठा करने की बात कही।

कहा कि बाबा साहब की वजह से हम पीडीए समाज के लोगों को शिक्षा समानता और बेहतर जीवन जीने का अधिकार मिला है। बाबा साहब न होते तो आज हमारा वजूद ना होता। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, और आधी आबादी यानी हमारी माताएं बहने और अगड़े साथी जो हमारे साथ खड़े हैं। जिन्हें जोड़ने का काम करें और बहुजन साथियों को जोड़ने का काम करें। बाबा साहब का अपमान भाजपा के गृह मंत्री द्वारा संसद भवन में किया गया है। बाबा साहब के अपमान को बदला तभी पूरा होगा। जब हम सरकार को सत्ता से बाहर खदेड़ देंगे। सुदामा यादव ने कहा बाबा साहब ने हम सभी को समानता का अधिकार दिया है। बीजेपी वाले इस संविधान को आरक्षण को खत्म करने पर लगे हैं। कार्यक्रम का आयोजन लखेंद्र बियार ने किया। इस दौरान चंद्रशेखर यादव, जितेंद्र यादव, जीतू, राम विलास बियार, वीरेंद्र यादव, अजय, इंद्रेश यादव, सुभाष बिंद, महेंद्र यादव माही, सुजीत कन्नौजिया, चन्द्रभानु यादव, सिद्धांत, तस्लीम अंसारी दिलीप पासवान,आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कई गांवों को जोड़ने वाला मार्ग वर्षों से क्षतिग्रस्त



**चहनियां।** चहनियां कस्बा से होते हुए दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला मार्ग वर्षों से क्षतिग्रस्त है। खण्डवारी बन्धवापर से होते हुए यह मार्ग काफी व्यस्त होने के बाद भी इसे बनाने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। जबकि इस मार्ग का फाइल भी पास हो गया है। यहां वहां बिखरे गिट्टियों से लोग गिरकर चोटिल हो रहे जिसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। चहनियां कस्बा से सटा चहनियां वाया सराय सहित बन्धवापर, सराय ,बलुआ, महुआरीखास, बिसुपुर ,मुख्य मार्ग पीडियू नगर आदि दर्जनों के लोग इस मार्ग से आते जाते है। इस मार्ग पर मां खण्डवारी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है। जहाँ लोग सैकड़ो की संख्या में दर्शन पूजन करते आते है। किन्तु यह मार्ग वर्षों से खराब पड़ा । सड़क से गिट्टिया बिखर कर मार्ग पर फैली है। आने जाने लोग चोटहिल हो रहे है। प्रधानपति सतीश गुप्ता ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय और पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन को कई बार पत्रक देकर मार्ग बनवाने के लिए गुहार लगाया। किन्तु पीडब्ल्यूडी विभाग अपने ही मार्ग को पहचानने से इंकार कर रहे है। मार्ग बनवाने के लिए फाइल भी पास हो गया है। फिर विभाग बनवाने में आनाकानी कर रहा है। विगत 12 वर्ष पूर्व इस मार्ग का मरम्मत हुआ था फिर कभी मरम्मत हुआ ही नहीं।

# स्पोर्ट्स

## प्राग मास्टर्स में प्रज्ञानंद ने केमेर को हराया, संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंचे



**प्राग।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए जर्मनी के विंसेंट केमेर को हराया और अब प्राग मास्टर्स शतरंज के चौथे दौर के बाद वह तीन अंक लेकर अराविंद चिदंबरम के साथ शीर्ष पर है। अराविंद ने अमेरिका के सैम शांकलैंड के साथ ड्रॉ खेला, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेइ यि ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराया। नीदरलैंड के अनीश गिरि ने लगातार चौथा ड्रॉ खेला। उनकी बाजी तुर्किये के गुरेल एडिज के साथ बराबरी पर रही। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर एंगुयेन थाइ देइ वान ने वियतनाम के कुआंग लेइम ली से ड्रॉ खेला। शांकलैंड, केमेर, गिरि और ली संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया




## पूल में शीर्ष पर रहते हुए टीम इंडिया अब सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से खेलेगी न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा

### वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट चटकाए, न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने भी पांच विकेट लिए

**दुबई।** भारतीय टीम ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई है। भारत ने इस मुकाबले को जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 249 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम केन विलियमसन के 81 रनों के बावजूद 45.3 ओवर में 205 रन पर ही सिमट गई। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने सधी शुरूआत की। हार्दिक पांड्या ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने रचिन रविंद्र को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रचिन 12 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने 12वें ओवर में विल यंग (35 गेंदों में 22) बोल्ड किया।

रविंद्र जडेजा ने टॉम लैथम को 14 के निजी स्कोर पर एलबीडब्ल्यू किया। ग्लेन फिलिप्स 8 गेंद में 12 रन और माइकल ब्रेसवेल दो रन बनाकर आउट हुए। केन विलियमसन 120 गेंद में 81 रन बनाकर अक्षर का शिकार बने। कप्तान मिचेल सैंटनर 31 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी को आउट करके वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट हॉल पूरा किया। कुलदीप ने विलियम को क्लीन बोल्ड करके भारत की जीत कंफर्म की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 6 ओवर के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल सात गेंद में दो रन और रोहित शर्मा 17 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हुए। 300वां वनडे मैच खेलने उतरे विराट कोहली 14 गेंद में 11 रन ही बना सके। ग्लेन फिलिप्स ने उनका शानदार कैच लपका। श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ चौथे विकेट के लिए 98 रन जोड़े। अक्षर 61 गेंद में 42 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस अय्यर 98 गेंद में 79 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौटे। केएल राहुल भी ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके और 23 रन बनाकर आउट हुए। रविंद्र जडेजा ने 20 गेंद में 16 रन का योगदान दिया। हार्दिक पांड्या ने 45 गेंद में 45 रन की दमदार पारी खेली। मोहम्मद शमी 5 रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट चटकाए।

## बॉलीवुड न्यूज

### फिल्म वनवास का ओटीटी से पहले होगा टीवी प्रीमियर




**मुंबई ।** एक पिता, जिसकी यादें धुंधली पड़ रही हैं, जिसे अपनों की पहचान मुश्किल लगने लगी है, जिसे सहारे की सबसे ज्यादा जरूरत हैङ्ख लेकिन उसी को अपनों ने तीर्थयात्रा पर अकेला छोड़ दिया। यह सिर्फ. एक इंसान का अकेलापन नहीं, यह उस रिश्ते का टूटना है, जो सबसे गहरा और सबसे पवित्र माना जाता है। ह्यगदर 2ह्ण और ह्यअपनेह्ण जैसे कालजयी सिनेमाई अनुभव देने वाले अनिल शर्मा इस बार लेकर आ रहे हैं ह्यवनवासह्ण झ्र एक ऐसी कहानी, जो दिल को छू लेगी, आंखें नम कर देगी और शायद कई दिलों को सोचने पर मजबूर भी कर देगी। यह फिल्म उन रिश्तों की परख है, जो समय के साथ कमजोर हो जाते हैं, उन सवालों का जवाब है, जिनसे हम अक्सर बचते रहते हैं। आज के दौर में जब हर फिल्म पहले ओटीटी पर आती है, जी सिनेमा एक नया इतिहास रचने जा रहा है। ह्यवनवासह्ण का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर ओटीटी से पहले होगा! एक ऐसी फिल्म, जो अकेले नहीं, बल्कि पूरे परिवार के साथ बैठकर देखने के लिए बनी है। क्योंकि यह सिर्फ.एक कहानी नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं का आईना है। तो इस 8 मार्च, रात 8 बजे, अपने परिवार के साथ जुड़िए जी सिनेमा पर और महसूस कीजिए वह हर भावना, जो किसी अपने को खोने के डर से गहराई तक महसूस होती है। ह्यवनवासह्णङ्घ एक सफर, जो सिर्फ. एक पिता का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सच दिखाता है। 'वनवास' एक दिल छू लेने वाला सफर है, जो रिश्तों की खूबसूरती का जश्न मनाती है। फिल्म के केंद्र में हैं नाना पाटेकर, जिनकी दमदार अदाकारी एक बार फिर साबित करती है कि वह आज भी बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। उनकी तीव्रता और सच्चाई हर दृश्य को जीवंत बना देती है। 'गदर 2' के बाद उत्कर्ष और सिमरत की हिट जोड़ी एक बार फिर 'वनवास' में साथ नजर आएगी, जो उनके किरदारों में नई ताजगी भर देती है। उत्कर्ष शर्मा अपने अभिनय में सच्चाई और आकर्षण जोड़ते हैं, तो सिमरत कौर अपनी दिल छू लेने वाली और प्रभावशाली अदायगी से दिल छू जाती हैं। यह फिल्म परिवार, प्यार और बलिदान की गहरी भावनाओं को खूबसूरती से उकेरती है, जो इसे बेहद जुड़ाव भरी और संवेदनशील बना देती है। निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा, "मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहता था, जो हर उम्र के लोगों को छू सके, हर पीढ़ी से जुड़े और परिवारों को एक साथ लाए। 'वनवास' प्यार, मूल्यों और उन दिल छू लेने वाली रिश्तों की बात करता है, जो हमें परिभाषित करते हैं। आज के दौर में 70-80 साल का बुजुर्ग अपने ही घर में खुद को वनवासी महसूस कर रहा है, उससे बात करने वाला कोई नहीं है, समाज की हालत ऐसी हो गई है। कई बुजुर्ग अपने ही घरों में परायापन महसूस करते हैं, यह एक कड़वी सच्चाई है, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। एक कहावत है– पिता का कर्म है बच्चों को पालना, बच्चों का धर्म है माता-पिता को संभालना, और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। 'वनवास' एक ऐसे त्यक्त पिता और अनाथ बेटे की कहानी है, जो एक-दूसरे में परिवार ढूंढ लेते हैं। मिथुन का संगीतमय जादू इस फिल्म की भावनाओं को और ऊंचाई देता है, जबकि नाना सर और उत्कर्ष की जोड़ी कहानी में जान डाल देती है। जब मैंने 'वनवास' बनाने का फैसला किया, तब मुझे पता था कि मैं यह फिल्म सिर्फ नाना सर के साथ करूंगा। उनकी मौजूदगी इसे वो गहराई देती है, जो कोई और नहीं दे सकता। वर्ल्ड टीवी प्रीमियर को लेकर नाना पाटेकर ने कहा कि वनवास' हमारे समय का प्रतिबिंब है। आज परिवारों में अनकही दूरियां, गलतफहमियां और एक-दूसरे के लिए समय की कमी जैसी कई चुनौतियां हैं। इस फिल्म का मूल भाव माता-पिता और उनकी निस्वार्थ भावनाओं को दर्शार्ना है, जो बिना किसी उम्मीद के हमेशा हमारे लिए कुछ न कुछ करते रहते हैं। यह प्यार और बलिदान की गहरी भावना को खूबसूरती से उकेरती है। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कई बातें भूलने लगते हैं– यह जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन जो हमें कभी नहीं भूलना चाहिए, वह है परिवार का महत्व।

## विराट कोहली ने अपने नाम की एक और बड़ी उपलब्धि

- वनडे में 300वां मैच खेलने वाले सातवें भारतीय बने
- ऐसा करने वाले सातवें भारतीय बने कोहली
- खिलाड़ियों और प्रशंसकों ने कोहली को दी बधाई



**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में उतरते ही एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। यह कोहली के वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। इसी के साथ वह पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने करियर में इतने वनडे मैच खेले हैं। कोहली से पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। इनमें शीर्ष पर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम दर्ज हैं। उन्होंने 463 मैचों में 18426 रन बनाए हैं। दूसरे पायदान पर महेंद्र सिंह धोनी हैं जिन्होंने 347 वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व किया। राहुल द्रविड़ (340) तीसरे, मोहम्मद अजहरुद्दीन (334) चौथे, सौरव गांगुली (308) पांचवें और युवराज सिंह (301) छठे पायदान पर मौजूद हैं। अब इस एलीट सूची में कोहली का नाम भी जुड़ गया है। कोहली को 300वां वनडे खेलने पर साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों ने बधाई है। भारतीय टीम में उनके साथी श्रेयस अय्यर, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव ने कोहली को बधाई संदेश भेजा। वहीं, प्रशंसकों ने भी इस उपलब्धि के लिए अपने पसंदीदा खिलाड़ी को बधाई दी।

## युकी भांबरी ने दुबई में पहला एटीपी 500 युगल खिताब जीता

**दुबई।** भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरूष युगल खिताब जीत लिया जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 7-6, 10-8 से जीता। इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे। भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के माशेली अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4-6, 7-6, 10-3 से मात दी। उन्होंने ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को 5-7, 7-6, 10-5 से मात दी। पुरूष एकल वर्ग में स्टेफानोस सिटसिपास ने कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को हराकर खिताब जीता।

## हार्दिक पांड्या के झन्नाटेदार शॉट से हिले केन विलियमसन



**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का अंतिम लीग मुकाबला दुबई में खेला जा रहा है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 249 रन बनाए हैं। भारत की ओर से श्रेयस अय्यर, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने बेहतरीन पारियां खेली। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में रविवार को भारत को नौ विकेट पर 249 रन पर रोक दिया। मैट हेनरी ने आठ ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिए।

भारतीय पारी के दौरान हार्दिक पांड्या के एक शॉट को पकड़ने के बाद केन विलियमसन काफी दर्द में दिखे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने भारतीय पारी के 45वें ओवर की पांचवीं गेंद पर करारा शॉट खेला, जोकि बैकवर्ड पॉइंट पर खड़े केन विलियमसन के पास गई। हालांकि शॉट इतनी तेजी से आया कि विलियमसन गेंद को पकड़ने के बाद दर्द के कारण कूदते हुए नजर आए। गेंद पकड़ने के बाद केन काफी दर्द में दिखे और दर्द को हल्का करने के लिए अपनी जगह पर ही कूदते दिखे। इस घटना को देखकर कमेंटेटर रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर भी हंस पड़े।

## सेमीफाइनल का शेड्यूल हुआ कंफर्म, भारत की इस दिन होगी ऑस्ट्रेलिया से टक्कर




**दुबई।** इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड मैच के बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल कंफर्म हो गया है। भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 रनों से धमाकेदार जीत दर्ज की। यह टूनार्मेंट का आखिरी लीग मैच था। भारत ग्रुप-ए का टेबल टॉपर रहा। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम टूनार्मेंट के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से टकराएगी। भारत ने ग्रुप स्टेज में अपने तीन मैचों में विजयी परचम फहराया और छह अंक हासिल किए।

भारत ने न्यूजीलैंड से पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश को 6-6 विकेट से रौंदा था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर रहा। उसने तीन मैचों में से एक जीता जबकि दो मुकाबले बारिश में धुल गए। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया के खाते में कुल चार अंक रहे। इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल मंगलवार (2 मार्च) को दुबई के मैदान पर होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाकिस्तान है लेकिन भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेल रहा।टूनार्मेंट का दूसरा सेमीफाइनल पांच मार्च यानी बुधवार को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका ग्रुप-बी में शीर्ष पर रहा। उसने 5 अंक बटोरे। साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रनों से हराया और इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी। साउथ अफ्रीका का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। न्यूजीलैंड ने चार अंकों के साथ लीग चरण का समापन किया। कीवी टीम ने पाकिस्तान को 60 रनों से धूल चटाने के अलावा बांग्लादेश को पांच विकेट से शिकस्त दी। फाइनल 9 मार्च को होगा। अगर भारत सेमीफाइनल जीतने में सफल रहा तो फाइनल भी दुबई में होगा।चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सेमीफाइनल का शेड्यूल4 मार्चः भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, पहला सेमीफाइनल, दुबई5 मार्चः साउथ अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, दूसरा सेमीफाइनल, लाहौरइंडिया वर्सेस न्यूजीलेंड मैच की बात करें तो रोहित ब्रिगेड ने 249/9 का स्कोर डिफेंड किया। भारत ने 30 रन जोड़कर, शुभमन गिल (2), रोहित (15) और विराट कोहली (11) का विकेट गंवा दिया, जिसके बाद श्रेयस अय्यर ने 98 गेंदों में 79 रनों की पारी खेली। हार्दिर पांड्या ने 45 और अक्षर पटेल` 42 रनों का योगदान दिया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवरों में 205 रनों पर सिमट गई। केन विलियमसन (120 गेंदों में 81) को छोड़कर कोई भी कीवी प्लेयर भारतीय गेंदबाजों का डटकर मुकाबला नहीं कर सका।

## 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी पर आया सेबेस्टियन का बयान



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा मजबूत है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।

भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है। एक विशेष साक्षात्कार में कहा, मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई। पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।

पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुकीर्ये, मैक्सिको और मिस्त्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा।लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

उन्होंने भारत को सलाह देते हुए कहा कि अगर उसे 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो उसे ओलंपिक आयोजित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को खत्म नहीं करना चाहिए। को ने कहा, बहुत से शहरों ने बोली लगाई और लेकिन उनकी बोली स्वीकार नहीं हुई। दिलचस्प बात यह है कि जब लंदन ने 2005 में (2012 चरण के लिए) बोली हासिल की थी, तो उसने पेरिस को हराया था। हम सभी अभी पेरिस ओलंपिक खेलों (2024) में गए थे। रियो उन शहरों में से एक था जो 2012 की बोली के लिए शुरूआती मूल्यांकन से आगे नहीं बढ़ पाया था। और ब्रिटेन के तुरंत बाद उनके पास 2016 में बोली थी। इसलिये यह किसी भी तरह से कहानी का अंत नहीं है।

## नींव डालकर छोड़ दिया गया पंचायत भवन

**लापरवाही**

### ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ



**चहनियां।** केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक संचालित महत्वाकांक्षी महत्वपूर्ण योजनाओं को अंतिम आदमी तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास कर रही है। किन्तु ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान के लापरवाही से गांव मे विगत कई वर्षों से पंचायत भवन का नींव डालकर छोड़ दिया गया है। जिससे सचिव और पंचायत सहायक सहित सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी नही बैठ पा रहे है।

कार्य की योजनाओं के लिए ग्रामीणों को खण्ड विकास कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। हृदयपुर गांव में सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी महत्वपूर्ण योजनाओ की जानकारी नहीं मिल रही हैं। कारण यहां पंचायत भवन बंनाने के लिए डाला गया नींव वर्षों से उसी तरह से पड़ा है। यदि किसी भी योजना संबंधित जानकारी या लाभ लेना है तो गांव के लोगों को छः किलोमीटर की दूरी तय कर चहनिया खंड विकास कार्यालय मे जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन न होने से अधिकारी कर्मचारी जरूरत के अनुसार उपलब्ध नही हो पाते है। जिससे सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी समय से नहीं हो पाती है। परिवार रजिस्टर की नकल,आवास,शौचालय, विकलांग पेंशन, जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, सामुहिक विवाह, विधवा, बृद्धा पेंशन आदि से सम्बन्धित काम के लिये खण्ड विकास कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है। जबकिं शासन द्वारा उक्त कार्यो के लिए गांव गांव पंचायत भवन बनाकर सचिव सहित कर्मचारियों को उसी गांव में रहने का निर्देश दिया गया है। यदि पंचायत भवन निर्माण कार्य हो गया होता तो गांव के लोगों को गांव मे ही सभी योजनाओ का लाभ मिल जाता लेकिन सबसे बड़ी विडंबना है कि पंचायत भवन न होने से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु परेशानियां उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पंचायत भवन बनवाने की मांग की है। इस संबंध में एडीओ पंचायत अधिकारी राकेश दीक्षित ने कहा कि मामला संज्ञान में है पंचायत भवन का शत प्रतिशत मनरेगा से जल्द ही निर्माण कार्य सुरु करा दिया जाएगा।

## सकलडीहा तहसील में तीन दिन चलेगा चकबंदी न्यायालय



**सकलडीहा।** सकलडीहा तहसील क्षेत्र के किसानों को चकवंदी सम्बधित वादों के निस्तारण के लिये चंदौली मुख्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। बार एसोसिएशन सकलडीहा की मांग पर एसडीएम अनुपम मिश्रा ने तीन दिन सकलडीहा में न्यायालय चलाये जाने की सुविधा शुरू कराया है। इससे तहसील क्षेत्र के 441 गांव के किसानों को भाग दौड़ से निजात मिलेगी। वही अधिवक्ताओं को वादकारियों को न्याय दिलाने में सहुलियत होगा।

एसडीएम के इस पहल का अधिवक्ताओं ने सराहना किया है। तहसील मुख्यालय होने के बाद भी चकबंदी का न्यायालय जिला मुख्यालय पर चलता था। जिसके कारण अधिवक्ता सहित किसानों को पूरा दिन न्यायालय का चक्कर लगाना पड़ता था। इस समस्या को लेकर सकलडीहा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी लम्बे समय से मांग उठा रहे थे। शनिवार को एसडीएम अनुपम मिश्रा से मिलकर बार अध्यक्ष अशोक कुमार यादव और पूर्व अध्यक्ष नितिन तिवारी अधिवक्ताओं के साथ चकबंदी न्यायालय शुरू कराने की मांग किया। एसडीएम ने अधिवक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए चकबंदी के अधिकारियों से वार्ता किया। अधिकारियों की ओर से सोमवार, मंगलवार और शनिवार को सप्ताह में तीन दिन न्यायालय चलाने का सहमति दिया।

एसडीएम ने बताया कि चकबंदी न्यायालय शुरू होने से तहसील क्षेत्र के किसानों को भाग दौड़ से निजात मिलेगी। इसके साथ समय और पैसा दोनों बचेगा। मौके पर शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह, बार अध्यक्ष अशोक यादव, मनोज पांडेय, अतुल तिवारी,पंकज यादव, कुबेरनाथ सिंह, यशवंत यादव, अशोक मिश्र, राजकुमार सिंह, अखिलेश यादव, दुर्गेश आदि ने तहसील प्रशासन की सराहना किया।



सब्जी मण्डी मां काली मंदिर के पीछे कूड़े का अंबार लगा हुआ है। सफाई न होने से मच्छरों की भरमार हो गई है जिसकी वजह से स्थानीय लोग बीमारियों से जूझ रहे हैं और नगर पालिका परिषद सफाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहा।

# जौनपुर



# विद्युत उपकेंद्र गुड़बड़ी पर ट्रासंफॉर्मर से 3.68 लाख रूपये का तेल चोरी



ट्रांसफॉर्मर के मरम्मत कार्य में लगे लोग

## उपकेंद्र पर तैनात तीन एसएसओ के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी

जनसंदेश टाइम्स

**सुइथाकला।** विद्युत उपकेन्द्र गुड़बड़ी में लगे 8 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर से शुक्रवार को 3680 लीटर ट्रांसफार्मर तेल चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.68 लाख रुपये बताई जा रही है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर उपकेंद्र पर तैनात तीन एसएसओ सत्येंद्र यादव, देवेंद्र तिवारी व तुलसीराज चौहान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

बीते शुक्रवार को अचानक ट्रांसफार्मर से आपूर्ति बंद हो गई। उपकेन्द्र पर तैनात कर्मचारियों ने इसकी सूचना पर अवर अभियंता राजकुमार सिंह को दी। श्री सिंह मौके पर पहुंचे और सप्लाई बहाल करने का प्रयास किया लेकिन ट्रांसफार्मर दोबारा ट्रिप कर गया। इसके बाद जब उन्होंने ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया तो जमीन पर बिखरा तेल देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई। इसके बाद जब ट्रांसफार्मर का ऑयल चेक किया गया तो उसमें एक लीटर भी तेल नहीं बचा था। जबकि इसकी कुल क्षमता 3680 लीटर होती है। उधर सप्लाई बन्द पड़ी थी और इधर तेल गायब होते देख सबके होश उड़ गये। मामले की जानकरी तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई। उधर रात भर बिजली सप्लाई ठप होने से लोगों में आक्रोश फैल गया। नाराज उपभोक्ता अनूप जायसवाल ने शिकायत को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दिया। मामला संज्ञान में आते ही मंत्री ने वाराणसी विद्युत विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। शनिवार को मुख्य अभियंता राकेश कुमार भी गुड़बड़ी उपकेन्द्र पहुंचे और मातहतों को ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर जल्द विद्युत बहाल करने का निर्देश दिया जिसके बाद रविवार सुबह ट्रांसफार्मर में तेल डालने और मेंटेनेंस का कार्य शुरू किया गया। बिजली सप्लाई ना मिलने से स्थानीय जनता में भारी नाराजगी है।

**कारनामा**

- ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर मुख्य अभियंता पहुंचे गुड़बड़ी
- मंत्री ने वाराणसी विद्युत विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए
- मातहतों को ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर जल्द विद्युत बहाल करने का निर्देश दिया

## विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को लिखा पत्र

जनसंदेश टाइम्स



**बन रही सड़कों के गुणवत्ता की जांच करवाने के बाद ही भुगतान करने की मांग**

**गौराबादशाहपुर।** जफराबाद विधानसभा के विधायक जगदीश नारायण राय ने विधानसभा जफराबाद क्षेत्र में बन रही कई नई सड़कों एवं मरम्मत कार्य वाली सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण को पत्र लिखा है।

जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के धर्मापुर, गौराबादशाहपुर, सेवईनाला, सिरकोनी, जलालपुर, रामनगर सहित कई प्रमुख क्षेत्र में इस समय लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़को का निर्माण हो रहा है तथा जर्जर सड़कों पर मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है जिसमे जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जौनपुर, गाजीपुर वित्त को पत्र लिखकर स्पष्ट मांग किया है कि इन सड़को के निर्माण कार्य मे गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाय तथा इनके गुणवत्ता की जांच करवाकर ही सबंधित फर्म और कार्यदायी संस्था का भुगतान किया जाय। विधायक जगदीश नारायण ने बताया कि उनके प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और कई गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग की नई सड़कों का निर्माण कार्य और जर्जर सड़को का मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है, जिसमें गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने के लिए उन्होंने अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है।

## संक्षेप

### दुकान के सामने से साइकिल व हेलमेट ले भागा चोर

**पराऊगंज।** शनिवार को स्थानीय चौराहे पर थोक एवं फुटकर विक्रेता की दुकान के सामने से खड़ी साईकिल व दुकान में रखा हेलमेट चोर उठा ले गए। मामले का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है। दुकानदार ने बताया कि दुकान पर ग्राहकों की भीड़ थी उसी समय दुकान के सामने खड़ी साइकिल एवं काउंटर पर ग्राहक का रखा हेल्मेट एक चोर मौका पाकर उठा ले गया। इस संबंध में पुलिस ने दुकान के सामने से हुई साईकिल चोरी के बारे में बताया कि चोरी के संबंध में पीड़ित द्वारा पुलिस चौकी पर अभी तक कोई सूचना नही दी गई है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में बाजार में हुई भीषण चोरियों का अबतक पुलिस द्वारा कोई खुलासा नहीं हो सका। चोरी के संबंध में बाजार में आए एसपी सिटी के कहने पर दुकान वालों ने सीसीटीवी कैमरा भी अपने-अपने दुकान के सामने लगवाया लेकिन क्षेत्र में चोर उचक्के लगातार घात लगाए बैठे हुए हैं।

### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

**गौराबादशाहपुर।** क्षेत्र के पिलखिनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय के चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन शनिवार को हुआ। प्राथमिक विद्यालय पिलखिनी के प्रांगण में आयोजित समापन समारोह में शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय रहे। अध्यक्षता कालेज के अध्यक्ष रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रूबी राय, प्रधान प्रतिनिधि राहुल सिंह, डायट प्रवक्ता अश्वनी कुमार, नीरज, कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, 10 गिरफ्तार

**जफराबाद।** नगर पंचायत कचगांव के पानी टंकी वार्ड निवासी दो चचेरे भाइयों के परिवार के बीच रविवार को सम्पति बंटवारे को लेकर झगड़ा तथा मारपीट हुई जिसमें कई लोग चुटहिल हुए। उक्त वार्ड निवासी राजकुमार और रमेश कुमार के बीच पैतृक जमीन व मकान को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। उसी को लेकर दोनों परिवारों की महिलाओं के बीच विवाद और गाली गलौज हो रहा था तभी पुरुषों के हस्तक्षेप से मामला मारपीट में बदल गया। सूचना थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव को मिली उन्होंने हल्का दारोगा धनुषधारी पाण्डेय को मय फोर्स मौके पर भेजा। जहां से एक पक्ष के विजय पुत्र राजकुमार, राजकुमार पुत्र रामबली, तारा पत्नी राजकुमार, मंजू पत्नी विजय तथा दूसरे पक्ष से रमेश व अवधेश विनय कुमार पुत्रगण रामजीत, इंद्रदेव पुत्र कमलेश, रामदेव पुत्र कमलेश, खुशबू पत्नी विजय को मौके से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि सभी का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

### बकाया मजदूरी का पैसा मांगने पर मनबढ़ों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**जफराबाद।** थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में मजदूरी का बकाया पैसा मांगने पर मनबढ़ों ने लेबर को जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी गुलशन कुमार गांव के ही राजगीर मित्री सुरेंद्र के साथ मजदूरी का काम करता है। इधर कई दिनों से मजदूरी का पैसा उसे नहीं मिला था। शनिवार शाम को लगभग सात बजे गुलशन राजगीर मिस्त्री सुरेंद्र से अपने बकाए मजदूरी के पैसे की मांग किया तो सुरेंद्र भड़क गया और दो और सदस्यों के साथ गुलशन के दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से उसे मारपीट दिया। पिटाई से गुलशन (30) घायल हो गया। आरोप है कि जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिया। प्राथमिक उपचार कराने के बाद घायल गुलशन रविवार को दोपहर थाने पर पहुंचकर तहरीर दिया जिसमे पुलिस ने सुरेंद्र कुमार, शनि कुमार सहित कुल तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### सीओ सदर ने थाने में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**जफराबाद।** रविवार की दोपहर को क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह ने स्थानीय थाने में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। थाना परिसर की व्यवस्था पर थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव की तारीफ किया।निरीक्षण के दौरान पहले उन्होंने थाने की बनायी जा रही बाउंड्री को देखा। उसके बाद उन्होंने पेंटिंग का कार्य देखा। उसके बाद मेस को देखा। थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने मेस को व्यवस्थित बनवाने का प्रस्ताव रखा जिसको उन्होंने अधिकारियों से बात करके स्वीकृति करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कार्यालय के आगे चबूतरे को भी सही करवाने का निर्देश दिया। श्री सिंह ने पूछने पर बताया कि शासन द्वारा थानों के मरम्मत व आवश्यक कार्य के लिए अनुरक्षण धनराशि मिलती है। उसी धनराशि से जो कार्य हो रहा है तथा क्या आवश्यकता है इसी का निरीक्षण किया जा रहा। थाने से निकलने के बाद वे थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव के साथ क्षेत्र के जमैथा के अखड़ो घाट के पास बन रही चौकी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजेश सिंह सेंगर, विपुल राय आदि रहे।

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, दो घायल

**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय नेशनल हाईवे मार्ग पर रविवार के दिन बंदीपुर गांव के पास एक ट्राली ट्रैक्टर नेशनल हाईवे मार्ग पर बने बीच के डिवाइडर से टकराकर पलट गई जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर व टाली को किसी तरह से सड़क से हटाया। ट्रैक्टर ट्राली में सवार विक्रम वनवासी गंभीर रूप से घायल हो गया जिनका उपचार जौनपुर के किसी अस्पताल में चल रहा है।

### सड़क दुघर्टना में मां-बेटा घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमलवा पुलिया के समीप रविवार की दोपहर बाइक की आमने सामने हुए जोरदार टक्कर में मां बेटा घायल हो गए। समीपस्थ जनपद आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र के माहुल गांव निवासी इंद्र प्रकाश का 20 वर्षीय पुत्र अंकित अपनी माता 55 वर्षीया आशा देवी को बाइक पर बिठाकर दवा लेने शाहगंज आया था। दवा लेकर घर जाते समय आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमलवा पुलिया समीप पहुंचा ही था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### मारपीट में युवक घायल

**शाहगंज।** नगर के नोनहट्टा मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में चले लाठी डंडे से एक युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उक्त मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर पट्टीदारों में हुई मारपीट की घटना में चले लाठी डंडे से 45 वर्षीय संतलाल पुत्र लखन चौहान गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां हालत गम्भीर देख प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# हाईटेंशन तार में छू गया डीजे, बड़ा हादसा टला

जनसंदेश टाइम्स

**मुंगराबादशाहपुर।** डीजे संचालकों की मनमानी और पुलिस प्रशासन की अनदेखी के कारण शनिवार की रात बड़ा हादसा होते होते बचा गया जिसके कारण नगर की विद्युत आपूर्ति लगातार तीन घंटे तक बाधित रही।

नगर में एक बारात डीजे के धुन पर डांस करते करते निकली। बारातियों की डीजे जब नगर के अंजही और नईगंज मुहल्ले के बीच में पहुंची तो डीजे की उंचाई अत्यधिक होने की वजह से डीजे हाईटेंशन विधुत तार में टच करने लगा जब तक लोग कुछ समझ पाते तो तारों से तेज चिंगारी और तेज धुवां निकलने लगा। अनहोनी की आशंका को देखते हुए डीजे पर मौजूद लोग कूद गए। डीजे के सबसे ऊपरी तल पर लकड़ी का साउंड बाक्स लगे होने की वजह से डीजे में करेंट नहीं प्रवाहित हो सका अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी फौरन विद्युत विभाग को दी गई। विद्युत विभाग ने एहतियात के तौर पर आपूर्ति बंद कर दी जिसके बाद डीजे और बारात आगे निकल सकी। यदि डीजे थोड़ा सा और आगे बढ़ा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था जिसमें कई लोगों की जान जा सकती थी। इस दौरान विभाग को तीन घंटे तक नगर की आपूर्ति को ठप करना पड़ा। डीजे मानक के विपरीत उंचाई होने की वजह से शादी ब्याह के सीजनों और त्योहारों में कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। डीजे संचालकों पर न तो किसी का वश है और न ही वह किसी के वश में है। इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र का कहना यदि ऐसा है तो डीजे संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी और साथ ही साथ सीज भी कर दिया जाएगा। एसडीओ आलोक उपाध्याय का कहना है कि घटना की सूचना मिलने पर एहतियात के तौर पर आपूर्ति ठप कर दी गयी थी।

**हड़कंप**

**तीन घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति, मानक विपरीत बने गगनचुंबी डीजे कभी भी ले सकते हैं जान**



## राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में सुइथा ने मारी बाजी



**सुइथाकला।** गुरूवार को जारी राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा परिणाम में सुइथाकला के बच्चों ने बाजी मारकर क्षेत्र का जनपद में नाम रोशन कर दिया। उनकी इस उपलब्धि पर खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह समेत एआरपी, शिक्षक संगठनों और गुरू जनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह के नेतृत्व व एआपी बंधुओं और गुरू जनों के कुशल मार्गदर्शन में विगत राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में शिक्षा क्षेत्र के दर्जनों छात्रों ने बाजी मारकर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। इस कड़ी में सारी जहांगीर पट्टी गांव निवासी व उच्च प्राथमिक विद्यालय जैनपुर का छात्र देव पटेल ने जहां उक्त परीक्षा में संयुक्त रूप से जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया वहीं कम्पोजिट विद्यालय रामनगर से प्रिया शर्मा व आदर्श, डीह असरफाबाद से आयुषी यादव, सेविका मौर्या, आदर्श, रणवीर यादव, श्रेयश शर्मा, आयुषी, आले मोहम्मद, प्रियांशु और खुशी तथा शांति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहांगीर पट्टी से 3, उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर कला, पूरासम्भलशाह, चेतरहा व सुइथाकला से क्रमशः 4, 4, 3 और 5 बच्चों को मिलाकर विभिन्न विद्यालयों के कुल 40 बच्चों ने बाजी मारकर विद्यालय समेत जिले में क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। उनकी इस उपलब्धि पर एआरपी पंकज सिंह, त्रिवेणी प्रसाद विंद, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# जौनपुर महोत्सव में स्टाल पर होगा श्रमिकों का पंजीकरण

जनसंदेश टाइम्स



**जौनपुर।** जौनपुर महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार हुई। महोत्सव 10, 11 और 12 मार्च को शाही किला में आयोजित होना प्रस्तावित है।

बैठक में कार्यक्रमों की रूप-रेखा तय की गई। महोत्सव में श्रम विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण और नवीनीकरण, डीएफओ और उद्यान अधिकारी द्वारा नव विवाहित जोड़ों को सहजन के पौधे का वितरण, एलडीएम के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के प्रचार-प्रसार का स्टॉल, खादी ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टाल लगाए जाएंगे। निर्देशित किया गया कि महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों और जनपद की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर झाड़ियों की कटाई तथा साफ-सफाई कराए। अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया कि जिन सड़कों की स्वीकृति हो गई है उन सड़कों को ठीक करा दिया जाए यदि कोई गड्ढे है तो उन्हें तत्काल गड्डा मुक्त किया जाए। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जाए। सामूहिक विवाह कराये जाने के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये गये। उन्होंने यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के द्वारा बताया कि सभी विभागों के समन्वय से जौनपुर महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से कराया जायेगा। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोरमा मौर्य, जिलाध्यक्ष बीजेपी पुष्पराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एनएच ने अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस की मौजूदगी में कराई उद्घोषणा



**जंघई।** मछलीशहर-वाराणसी एनएच निर्माण के लिए बन रहे जंघई बाईपास निर्माण के रुकावट बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए एनएचई के अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी मे उद्घोषणा कराई इस दौरान सात दिन के अन्दर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया।

मछलीशहर से वाराणसी जा रही एनएच 731बी का निर्माण चल रहा है। जंघई बाईपास का निर्माण भी कराया जा रहा है लेकिन जंघई के चौका मोड़ पर काश्तकार मुआवजा का रेट कम बनने की बात कह कर निर्माण कार्य नही कराने दे रहे है जिस पर रविवार को अधिकारियों के निर्देश पर जंघई पुलिस चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य एसआई सौरभ कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में एनएच आई के अधिकारियों ने काश्तकारों को जगह खाली करने के लिए उद्घोषणा कराई है तथा घोषणा की गयी की एक सप्ताह के अन्दर लोग जगह खाली कर दे। जिस पर कुछ लोगो ने विरोध भी किया लेकिन पुलिस ने उन्हे समझा बुझाकर शांत कराया। इस मौके पर चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य, एनएचआई अवर अभियन्ता ओपी प्रसाद, जय प्रकाश नारायण वर्मा सहायक अभियन्ता एनएच पीडब्ल्यूडी मिर्जापुर तथा स्वास्तिक कन्ट्रक्शन कम्पनी के लायजनिंग मैनेजर अनिल राय मौजूद रहे। अधिशासी अभियन्ता एनएचई पीडब्ल्यूडी मिर्जापुर डीपी सिंह का कहना है विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी प्रयागराज के निर्देश पर जंघई चौका गाँव मे प्रभावित मकानो को हटाने के लिए उद्घोषणा कराई गयी तथा एक सप्ताह का समय दिया गया है।

# तिलकधारी महाविद्यालय में पुरातन विद्यार्थी समागम का आयोजन

जनसंदेश टाइम्स



**जौनपुर।** स्थानीय तिलकधारी महाविद्यालय में इतिहास विभाग के सौजन्य से पुरातन विद्यार्थियों के समागम का आयोजन रविवार को महाविद्यालय के बलरामपुर हॉल में सम्पन्न हुआ। इतिहास विभाग के विशिष्ट पुरातन छात्रों के साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। महाविद्यालय की स्थापना के बाद प्रथम बार आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर पृथ्वीश नाग, पूर्व कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीप्रकाश सिंह अध्यक्ष तिलकधारी सिंह महाविद्यालय मंचासीन रहे। यह कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में पुरा-छात्रों को स्मृति चिन्ह तथा अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया और द्वितीय सत्र में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विशिष्ट पुरातन छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शशि सिंह ने कहा कि अपने पुरातन छात्रों को अपने बीच पाकर और उन्हें सम्मानित करते हुये इतिहास विभाग अपार हर्ष का अनुभव कर रहा है। उन्होंने पूर्व छात्रों से अपील किया कि किसी भी रूप में आपका संस्था से जुड़ा रहना महाविद्यालय के प्रगति और वर्तमान छात्रों के भविष्य के लिए एक सार्थक सहयोग होगा। पुरातन विद्यार्थी समागम के इस कार्यक्रम में इतिहास के पूर्व छात्र रहे डॉ. अनुराग सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. प्रदीप मौर्य असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. अपर्णा सिंह प्रिंसिपल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, निर्मल वर्मा जेलर चित्रकूट, विवेक ओझा संस्कृति क्अर, रोहित मौर्य ल्ठ्ठ बैंक, नेहा चौरसिया प्रवक्ता, डॉ. सुषमा सिंह प्राचार्य, जपाकर प्रवक्ता इंटर कालेज ने अपनी स्मृतियों को भावुकता के साथ साझा किया। सभी ने तिलकधारी महाविद्यालय को पूर्वांचल क्षेत्र का गौरव बताया। इस अवसर अनेक पूर्व छात्रों ने संस्थान के हित में आर्थिक सहयोग की घोषणा किया तथा यह भी आश्वस्त किया कि उनके कार्य क्षेत्र में महाविद्यालय के किसी छात्र को कोई असुविधा नहीं होगी। पूरा आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भरपूर रहा। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुये प्रोफेसर पृथ्वीश नाग ने कहा कि पुरातन छात्र किसी भी संस्थान की वास्तविक पूंजी होते हैं जिनकी बदौलत संस्थान शैक्षिक उन्नयन के नये कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीप्रकाश सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्व छात्र ही संस्थान का सही मूल्यांकन कर सकते हैं और वे वर्तमान पीढ़ी के छात्रों के लिए आदर्श हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन इतिहास विभाग के पुरातन छात्र और सोनभद्र में प्राचार्य डॉ. अजय विक्रम सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर अरूण कुमार सिंह, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर समर बहादुर सिंह, प्रोफेसर चंद्रलेखा सिंह, डॉ. सरोज सिंह, डॉ. माधुरी सिंह, डॉ. हिमांशु सिंह, डॉ. राजेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में इतिहास विभाग के पुरातन विद्यार्थी मौजूद रहे।

# रमजान का महीना मुसलमानों के लिए इबादत का महीना

## इस दौरान सूर्योदय से सूर्यास्त तक करते हैं उपवास

जनसंदेश न्यूज


हाफिज परवेज उर्फ अच्छे मियां

**रमजान का महीना**

**इस माह में अल्लाहपाक एक नेकी के बदले 70 गुना सवाब अता करता है: काजी-ए-शहर**

**भदोही।** रमजान मुबारक रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है, जो मुसलमानों के लिए बहुत पवित्र माना जाता है। इस महीने में, मुसलमान रोजा रखते हैं, यानी सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास करते हैं।

रमजान के दौरान, मुसलमान अपने दिन की शुरुआत सहरी से करते हैं, जो सूर्योदय से पहले का नाश्ता होता है। फिर वे पूरे दिन उपवास करते हैं और सूर्यास्त के बाद इफ्तार करते हैं, जो उपवास तोड़ने के लिए खाना होता है। रमजान का महीना मुसलमानों के लिए आत्म-शुद्धि और आध्यात्मिक विकास का समय है। वे इस महीने में अपनी इबादत (प्रार्थना) और दान को बढ़ाते हैं और अपने परिवार और समुदाय के साथ मिलकर समय बिताते हैं। रमजान के अंत में, मुसलमान ईद-उल-फित्र का त्योहार मनाते हैं, जो उपवास के महीने के अंत का प्रतीक है। मुकद्दस माह-ए-रमजान में रमजान का चांद दिखने के बाद तरावीह की विशेष नमाज भी पढ़ी जाती है। पूरे माह ईशा की नमाज के बाद पढ़ी जाती है। काजी-ए-शहर रूआते हेलाल कमेटी के सदर अल्हाज हाफिज परवेज उर्फ अच्छे मियां ने बताया कि नमाजे तरावीह पढ़ना सुन्नते मोकदा है। रमजान शरीफ के महीने में कसरत से इबादत करें।

अल्लाह पाक एक नेकी के बदले 70 गुना सवाब अता करता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को इस महीने में पूरे माह रोजा रख कर खूब इबादत करनी चाहिए। फिजूल कामों से बचना चाहिए। इतवार को मुसलमानों ने रमजान माह का पहला रोजा रखा, इसी के साथ रमजान माह की शुरुआत हुई।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़



**भदोही।** मोंढ क्षेत्र के रबरनपुर गाँव में स्थित लाइफ लाइन केयर हॉस्पिटल मोंढ द्वारा रविवार को को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक मो फैजान ने बताया कि चेस्ट एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज यादव, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वी के मिश्रा, फिजिसियन डा साकिब अंसारी व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नज्मे आरा अंसारी ने अपनी टीम के साथ परीक्षण कर परामर्श किया। जिसमे मुख्य रूप से खून की जाँच (सीबीसी), शुगर की जाँच, हड्डी की जाँच (बीएमडी) की जांच निःशुल्क रही। वरिष्ठ डाक्टरों की टीम ने शिविर में आये मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 150 से ज्यादा रोगियों का परीक्षण कर रोग के अनुसार निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक मो फैजान ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साफ सफाई व खानपान में सावधानी बरतने के साथ बदलते मौसम में सावधानी बरतने से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही रोग होने पर सही समय पर इलाज होना जरूरी है। इसके लिए सही जांच होना जरूरी है। बताया कि वातावरण स्वच्छ रहने से स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस लिए जरूरी है कि स्वच्छता पर ध्यान दिया जाए। विशेषकर पेयजल के उपयोग के प्रति अतिरिक्त सजगता जरूरी है।

## संक्षेप

### जनपद में 13 सौ स्थानों पर जलाई जाएगी होलिका

**भदोही।** हिन्दू धर्म का अति महत्वपूर्ण होली त्योहार इस वर्ष 14 मार्च को मनाया जाएगा। ऐसे में होलिकाओं के स्थापना के साथ ही सजाने संवारने का काम लोगों द्वारा तेज कर दिया गया है। शहर के साथ ही जिले के ग्रामीण अंचलों में करीब 13 सौ होलिकाएं स्थापित होगी। संवेदनशील स्थलों को पुलिस ने चिन्हित करना शुरू कर दिया है। विवादित स्थलों पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। बसंत पंचमी के दिन ही शहर के मेन रोड, चौरी रोड, ज्ञानपुर रोड, तहसील मार्ग, स्टेशन रोड के साथ ही मोहल्लों में लोगों द्वारा होलिका स्थापना का श्री गणेश रेड के पेड़ के साथ कर दिया गया था। उसके बाद आस्थावान उसमें प्रतिदिन उपली, झाड़, खझांड डाल रहे हैं। 13 मार्च गुरुवार को होलिका दहन तथा 14 मार्च शुक्रवार को रंगों का पर्व होली मनाया जाएगा। बताते चले कि कालीन नगरी में होली पर्व का खुमार एक पखवारे पूर्व से ही लोगों के सिर चढ़ जाता है। शहर के बाजार व ग्रामीण बाजारों में रंग, अबीर, भांग, टोपी व पिचकारी के दुकानदार अपनी दुकानों को सजाने लगे हैं। दुकानदारों में आस जगी है कि इस साल त्योहार धंधे के दृष्टि से अच्छा साबित होगा। उधर, जिले के ग्रामीण अंचलों में भी होलिका लगाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। बच्चों व युवाओं की टोली होलिकाओं को सबसे अच्छा बनाने की पहल में जी जान से जुट गए हैं। बताते चले कि कालीन नगरी में होली पर्व का खुमार एक पखवारे पूर्व से ही लोगों के सिर चढ़ जाता है।

### चांद नजर आने के बाद मस्जिदों में शुरू हुई विशेष नमाज-ए-तरावीह

**ज्ञानपुर।** मुकद्दस माह-ए-रमजान का चांद शनिवार को नजर आ गया। रविवार को मुकद्दस माह-ए-रमजान की शुरुआत हुई और मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा पहला रोजा रखा गया। रमजान के महीने को इबादतों का महीना कहा जाता है। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा इस महीने में विशेष नमाज-ए-तरावीह अदा की जाती है। ऐसे में मस्जिदों व मदरसों में होने वाली तरावीह के नमाज की तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थी। मस्जिदों व मदरसों के प्रबंध कमेटियों द्वारा उसकी साफ-सफाई के साथ ही साथ वहां पर पानी, प्रकाश, साउंड, चटाई व टोपी आदि की व्यवस्था पहले से ही कर ली गई थी। चांद दिखने के बाद बाद नमाज-ए-एशा तरावीह की नमाज अदा की जाती है। चांद दिखने के बाद मुस्लिम घरों में मुकद्दस माह-ए-रमजान को लेकर तैयारियां शुरु हो गई। जहां पर सजी दुकानों पर लोगों को खजूर, दूधफेनी, बेसन, चना, मटर, ब्रेड व फल आदि इफ्तार व सेहरी में इस्तेमाल होने वाले सामानों की खरीदारी करते हुए देखा गया। वहीं मुस्लिम मोहल्लों में काफी चहल-पहल रही। वहां पर भी सजे सेहरी व इफ्तार के दुकानों से लोग खरीदारी करते नजर आए।

### मजदूर नेता तथा वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक

**भदोही।** नगर के पचभैया मोहल्ला निवासी मजदूर नेता तथा वरिष्ठ पत्रकार जैनुल आब्दीन बेग के निधन पर लोगों में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन पर राजनीतिक दलों सहित पत्रकारों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। वरिष्ठ पत्रकार जैनुल आब्दीन बेग पुर्व सांसद स्व. यूसुफ बेग के छोटे भाई और विधायक जाहिद बेग के चाचा हम। उनके पुत्र शाहनवाज बेग ने बताया कि उनके पिता ने रविवार को अंतिम सांस ली। वरिष्ठ पत्रकार जैनुल आब्दीन बेग को रविवार को असर की नमाज के बाद जल्लापुर नईबस्ती वाले कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके निधन से लोगों में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन पर शहर के लोगों के साथ ही राजनीतिक दलों सहित पत्रकारों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### स्थापना दिवस पर मां दुर्गा का किया गया अलौकिक श्रृंगार

**गोपीगंज।** क्षेत्र के डीघ विकास खंड के तिंलगा गांव मे प्रमुख धार्मिक स्थल शिव शक्ति धाम का स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया 02 मार्च को शिवशक्ति समिति के तत्वाधान में आयोजित स्थापना दिवस पर शक्तिधाम मंदिर परिसर मे धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस पर पूरे मंदिर परिसर सहित शक्ति माता का भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह से शुरु हुए दर्शन पूजन के दौरान वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच काजू से सहर्ष अर्चन किया गया। सुंदर कांड पाठ के उपरांत दुर्गा सप्तशती पाठ शुरू किया गया। धार्मिक अनुष्ठान का समापन कन्या पूजन, हवन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया। सतरहवे स्थापना दिवस पर धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन मे भरत पांडेय, संतोष पांडेय, शिवम दुबे, मिठाईलाल दुबे व समिति के सभी सदस्यों के साथ गांव के लोगों का विशेष योगदान रहा।

# साइकिलिंग से होता है पूरे शरीर का व्यायाम: डॉ. एसएस



अगर आप सूर्योदय से पहले उठकर योग व्यायाम, खेलकूद या साइकिलिंग करते हैं तो आप सभी प्रकार के रोगों से मुक्त रहेंगे और आपका मन कामकाज में लगेगा और आप तरक्की करेंगे। प्रधान पति गुलाब चंद तिवारी उर्फ मुन्नू

**गोपीगंज।** भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। अताउल अंसारी की अध्यक्षता में निकली साइकिल यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.एस एस यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिल यात्रा आरंभ होकर गुदरीपुर पहुंची। वहां पहुँचने पर ग्राम सभा अमिलौर के ग्राम प्रधान पति गुलाब चंद तिवारी उर्फ मुन्नू तिवारी ने सभी साइकिल चालकों का फुल माला से जोरदार स्वागत किया और कहा कि तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और खुद भी साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए। साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर गुदरीपुर, अमिलौर, बनका, रामपुर घाट गाँव का भ्रमण करते हुए सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए रामपुर घाट पर इसका समापन हुआ। साइकिल यात्रा में अतुल शुक्ला, विष्णुकांत पांडेय, प्रवीण टंडन, विकास यादव, अबू हुरैरा अंसारी आदि लोग शामिल रहे।

# लायंस क्लब क्षितिज ने निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का किया आयोजन

**नेक कार्य**

**लोहिया पार्क पर लगाया गया फ्री ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर चेकअप कैंप**

**कैंप में 335 लोगों का किया गया ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर चेक**




**जौनपुर।** जनपद की अग्रणी समाजसेवी संस्था लायंस क्लब क्षितिज ने अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में समाजसेवा के अंतर्गत पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित लोहिया पार्क पर प्रातः एक निशुल्क मधुमेह और ब्लड प्रेशर जाँच शिविर का आयोजन किया। कैंप में मॉर्निंग वॉक के लिए आए हुए लगभग 330 लोगों का ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर चेक किया गया जिसमें 25 मरीजों को अत्यधिक शुगर होने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया शुगर के मरीजों के लिए शुगर लेवल पर नजर रखना बेहद जरूरी है। खून में शुगर की मात्रा इंसुलिन नाम के एक हार्मोन से नियंत्रित होती है। डायबिटीज के रोगियों का शरीर या तो पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बनाता या फिर उसका सही उपयोग नहीं कर पाता, जिससे अक्सर ब्लड शुगर बढ़ जाता है। उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि मधुमेह भारत में प्रचलित सबसे आम बीमारियों में से एक है। भारत की लगभग 11.2% आबादी मधुमेह से पीड़ित है।

डायबिटीज को हम अपने खान-पान व नियमित दिनचर्या को सुधार कर नियंत्रित कर सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक सुनील कनौजिया ने शिविर में सेवा देने के लिए आए हुए डॉ. प्रशांत द्विवेदी और आशीर्वाद हॉस्पिटल से आये स्टॉफ के विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस सेवा कार्य में संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, पूर्व अध्यक्ष विष्णु सहाय, सचिव अजीत सोनकर, कोषाध्यक्ष दीपक साहू, पूर्व सचिव प्रदीप श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, संजय जायसवाल, डॉ. सतीश चंद्र मौर्य सहित संस्था के कई लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंजनी प्रजापति ने किया।

## संक्षेप

### खेत की सिंचाई के लिए जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खजुरा गांव के समीप रविवार सुबह दबंगों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान युवक के सिर में गंभीर चोट आ गई। पुलिस पीड़ित की तहरीर के पर जांच पड़ताल में जुट गई है। बरैयाकाजी गांव के निवासी रामशकल चौरसिया का 22 वर्षीय पुत्र परमेश रविवार सुबह खेत की सिंचाई के लिए जा रहा था। जैसे ही वह खजुरा गांव के समीप पहुंचा तभी पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों ने परमेश की लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान परमेश के सिर में गंभीर चोट आ गई। खून से लथपथ परमेश को देखकर आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पहुंचाया तथा पीड़ित ने तहरीर देकर दबंगो के कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर समाज सेवा करना उत्कृष्ट कार्य : प्रिया सरोज

**चंदवक।** नेत्र शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करना, आखों को रोशनी देना उत्कृष्ट कार्य है। कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवी अवकाश प्राप्त फौजी इसके लिए बधाई के पात्र हैं। उक्त बातें ककरापार में आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि देश सेवा, समाज सेवा करने के बहुत सारे माध्यम है बस इच्छा शक्ति की जरूरत है। शिविर में 487 लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 177 लोग मोतियाबिंद सहित अन्य आंख की बीमारियों से ग्रसित पाए गए। सभी चिन्हित किए गये मरीजों को सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट ले जाकर ऑपरेशन कराने की योजना आयोजन समिति की है। कार्यक्रम में आशीष यादव, राहुल, जितेन्द्र यादव, सोनू पुजारी, डॉ. संजय यादव, लक्ष्मण राजभर, जय सिंह, रवींद्र, सिंटू, शुभम, दीपक, काशी, अरविंद, सत्यनारायण नाविक, अदालत यादव, सुंदरम राम, विवेक चौबे, जय कमल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पुत्र के विवाद में पिता की पिटाई, केस दर्ज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के तुर्की बघैला गांव में शनिवार सुबह बच्चों के विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्यवाई में जुट गई है। तुर्की बघेला गांव के निवासी शमसुद्दीन का पुत्र तालीम शनिवार सुबह शौच के लिए जा रहा था इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उसके पुत्र से अप्रिय भाषा का प्रयोग करते हुए उसे डांट फटकार लगा दी। तालीम जब घर पहुंचा तो घटना की जानकारी अपने पिता को दी। पुत्र की बात सुनकर पिता ने दूसरे पक्ष से मामले में पूछताछ की तो दूसरा पक्ष गाली गलौज करते हुए मारपीट को उतारू हो गया। शमसुद्दीन ने जब इसका विरोध किया तो विपक्षियों ने शमसुद्दीन को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान शोरगुल की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों ने पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। इसके बाद शमसुद्दीन ने घटना की शिकायत सरायख्वाजा थाने पर तहरीर देकर की। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया की पीड़ित द्वारा चार लोगों के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई है केस दर्ज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के मलिकानपुर गांव में रविवार की शाम एक युवक ने फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए फॉरेसिंक टीम को बुला विधिवत जांच शुरू कर दी है। उक्त गांव निवासी संदीप शुक्ल का एकमात्र पुत्र 18 वर्षीय वैभव शुक्ल कक्षा 12 का छात्र था। वैभव प्रयागराज अपनी बुआ के यहां रहता था। बोर्ड परीक्षा देने के लिए घर आया था। वैभव ने हर्बल कम्पनी में एक माह पूर्व ही काम शुरू किया था। मुख्यालय से प्रतिदिन घर आता जाता था। उसके पिता वर्तमान में आसनसोल रहते है, जबकि मां मायके में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने गई थी। वैभव का शव घर के एक कमरे में लगे पंखे के हुक में साड़ी के फंदे से लटकता देख किसी ने शोर मचाया तो पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उच्चाधिकारियों घटना की जानकारी देते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस ने लाश उतरवाकर कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न




**जौनपुर।** राष्ट्रीय पीजी कॉलेज जमुहाई में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) समापन समारोह हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के महत्व को रेखांकित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश कुमार सिंह 'प्रिंसू', समाजशास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान प्रोफेसर हरिओम त्रिपाठी, प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश पांडे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंधक श्री सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत से हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा पुष्पवर्षा कर मंचासीन अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात, माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन किया गया, जिससे समारोह का वातावरण आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई, जिससे राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को जीवंतता मिली। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को आत्मविकास पर ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना केवल सेवा योजना नहीं, बल्कि समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

यह हमें सिखाता है कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह समाज के कल्याण में भी सहायक होनी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक बनाता है और उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है। विधान परिषद सदस्य बृजेश कुमार सिंह 'प्रिंसू' ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल समाज सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नेतृत्व क्षमता विकसित करने का मंच भी है। यह युवाओं को समाज के जरूरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशील बनाता है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। इसका मूल उद्देश्य समाज में सेवा, समानता और समरसता की भावना को बढ़ावा देना है। समाजशास्त्र के विद्वान प्रोफेसर हरिओम त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना को समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से समझाते हुए कहा कि यह सामाजिक संरचनात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। यह केवल सेवा का मंच नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्गों की आवाज बनने का जरिया है। यह हमें असमानताओं को समाप्त करने और एक समावेशी समाज बनाने की दिशा में काम करने की प्रेरणा देता है।

प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को और अधिक गहराई से विश्लेषित करते हुए कहा कि यह छात्रों को केवल समाज सेवा तक सीमित नहीं रखता, बल्कि यह उन्हें नेतृत्व क्षमता विकसित करने, सामाजिक समस्याओं को समझने और समाधान निकालने के लिए प्रशिक्षित करता है। इसके स्वयंसेवक समाज की वास्तविक जरूरतों को समझते हैं और उसके अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। यह राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. श्याम कन्हैया सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है। यह हमें निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है।

# त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



**रामपुर।** थाना परिसर में आगामी त्योहार होली एवं रमजान को लेकर क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं, तहसीलदार व थानाध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक कर होली, होलिका दहन व रमजान आदि को लेकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की। उन्होंने बताया कि होली का त्योहार शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ मनाए और आज से रमजान पवित्र माह शुरू हुआ है होली 14 मार्च को दिन शुक्रवार के दिन पड़ रही है। उसी दिन मुस्लिम समुदाय का शुक्रवार होने के कारण नमाज अदा करेंगे। इस वजह से लोगों से अपील है कि एक बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से होली मना ले और मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील है कि पवित्र माह रमजान में कोई भी व्यक्ति मस्जिद के बाहर नमाज अदा नहीं करेगा। अगर मस्जिद में जगह न हो तो कई शिफ्ट में नमाज अदा करेंगे और कोई बाहर करते है तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होगी। थानाध्यक्ष देवानंद रजक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर श्यामधर मिश्र प्रधान फजुलाहा, विनोद जायसवाल, चेयरमैन पप्पू, प्रधान संतोष पांडेय, विजय शंकर पांडेय, प्रबंधक लालजी, प्रधान मनीष यादव, रामधनी गौतम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर सम्पन्न

**केराकत।** श्री गणेश राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोभी (मथुरा नगर) में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर शनिवार को समापन के साथ सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रवीण सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को सामुदायिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है, और युवा ही राष्ट्र के भविष्य के निमार्ता हैं। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त समाज, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, विकसित भारत मिशन और सामाजिक कुरीतियों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने युवाओं को जागरूक रहकर समाज सुधार में योगदान देने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सरिता सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, डॉ. निहाल खान, प्रोफेसर वृजेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर आलोक सिंह, लेफ्टिनेंट राहुल पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मस्जिदों और घरों में रोजेदारों ने इफ़्तार कर खोला पहला रोजा



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** ज़िले में रविवार को पवित्र माह रमजान के पहले दिन मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सुबह से ही रोजेदारों की चहल पहल दिखाई पड़ी। सूर्योदय से पहले ही लोगों ने अपने अपने घरों में सेहरी करने के बाद रोजा रखने की नीयत किया और अजान के बाद फज्र की नमाज अदा की।

मौसम खुशगवार होने की वजह से रोजेदारों का पहला दिन काफी अच्छा रहा तो वहीं रमजान के पहले दिन रविवार होने के कारण नगर की मस्जिदों में नमाज अदा करने वालों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने नमाज के बाद मुल्क में अमन व शांति एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। मगरिब से पहले मस्जिदों में रोजा इफ्तार का इंतेजाम करते हुए लोग दिखाई दिये और अजान की आवाज सुनते ही लोगों ने पहला रोजा खोला और नमाज अदाकर अल्लाह से दुआएं मांगी। वहीं माह-ए-रमजान के महीने में बड़ों के साथ-साथ छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं हट रहे हैं। नन्हे.रोजेदार ने भूखे प्यासे रहकर पहला रोजा मुकम्मल किया।

**मुकद्दस रमजान**

**भूखे प्यासे रहकर नन्हें रोजेदारों ने मुकम्मल किया रोजा**

बड़ों के साथ बच्चे अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। रोजा रखने के साथ पांचो वक्त की नमाज और कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर रहे हैं। ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में तरावीह पढ़ने वालों की भीड़ जुटने लगी। खासतौर पर शाही अटाला मस्जिद, शाही बड़ी मस्जिद, लाल मस्जिद, आया मस्जिद, शेरवाली मस्जिद में हजारों की संख्या में लोग तरावीह पढ़ते हुए नजर आये।

### छह वर्ष की बालिका ने रखा पहला रोजा, परिवार में खुशी का माहौल



**खेतासराय।** रमजान का पाक महीना शुरू हो चुका है और इस दौरान बच्चों में भी इबादत का खास उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में छः वर्षीया नूर फातिमा ने अपना पहला रोजा रखकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कस्बा के जोगियाना वार्ड निवासी सफर शेख की छः वर्षीया पुत्री नूर फातिमा ने बचपन से ही अपने परिवार को रोजे रखते हुए देखा और इस बार उसने भी खुद रोजा रखने की इच्छा जताई। परिवार ने पहले सोचा कि उम्र कम होने के कारण यह मुश्किल होगा, लेकिन उसकी जिद और हौसले को देखते हुए उसे रोजा रखने की इजाजत दी गई। सुबह उसने पूरे उत्साह के साथ सेहरी की और फिर नियत करके रोजा रख लिया। पूरे दिन उसने धैर्य और समर्पण के साथ रोजा निभाया और इफ्तार के समय परिवार के साथ मिलकर अपना पहला रोजा खोला। इस मौके पर परिवार के सदस्यों ने उसकी हिम्मत की सराहना की और उसे दुआएं दीं। बच्ची के माता-पिता का कहना है कि वे उसकी हिम्मत और धार्मिक आस्था से बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि इतनी छोटी उम्र में उनकी बेटी ने यह कदम उठाया। इस छोटी बच्ची के हौसले ने समाज में एक मिसाल कायम की है और सभी को यह संदेश दिया है कि इबादत और धार्मिक आस्था के लिए उम्र मायने नहीं रखती, बल्कि सच्चे दिल और समर्पण की जरूरत होती है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।








# कूड़े की नहीं उठान, बदबू से लोग हो रहे परेशान

ओंकार तिवारी

**वार्ड नंबर 43, पिशाचमोचन**

## मार्ग क्षतिग्रस्त, आए दिन दुर्घटनाएं, नगर निगम बेखबर

**वाराणसी।** नगर निगम लाख प्रयास करे लेकिन उनकी सीमा में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधा मुहैया हो पा रहा है कि नही। जनप्रतिनिधि अपने-अपने वार्डो की की समस्याओं को पुरजोर तरिके से उठाते है या नही। जन समस्याओं का कितना निस्तारण होता है, होता भी है या नही।

वार्डों के निवासियो को कौन-कौन सी दुश्वारियों से रूबरू होना पड़ता है, उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए वार्ड के चुने गए पार्षद कितनी रूची लेते है। नगर निगम जनता की समस्याओं के प्रति त्वरित कार्रवाई कर रहा है या नही। इन सभी सवालो को लेकर जनसंदेश टाइम्स जनता के बीच पहुंच रहा है। कार्यक्रम के नौवे क्रम में वार्ड नंबर 43 पिचासमोचन से। इस वार्ड की सबसे बड़ी समस्या क्षतिग्रस्त मार्ग से आये दिन दुर्घटनाएं और कूड़े का उठान नही होने से परेशान है लोग।

नागरिको का कहना हैं कि अनेक बार नगर निगम को अवगत कराया गया लेकिन मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद भी उसे ठीक नही किया जाता है। जिससे आवागमन में आए दिन लोगों को



दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ता है और विभाग मौन है।

लोगों ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत गलियों में लगा चौका उखड़ने लगा है। जगह-जगह बने गढ्ढे तथा हबीबपुरा क्षेत्र में कूड़े का उठान नही होने से हो रही बदबू से लोग परेशान है लेकिन नगर निगम को कोई ध्यान नही है। देश में जाना और पहचाना जाने वाला भरतीय शास्त्रों और सरकारी अभिलेखो में अपने नाम की सिद्धि के लिए काशी का प्रसिद्ध और एतिहासिक कुंड पिचासमोचन का पुराना नाम पिचासमोचन विमल तीर्थ है।

मान्यता है कि अकाल मृत्यु से प्रेत योनी से मुक्ति हेतु काशी स्थित इस जगह लोग पिंडदान करते है। गया जाने से पहले ही यहां तृपिंडि, नारायण बलि और पिंडदान किया जाता है। पृतपक्ष में काशी के इस कुंड पर हजारो लोगों की भीड़ होती है। जहां पर लोग अपने पित्तरो का तृपिंडि करने पहुंचते है। कई विस्वें में बने इस कुंड पर श्राद्ध कर्म होता रहता है। जहां नगर निगम पित्रपक्ष में इस कुंड की विशेष सफाई करवाता है वहीं यहां निकलने वाले कुड़े का निस्तारण कर दिया जाता है।

**वार्ड में शामिल मोहल्ले-** हबीबपुरा, पीचासमोचन, महामंडल नगर, लाजपत नगर।

**वार्ड की अनुमानित आबादी-** 40 हजार के आस-पास।

**अनुमानित बोटरो की संख्या-**11 हजार के आस-पास।

**वार्ड की विशेषताएं-** पृतपक्ष में श्राद्ध, नारायणबलि, तृपिंडी और पिंड दान जैसे होते है कार्य- काशी का ऐतिहासिक स्थल- पिचासमोचन कुंड

**सर्वाधिक जटिल समस्याएं-** कूड़े का नही उठान से, क्षतिग्रस्त मार्ग से दुर्घटनाएं।

**निदान के क्या हुए उपाय-** पेयजल की लगी पाइप लाइन, लगाए गए सोलर लाइट।

**किस उपकेंद्र से मिलती है बिजली-** चौकाघाट और बेनियां उपकेंद्र से।

**रोजना कितने घंटे होती है आपूर्ति-** नियमित होता है।

**पेयजल की स्थिति-**ठीक है।

**नियमित कूड़ा उठ पाता है या नहीं-** नहीं।



पिशाच मोचन-हबीबपुरा का मुख्य मार्ग कई माह से क्षतिगस्त है। दुर्घटनाएं आए दिन होती है लेकिन नगर निगम पता नही क्यो मरम्मत नही कराता है।

सुनील जायसवाल



इस पिशाच मोचन कुंड का विशेष महत्व है। काशी के इस कुंड में पिंड दान पहले किया जाता है फिर लोग गया जाते है। इधर से वाहनों के आवागमन से आए दिन जाम होता है, इसका निस्तारण होना चाहिए।

महेन्द्र सहाय

पिशाचमोचन विमल तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध और प्राचिन यह कुंड है। जहां पुतरों के शांति के लिए नरायण बलि, तृपिंडि और पिंड दान किया जाता है।

नागेंद्र कुमार उपाध्याय



गलियों में स्मार्ट सिटी के तहत चौका लगाया गया था जो कई जगहो से उखड़ रहा है। जिससे आवागमन में लोगों को दिकत्त होती है।

राधेश्याम अग्रहरी



अपने कार्यकाल में कार्य कराया हूं। पुरानी सीवर पाइप हटवाकर नई लाइन डलवाया था और चौका भी विछवाया था। इससे समस्या का निस्तारण हुआ।

रनर्स अप -बृजराज श्रीवास्तव आसू



काली मंदिर के पास पेयजल पाइन नही था। जहां लाइन डलवाया। वार्ड में नौ सोलर और 80 पीस स्ट्रीट लाइटें लगवाया हूं।

पार्षद- मनीष कुमार गुप्ता

# नहीं सुधर रही ट्रेनों की चाल, घंटों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

**गाजीपुर।** ट्रेनों की लेटलतीफी की वजह से सहालग में समय से यात्री मौके पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। यात्रियों को टिकट कैंसिल करना पड़ रहा है या ट्रेनों के इंतजार में घंटों रेलवे स्टेशन पर इंतजार करना पड़ रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी की सिलसिला कोई नया नहीं है, ये महीनों से इसी तरह चला आ रहा है। लिहाजा अब तक कोई सुधार नहीं हो पाया। जबकि कोहरे का सीजन भी बीत चुका है। गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनें 5 से 12 घंटे की विलम्ब से पहुंच रही हैं।

ट्रेनों की देरी की वजह से जिस स्टेशन पर पैर रखने की जगह नहीं होती थी आज वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रयागराज में महाकुंभ के साथ ही ट्रेनों का टाइमिंग शेड्यूल बिगड़ गया था। वहीं रेल प्रशासन के जिम्मेदार ट्रैक मेंटेनस और अन्य परेशानी बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। सुबह आने वाली ट्रेनें रात को स्टेशन पर पहुंच रही है। लेकिन इन सब मामलों से रेलवे प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए हैं। रेलवे बोर्ड के दिशा निदेर्शों का रेलवे प्रशासन पालन कर रहा है और कुछ भी कहने से बच रहा है। भारतीय रेलवे भारत का सबसे सस्ता परिवहन है। रेल परिवहन सड़क परिवहन की तुलना में काफी किफायती है। हर रोज लाखों यात्री एक जगह से दूसरे जगह ट्रेनों से यात्रा करते हैं। यहां तक नौकरी पेशा लोग भी ट्रेनों से ही यात्रा कर अपने कार्यस्थल तक पहुंचते हैं। अब देखना होगा कि रेलवे प्रशासन ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर उचित कदम उठाता है कि ये सिलसिला इसी तरह से चलता रहेगा.. ये तो अब आने वाला समय बताएगा.. लेकिन ट्रेनों की लेटलतीफी का सीधा असर रेल यात्रियों पर पड़ रहा है जिसकी वजह से अब रेल यात्रियों में काफी नाराजगी भी जताई जा रही है। शनिवार रात और रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनल - जयनगर पवन एक्स. 12 घंटे, सुहेलदेव एक्स. छह घंटे, नई दिल्ली जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्स. सात घंटे, अहमदाबाद-दरभंगा अंत्योदय दो घंटे, जयनगर-लोकमान्म तिलक टर्मिनल चार घंटे, रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनल अंत्योदय एक्स. सवा घंटे और बांद्रा-गाजीपुर एक्स. दो घंटे सहित अन्य ट्रेन काफी विलम्ब से पहुंची।

# राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका राष्ट्रीय सेवा योजना की : डॉ. विनय त्रिपाठी

जनसंदेश न्यूज




**सुजानगंज।** श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन हो गया। क्षेत्र के श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी ने स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार की यह योजना राष्ट्र निर्माण के साथ साथ नव चेतना की संवाहिका है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुवीर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अवधेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी खगेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि आप सभी स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं से महाविद्यालय ये अपेक्षा रखता है कि विगत सात दिनों में अहर्निश आप लोगों ने जो परिश्रम एवं अनुशासन का परिचय इस शिविर में दिया है उसका लाभ आपके परिवार, समाज एवं राष्ट्र को प्राप्त हो, इस तरह के कार्य आप लोगों द्वारा किया जाएगा और हम सब भी भगवान गौरीशंकर से आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना करते हैं।

कार्यक्रम में अनेकों स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेविका काजल तिवारी द्वारा किया गया। इसी क्रम में रघुवीर महाविद्यालय थलोई भिखारीपुर कला के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन समारोह में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजू शुक्ला ने बच्चों द्वारा इन सात दिनों में बहुत ही परिश्रम के साथ अपना योगदान दिया जो समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी है। इस दौरान विकास शर्मा, मोहम्मद गफ्फार आदि प्राध्यापकों के साथ स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकायें उपस्थित रहे।

## ब्लॉक इकाई को मिले नए पदाधिकारी

**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत यूपी पंचायत सहायक संगठन के निर्देश पर ब्लाक इकाई के नये पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हो गया। यह पूरी चुनावी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी न्यूक्त एडीओ पंचायत शशिप्रकाश राय और सचिव विनीत राय के कडे देखरेख में सम्पन्न हुआ। भारी गहमागहमी के बीच ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों का हुआ यह निर्वाचन पूरी तरह से निर्विरोध रहा। जिसमें रवींद्र यादव अध्यक्ष, संतोष कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, शैलेश प्रजापति महामंत्री, विजय कुमार कोषाध्यक्ष, जनमेजय चौरसिया मिडिया प्रभारी जबकि सीमा कुमारी का महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गये।इस प्रक्रिया के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ पडी, समर्थकों ने ब्लाक इकाई के सभी नये पदाधिकारियों का माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, इसके उपरांत चुनाव अधिकारी द्वय ने सभी छह नवनिर्वाचित ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस निर्वाचन के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान रेवतीपुर पंचायत सहायक संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र यादव ने कहा कि संगठन का विस्तार और उसकी मजबूती पर उनका जोर रहेगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा का मना वार्षिकोत्सव



जनसंदेश टाइम्स

**सुजानगंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा का वार्षिकोत्सव मनाया गया, जिसमें रामनगर की शाखा पर सुबह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा संघ कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित नन्दराज ने संघ द्वारा लिए गए पंचप्रण के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत शारीरिक तथा प्रदर्शन से हुई।

इस दौरान खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख तरुण चौबे, राजेश पाण्डेय, बाबुलनाथ पांडेय सहित अन्य स्वयं सेवक उपस्थित रहे। सुजानगंज और नरहरपुर की प्रभात शाखा पर वार्षिकोत्सव मनाया गया जहां उपस्थित मुख्य वक्ता वीरेंद्र बहादुर ने बताया कि संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है। अतः ईश्वरीय कार्य को प्रत्येक घर घर तक पहुंचाना हम सभी स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी है। इस दौरान आए हुए अतिथियों के प्रति कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश पांडेय एवं रमा राम पाण्डेय ने आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख तरुण चौबे, विजय चौबे, सुशील तिवारी, हरेंद्र गौंड, अतुल तिवारी, रंजीत सरोज सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सदगुरु शरणानंद महाराज ने दिया सभी अनुयायियों को आशीर्वाद

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** संतमत अनुयायी आश्रम मठ गड़वाघाट रमना वाराणसी के पीठाधीश्वर श्रीश्री 108 श्री सद्‌गुरू शरणानंद महराज जी का आगमन हर वर्षो की भांति इस साल भी नगर के रेवडापरसपुर में स्थित शाखा आश्रम में रविवार को हुआ।

महराज का आशीर्वाद लेने के लिए आश्रम पर उनके अनुयायियों का जनसैलाब उमड़ा। सभी अनुयायियों ने कतारबद्ध होकर महराज का दर्शन किया और उनका आशीर्वाद लिया। नगर के रेवडापरसपुर में स्थित मठ गड़वाघाट पर श्रीश्री 108 श्री सदगुरू शरणानंद महराज के आगमन की सूचना पर उनका दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए जनपद सहित अन्य जनपदों से हजारों की संख्या में उनके अनुयायी पहुंचे।

भोर से ही महराज के अनुयायियों का आश्रम में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह के लगभग 10 बजे तक आश्रम पर महराज के अनुयायियों का जनसैलाब उमड़ा पड़ा। कतारबद्ध होकर उनके अनुयायियों ने दर्शन और आशीर्वाद लिया। जहां पर सत्संग भी किया गया। दोपहर 2 बजे से आश्रम पर भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हो गया था। जहां पर हजारों की संख्या में महराज के अनुयायियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल, ईओ नगर पालिका परिषद भदोही धर्मराज सिंह, ब्रह्मा दयालानंद जी (महात्मा), रतनलाल यादव, गौरीशंकर यादव, श्याम लाल बिंद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## क्षेत्र पंचायत निधि से लगाए गए पांच आरओ प्लांट

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में तीन लाख की लागत से पांच आरओ प्लांट लगाया गया। गर्म मौसम के आगमन से पूर्व ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में शुद्ध शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरओ प्लांट लगाया गया है। वर्ष 2024-25 की बैठक में ग्रामप्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में प्रस्ताव बनाया गया जिसे अध्यक्ष अर्चना यादव द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसमें ग्राम पंचायत खरसहन के दीदारगंज बाजार, ग्राम पंचायत पल्थी के पल्थी बाजार, संग्रामपुर कन्या विद्यालय के पास, खांजहापुर बाजार सहित ब्लॉक मुख्यालय के क्षेत्र पंचायत सभागार के पास आरओ प्लांट लगाया गया। प्रति आरओ प्लांट पर तीन लाख रुपया खर्च किया गया। ब्लॉक प्रमुख अर्चना यादव ने कहा कि गर्मी के मौसम में क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह देखने को मिला था कि ग्रामीण क्षेत्र की बाजार में पानी की समस्या से गरीब मजदूर राहगीर काफी परेशान होते हैं।

# डीएस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम सूरतपुर पलिया में रविवार को दोपहर डीएस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रमाशंकर यादव (संयुक्त प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सेतु निगम, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग) ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चे जो पढ़े, समझ समझ कर पढ़े। जो बच्चा अपने गुरु की सिखायी गयी बातों और सद आचरण का अनुकरण करता है वही जीवन में तरक्की करता है। मौके पर विशिष्ट अतिथि डा. राजबहादुर यादव (कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर), राजबहादुर यादव महेन्द्र नागर, शर्मिला यादव, योगेंद्र यादव, अभिषेक यादव, पूजा चौहान, वंदना चौहान, पूजा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन कमलेश ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता रामदुलार यादव ने और संचालन प्रधानाध्यापिका रीना यादव ने किया।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

**कथा**

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर जयकारों से गूंजा पंडाल

जनसंदेश न्यूज



**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के अरुवां गांव में मुख्य यजमान रमाकांत उपाध्याय के किंडस फ्यूचर विंग्स मां गायत्री स्कूल के परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन की कथा में कथा वाचक नरेंद्र तिवारी मुन्नू ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर रसपान कराते हुए श्रोतागण को बताया कि कंस के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर सभी श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। कथावाचक ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर कोई संकट आता है और दुष्टों का अत्याचार बढ़ जाता है तो भगवान अवतरित होकर उस संकट को दूर करते हैं।

भगवान शिव और भगवान विष्णु ने कई बार पृथ्वी पर अवतार लिए हैं। भक्तों की पुकार पर राक्षसों के संहार के लिए भगवान स्वयं धरती पर जन्म लेकर और दुष्टों का हर युग में संहार किया है। बीच-बीच में भजन-कीर्तन पर श्रोता झूमते रहे।

उन्होंने आगे कथा में बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं। श्रीमद्भागवत कथा सभी ग्रंथों का सार है, उन्होंने संस्कार और शिक्षा पर भी बल दिया।

अंत में आरती के बाद कथा पर विराम हुआ। श्याम शंकर उपाध्याय ने आए हुए सभी श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डाक्टर प्रमोद कुमार सिंह, सुशील कुमार मिश्र, नरेन्द्र मौर्य, रामशिरोमणि सिंह, विजय नाथ उपाध्याय, प्रेम शंकर, अशोक उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेहतर छात्र नेता चुनाव में तमन्ना विजयी

**नेवढ़िया।** प्राथमिक विद्यालय चकईपुर रामपुर में बेहतर विद्यार्थी नेता का चुनाव कराया गया जिसके माध्यम से बच्चों में निर्णय क्षमता का विकास एवं पंचायत चुनाव प्रणाली के बारे में व्यवहारिक ज्ञान देने हेतु मतदान की भूमिका एवं महत्व के लिए चुनाव प्रायोजित किया गया। सभी उम्मीदवार छात्र अपने पक्ष में प्रचार प्रसार में लगे रहे। चार उम्मीदवारों ने छात्र नेता चुनाव हेतु पर्चा दाखिल किया जिसमे रूद्र चुनाव चिह्न किताब, आदित्य को घड़ी, आर्यन को कलम और तमन्ना को ग्लोब चुनाव चिह्न मिला। चुनाव में मतदान अधिकारी के रूप में जुनेद अहमद (पीठासीन), परिधि पटेल (मतदान अधिकारी प्रथम), श्रुति वर्मा (मतदान अधिकारी द्वितीय) एवं शिवानी पटेल (मतदान अधिकारी तृतीय) ने मतदान कार्य को कुशलता पूर्वक कराया। वहीं मतगणना अधिकारी के रूप में नेहा पटेल (पीठासीन), गौरव पटेल (मतगणना अधिकारी प्रथम), यश कुमार पटेल (मतगणना अधिकारी द्वितीय) एवं आयुष पटेल (मतगणना अधिकारी तृतीय) ने बहुत अच्छे से अपने कार्य का निर्वहन किया। मतगणना प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पटेल की निगरानी में किया गया, जिसमें तमन्ना बानो ने 47/100 मत पाकर विजयी हुई तथा अन्य आदित्य -27, रूद्र- 3, आर्यन-18, अमान्य को 5 मत प्राप्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पटेल, सुनीता पटेल, संध्या यादव, मनोज कुमार विश्वकर्मा, राजबहादुर एवं आशा पटेल अध्यापकगण मौजूद रहे। विजेता तमन्ना बानो को अध्यापिका संध्या यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा प्रधानाध्यापक अशोक पटेल ने विजेता प्रमाण पत्र प्रदान कियोसभी बच्चों ने जोरदार ताली बजाकर विजेता तमन्ना बानो का स्वागत किया। विजेता तमन्ना बानो ने शपथ लेते हुए कहा कि मैं अपने कार्यों का अच्छे से निर्वहन करते हुए सदैव अनुशासन में रहकर कार्य करूंगी।

## भक्त की भक्ति के वशीभूत हो जाता है परमात्मा : अशोक

**आजमगढ़।** ईश्वर भक्त की भक्ति के वशीभूत होकर भक्त की मयार्दा रखने के लिए अपनी मयार्दा को भी नजर अंदाज कर देते हैं। ईश्वर का सानिध्य पाने के लिए भक्ति ही सबसे बड़ी युक्ति होती है और यह केवल सत्संग से ही प्राप्त होती है। उक्त बातें अयोध्या से पधारे प्रखर मानस वक्ता अशोक आनंद जी महाराज ने शनिवार की रात्रि श्री शोभनाथ धर्मशाला में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा विश्वास से ही श्रद्धा और श्रद्धा से ही भक्ति उत्पन्न होती है और भक्ति के माध्यम से ही व्यक्ति को ईश्वर का सानिध्य प्राप्त होता है। जो व्यक्ति अपने से ज्यादा दूसरों के कल्याण की कामना करते हैं उनका कल्याण ईश्वर खुद कर देता है। मौके पर मंशा प्रसाद वर्मा, सुनील वर्मा, रजत गुप्ता, पिंटू, अनिल मद्धेशिया, अच्छेलाल, सतिराम, मनोज वर्मा, गोपाल, नंदन कुमार, बेचन आदि उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक कमलेश राय ने किया।

# होलाष्टक समाप्त होते ही शुरू होगा मलमास

जनसंदेश न्यूज

**तैयारी**

## सात मार्च से 14 अप्रैल तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**गाजीपुर।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से पूर्णिमा तक होलाष्टक की मान्यता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलाष्टक में मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र की मान्यता के अनुसार इस बार सात मार्च से होलाष्टक की शुरूआत होगी, 13 मार्च को होलिका दहन के साथ इसका समापन होगा। लेकिन 14 मार्च से सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य की मीन संक्रांति को मलमास माना गया है।

मलमास में भी शुभ मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। ऐसे में इस बार लगातार सवा महीना मांगलिक कार्य नहीं होंगे। 15 अप्रैल को मलमास समाप्त होने के बाद एक बार फिर शहनाई की गूंज सुनाई देगी। ज्योतिषाचार्य पं. श्रीनिवास चौबे ने बताया कि 7 मार्च शुक्रवार के दिन मृगशिरा नक्षत्र व वृषभ राशि के चंद्रमा की साक्षी में होलाष्टक का आरंभ होगा, जो 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा तक रहेगा। होलिका दहन के बाद 14 मार्च को होलाष्टक का समापन हो जाएगा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू होना थे, लेकिन इस बार 14 मार्च को होलाष्टक समाप्त होने के साथ ही सूर्य का मीन राशि में प्रवेश हो रहा है। सूर्य का मीन राशि में परिभ्रमण मीन मास अथवा मल मास कहा जाता है।

मलमास में मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। इसलिए 14 मार्च से 14 अप्रैल तक मांगलिक कार्य नहीं होंगे। 15 अप्रैल को मलमास समाप्त होने के साथ विवाह, यज्ञोपवीत, गृह प्रवेश, गृह आरंभ आदि मांगलिक कार्य हो सकेंगे।

**अष्टक की आठ रात्रि साधना के लिए विशेष**

धर्म शास्त्र की मान्यता के अनुसार तंत्र, मंत्र व यंत्र की सिद्धि के लिए रात्रि साधना का विशेष महत्व है। शास्त्र में सिद्ध रात्रि, कालरात्रि, मोह रात्रि आदि रात्रियों को विशेष बताया गया हैं। होली से पहले होलाष्टक भी यह आठ रात्रियां भी साधना की सिद्धि के लिए विशेष मानी गई है। इन रात्रियों में साधक यंत्र-मंत्र तंत्र की सिद्धि के लिए विशिष्ट साधना करते हैं। होली की रात्रि आठ दिवसीय साधना का महत्वपूर्ण दिन है। इस रात साधना का क्रम पूर्ण होता है। होलिका दहन के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा के दिन होलाष्टक का समापन हो जाता है।

# जयगुरुदेव संगत ने निकाली जन जागरण यात्रा

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नगर क्षेत्र में शाकाहार-सदाचार एवं मद्य पान निषेध जनजागरण यात्रा जयगुरूदेव संगत के तत्वावधान में रविवार को जिलाध्यक्ष इंद्रदेव यादव के निर्देशन में निकाला गया। जय जन जागरण यात्रा सरजू पाण्डेय पार्क कचहरी से होकर प्रारंभ होकर सिंचाई विभाग, बड़ीबाग, स्टेशन रोड, रोडवेज, टैक्सी स्टैंड, विशेश्वरगंज, मिश्रबाजार, महुआबाग, कचहरी रोड से होते हुए वापस सरजू पाण्डेय पार्क में समाप्त हो गई।

जिलाध्यक्ष इंद्रदेव यादव ने कहा कि संत महात्मा त्रिकाल बोध में आकर समस्त मानव कल्याण का संदेश देते है। जो समय से उनके बताएं संदेशों को अमल कर चल पड़ते है। उनका लोक परलोक दोनों ही संवर जाता है तथा मानव तन का असली लक्ष्य पूर्व हो जाता है। कार्यक्रम में पवन सिंह, विनोद, रामायन, मुन्नी लाल, सुनील, धर्मेंद्र उमा आदि रहे।